रांची
शनिवार
26.11.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 03
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-290 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
नीयत कितनी भी अच्छी हो, दुनिया आपको आपके दिखावे से जानती है और दिखावा कितना भी अच्छा हो ऊपरवाला आपको नीयत से जानता है।

## न्यूज गैलरी

### गुरुनानक देव जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता के लिए रहा समर्पित : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से शुक्रवार को झारखंड सिख संगत के प्रदेश संयोजक तथा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष व सदस्य, यात्री सेवा समिति, रेलवे बोर्ड गुरविंदर सिंह सेठी ने राजभवन में श्री गुरुनानक देव जी की जीवनी पर अपने द्वारा लिखित पुस्तक 'गुरुनानक जीवन और संदेश' भेंट की। राज्यपाल ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक के लेखक गुरविंदर सिंह सेठी को बधाई देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह, पूर्व सचिव हरजीत सिंह के साथ सर्वजीत सिंह डुवा,अशिमत सिंह सेठी एवं सतीश कुमार भी उपस्थित थे।

### कृषि मंत्री बादल आज करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची।** कृषि मंत्री बादल शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। आयोजित बैठक में झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, झारखंड फसल राहत योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, समेकित बिरसा ग्राम विकास -सह-कृषक पाठशाला योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, एवं एग्री स्मार्ट ग्राम योजना की विस्तृत समीक्षा करेंगे। इसके बाद अपराह्न 1.30 बजे वे अपने कक्ष में मीडिया को संबोधित करेंगे।

### पलामू एसीबी की टीम ने मुखिया को घूस लेते रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी प्रखंड के कोलझींकि पंचायत के मुखिया अजय गुप्ता को पलामू एसीबी की टीम ने 15 हजार रुपये घुस लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा है। गिरफ्तारी रमना सर्वेश्वरी चौक के समीप एक चाय दुकान से हुई है। लाभुक से मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता 15 हजार रुपये रिश्वत ले रहे थे। जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित एक व्यक्ति से मुखिया घुस की मांग कर रहा था। जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने इसकी सूचना एसीबी को दी। एसीबी ने उक्त मामले की पहले गहनता से छानबीन की। इसके बाद मामला सही पाये जाने के बाद एसीबी ने एक टीम का गठन कर उक्त कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मुखिया गढ़वा से लौटने के दौरान उक्त व्यक्ति से 15 हजार रुपये घुस के रूप में मांगते हुए रमना बुलाया था। रमना सर्वेश्वरी चौक के समीप एक चाय दुकान पर व्यक्ति से 15 हजार रुपये लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम उसे लेकर पलामू चली गयी। गिरफ्तारी के बाद घूसखोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

# मनरेगा में सरकारी राशि का दुरूपयोग, एसीबी करेगी जांच

**सीएम ने दी स्वीकृति** ○ चार अभियंताओं व मुखिया समेत 10 पर राशि गबन करने का है आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जांच संख्या-01/2017 दिनांक 25.01.2017 (हजारीबाग प्रमंडल) में मनरेगा योजनान्तर्गत कूप निर्माण में सरकारी राशि का दुरूपयोग करने संबंधी 10 आरोपियों के विरूद्ध एसीबी को प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करने की अनुमति के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है।

**नल कूप का निर्माण किये बिना राशि निकासी का आरोप :** जांचकर्ता द्वारा जांचोपरांत उल्लेख किया गया है कि चतरा निवासी बसंत सिंह एवं नरेश सिंह के नाम से दो कूप निर्माण की योजना थी, परंतु एक ही कूप निर्माण कर दोनों कूप की राशि निकासी कर सरकारी राशि का गबन किया गया है तथा यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित होता है

कि नरेश सिंह के नाम से कूप निर्माण के नाम पर मुखिया, पंचायत सेवक एवं कनीय अभियंता मिलीभगत कर 58,280 रुपये की सरकारी राशि की निकासी कर गबन कर लिया गया। उक्त योजनाओं की जांच से स्पष्ट है कि स्थल पर बिना कार्य कराये ही 2,65,299 रुपये सरकारी राशि का निकासी कर बंदरबांट कर गबन किया गया है, जिसके लिये प्रेमचंद्र पाण्डेय, लाभुक, विशुन उरांव, रोजगार सेवक, नरेश हजाम, पंचायत सेवक, विवेक कुमार, पंचायत सेवक, संजु देवी, मुखिया, मिथिलेश सिंह उर्फ राकेश सिंह, सामग्री आपूर्तिकर्ता (वर्तमान मुखिया, सीमा पंचायत, चतरा), केदार सिंह, कनीय अभियंता, राजेश कुमार, कनीय अभियंता, संजय सिंह, सहायक अभियंता, तारणी मंडल, कार्यपालक अभियंता, एनआरईपी एवं अन्य के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का साक्ष्य पाया गया।

# निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर हाईकोर्ट में पीआईएल दायर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण दिये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। प्रार्थी राजेश गुप्ता ने हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की है। याचिका में ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद आरक्षण देने की मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने पंचायत चुनाव के दौरान सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ट्रिपल टेस्ट कराने की बात कही थी, लेकिन

राज्य में अब तक ट्रिपल टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रांची नगर निगम के मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के व्यक्ति के लिए किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जा चुकी है। लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर कर कहा है कि पांचवीं सूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए ही आरक्षित करने का प्रावधान है, लेकिन चुनाव आयोग ने नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार एससी के लिए मेयर का पद आरक्षित कर दिया है। याचिका में कहा गया है झारखंड में पांचवीं अनुसूची लागू है।

# भारत के इतिहास को दबाया गया : पीएम

**प्रधानमंत्री मोदी बोले** – पहले जानबूझकर विदेशी एजेंडा बढ़ाने का काम हुआ, गलतियां सुधार रहे हम

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के इतिहास को दबाया गया। पहले जानबूझकर विदेशी एजेंडा बढ़ाने का काम किया गया। भारत का इतिहास, सिर्फ गुलामी का इतिहास नहीं है। यह योद्धाओं का इतिहास है। अत्याचारियों के विरुद्ध अभूतपूर्व शौर्य और पराक्रम दिखाने का इतिहास है। हम इन गलतियों को सुधार रहे हैं। पीएम ने कहा कि दुर्भाग्य से हमें आजादी के बाद भी वही इतिहास पढ़ाया जाता रहा, जो गुलामी के कालखंड में साजिशन रचा गया था। आजादी के बाद जरूरत थी हमें गुलाम बनानेवाले विदेशियों के एजेंडों को बदला जाये, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। देश के हर कोने में मां भारती के वीर बेटे-बेटियों ने कैसे आतताइयों का मुकाबला किया, अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसे जानबूझकर दबा दिया गया। मोदी शुक्रवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में असम के वीर सपूत लचित बरफुकान की 400वीं जयंती कार्यक्रम के समापन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने सेनापति लचित के योगदान को याद किया और देश के इतिहास को लेकर अपनी बातें रखीं। पीएम ने कहा कि मैं असम की धरती को प्रणाम करता हूं, जिसने लचित जैसे वीर दिये। वीर लचित ने अपने जीवन में खूब साहस और वीरता दिखायी है। असम की धरती इसकी गवाह रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई तलवार के जोर से हमें झुकाना चाहता है, हमारी पहचान को बदलना चाहता है तो हमें उसका जवाब भी देना आता है।

### गुजरात में पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में सेंध, एनएसजी ने ढेर किया ड्रोन

**गांधीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात विधानसभा चुनाव में व्यस्त नजर आ रहे हैं। देश के पश्चिमी राज्य में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में उनका प्रचार जोरों पर हैं। इसी बीच खबरें हैं कि गुजरात में उनकी सुरक्षा में शायद सेंध लगी थी। हालांकि, आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री कार्यालय या पुलिस की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है। कहा जा रहा है कि एक ड्रोन को कथित तौर पर गिराया गया है। गुजरात पुलिस के सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में पीएम की सुरक्षा में शायद सेंध लगी थी। रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल सिक्योरिटी गार्ड यानी एनएसजी ने कथित तौर पर एक ड्रोन को मार गिराया था। यह ड्रोन बावला के पास नजर आया था, जहां पीएम की रैली होनी थी। सूत्रों ने कहा कि अलग-अलग एजेंसियों में मामले की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने जानकारी दी कि ड्रोन में कुछ नहीं मिला, लेकिन पुलिस यह पता लगा रही है कि इसे क्यों उड़ाया गया था। सूत्रों का कहना है कि घटना शाम साढ़े चार बजे हुई है और एक शख्स को हिरासत में भी लिया गया है। पीएम मोदी ने दाहोद, मेहसाणा, वडोदरा, भावनगर समेत कई जगहों पर रैलियां की हैं।

### अमित शाह बोले– फिर लिखा जाये इतिहास

**गृह** मंत्री अमित शाह ने इतिहासकारों से भारत के इतिहास को फिर से लिखने के लिए कहा है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि सरकार उनकी कोशिशों का समर्थन करेगी। शाह ने कहा कि हमारे इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। अब हमें इसे ठीक करने की जरूरत है। इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च ने इतिहास को फिर से लिखने के लिए एक प्रोजेक्ट को लॉन्च किया है। प्रोजेक्ट के तहत भारत का इतिहास फिर से लिखा जायेगा। इसका मकसद है कि पहले जो भी झूठ बताया गया है, उसे खत्म करना है और फैक्ट्स के साथ इतिहास लिखना है। आईसीएचआर की तरफ से ये काम शुरू हो गया है। इसके पहले हिस्से को मार्च 2023 में जारी कर दिया जायेगा। 100 से ज्यादा इतिहासकार इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।

# गर्ल्स हॉस्टल में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट

**छात्रा झुलसी, कुछ छात्राओं के कागजात जले**

**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** शहर के करहलबिल मोहल्ला स्थित एसपी कॉलेज आदिवासी कल्याण हॉस्टल संख्या-1 में एलपीजी सिलेंडर फटने से आग लग गयी। इस घटना में छात्रावास में रहनेवाली एक छात्रा आंशिक रूप से झुलस गयी। उसे इलाज के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल किया गया है। हॉस्टल के जिस कमरे में विस्फोट हुआ, उस कमरे में रखे सभी सामान पूरी तरह से जल गये। कमरे में रखे छात्राओं के सभी दस्तावेज भी जल कर राख हो गये। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ महेश्वर महतो और नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। तत्काल फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी बुलाया गया और दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं, जिन छात्राओं के कागजात जल गये, उनका रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर जिला कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार अस्पताल पहुंचे और घायल छात्रा से मुलाकात कर हाल जाना।

### रसोइया नहीं रहने के कारण छात्राएं खुद बनाती हैं खाना

घटना के संबंध में छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल में अक्सर इस तरह की घटनाएं होती है। इसका मुख्य कारण छात्रावास में रसोइया का नहीं रहना है। जिससे छात्रावास में रहनेवाली छात्राएं खुद से गैस सिलेंडर का इंतजाम कर अपने से खाना बनाने को मजबूर हैं।

**मनी लाउंड्रिंग मामला**

# विशाल और सुमन से पूछताछ करेगी ईडी

- ईडी सुमन कुमार से दो दिन जेल में ही करेगी पूछताछ
- विशाल चौधरी से 28 नवम्बर को होगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा घोटाले से प्राप्त अवैध राशि की मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार से ईडी दो दिनों तक पूछताछ करेगी। यह पूछताछ अवैध खनन के जुड़े मामले में हो सकती है। पूछताछ की पूरी प्रक्रिया बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार में होगी। वहीं, ईडी ने 28 नवम्बर को विशाल चौधरी को भी पूछताछ के लिए समन दिया है। 24 नवम्बर को दिल्ली से थाइलैंड जाने के दौरान लुकआउट सर्कुलर जारी होने की वजह से विशाल चौधरी व उसकी पत्नी श्वेता सिंह चौधरी को एयरपोर्ट पर रोक दिया गया था। इसके बाद उन्हें ईडी का समन अधिकारियों ने थमाया था। विशाल के बारे में एजेंसी को जानकारी मिली है कि कुछ आईएएस अधिकारियों के साथ पैसों के लेन-देन था। आईएएस अधिकारियों के पैसों के निवेश व अवैध खनन के पैसों की मनी लाउंड्रिंग पर विशाल से पूछताछ होगी। इससे पूर्व मामले के अनुसंधान पदाधिकारी ने ईडी कोर्ट में दो दिनों की पूछताछ के लिए आवेदन दिया। आंशिक सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी को पूछताछ की इजाजत दी।

### मनी लाउंड्रिंग में पूजा सिंघल का साथ देने का आरोप

**सुमन** कुमार पर मनरेगा घोटाले की राशि से मनी लाउंड्रिंग करने में पूजा सिंघल का साथ देने का आरोप है। अब अवैध खनन मामले में भी साथ देने की बात सामने आ रही है। उनके आवास पर ईडी की छापेमारी में 17 करोड़ 49 लाख 87 हजार 200 रुपये और उसके कार्यालय परिसर से 29.70 लाख रुपये बरामद किये गये थे।

### मुख्यमंत्री से ईडी दिसम्बर के पहले सप्ताह में दुबारा कर सकती है पूछताछ

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन व परिवहन से जुड़े केस में ईडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दिसम्बर के पहले हफ्ते में कभी भी समन कर सकती है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, सात दिसम्बर को दूसरी बार मुख्यमंत्री से पूछताछ संभावित है। इससे पहले 17 नवम्बर को ईडी ने तकरीबन साढ़े नौ घंटे तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ की थी। ईडी ने पूछताछ के बाद संपत्ति समेत कई विषयों पर मुख्यमंत्री से विस्तृत जानकारी मांगी थी। कई सवालों पर मुख्यमंत्री ने जानकारी जुटाकर देने की बात कही थी। ऐसे में ईडी ने दुबारा उनसे पूछताछ का फैसला लिया है। वहीं, दूसरी बार की पूछताछ के पहले ईडी राज्य में कुछ बड़ी कार्रवाईयां भी कर सकती है।

# 15 वर्ष पुरानी हो चुकी वाहनें नहीं चलेंगी, कबाड़ में बदला जायेगा

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन

- सभी राज्यों से 15 साल से अपनी पुरानी गाड़ियों को हटाने को कहा गया
- इसमें कार सहित बस और ट्रक भी शामिल, प्रदूषण कम करने में मिलेगी मदद

गडकरी ने नागपुर में वार्षिक कृषि प्रदर्शनी 'एग्रो-विजन' के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि सरकार के 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी वाहनों को कबाड़ में बदला जायेगा। इससे संबंधित नीति राज्यों को भेजी गयी है। उन्होंने कहा कि 15 साल से अधिक पुरानी सरकारी गाड़ियां सड़कों पर नहीं चलेगी। सभी राज्यों से 15 साल से अपनी पुरानी गाड़ियों को हटाने को कहा गया है। इसमें कार सहित बस और ट्रक भी शामिल हैं। इससे प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। सरकार पहले ही व्हीकल स्क्रैपेज पॉलिसी की घोषणा कर चुकी है। स्क्रैप पॉलिसी के तहत 2023 से सभी तरह के भारी व्यावसायिक वाहनों को अनिवार्य तौर पर फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा। वहीं, प्राइवेट वाहनों के लिए यह व्यवस्था जून, 2024 से लागू होगी। गडकरी ने कहा कि पानीपत में इंडियन ऑयल के दो प्लांट लगभग शुरू हो गये हैं। जिनमें से एक प्रति दिन एक लाख लीटर इथेनॉल का उत्पादन करेगा, जबकि दूसरा चावल के भूसे का इस्तेमाल करके प्रतिदिन 150 टन बायो-बिटुमेन ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# शहीदों को गुमनामी से बाहर निकाल कर सामने लायें : अन्नपूर्णा देवी

○ केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर आयोजित इस तरह की चित्र प्रदर्शनी से पलामू के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में काफी कुछ जानकारी मिल रही है। प्रदर्शनी में संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका पर भी काफी विस्तृत जानकारी दी गयी है। यह चित्र प्रदर्शनी तभी सफल होगी जब इससे प्रेरणा लेकर यहां मौजूद बच्चे अपने आसपास से जानकारी जुटाकर आजादी के गुमनाम शहीदों को ढूंढ निकलें एवं उन्हें उचित मंच तक पहुंचायें। आजादी के गुमनाम शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी दी जाकती है, जब उन्हें गुमनामी से बाहर लाकर उनके योगदान के बारे में लोगों को बताया जाये। यह एक शानदार आयोजन है, ऐसे आयोजन और भी होने चाहिए। उक्त बातें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने के दौरान शुक्रवार को कही। इससे पहले केंद्रीय मंत्री का क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद मंत्री ने सेल्फी विथ पीएम एवं सेल्फी बूथ में फोटो भी खिंचायी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आजादी के गुमनाम नायकों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए शिक्षा मंत्रालय के द्वारा भी पहल की जा रही है। विभिन्न स्पर्द्धाओं के माध्यम से बच्चों को उनके बारे में जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बारे में बताते हुए मंत्री ने कहा कि इससे शिक्षा की पुरानी व्यवस्था में बदलाव आ रहा है। छात्रों को रुचि के अनुसार से पढ़ाई की सहूलियत हो गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा युवाओं के लिए शुरू की गयी व्यावसायिक शिक्षा से पढ़ाई के साथ-साथ कमाई का भी मौका मिल रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से डालटनगंज के विधायक आलोक कुमार चौरसिया, पांकी के विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता, मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर उपस्थित रहीं।

### चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह आज

**तीन** दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह शनिवार को दोपहर 12 से आयोजित किया जायेगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पलामू जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु डोड्डे होंगे एवं गणमान्य अतिथि के तौर पर वरीय शिक्षाविद् प्रभात सुमन मिश्रा एवं अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

### प्रतियोगिता के विजेताओं का हुआ सम्मान

**प्रदर्शनी** के दूसरे दिन गांधी स्मृति टाउन हॉल में गिरिवर प्लस टू स्कूल के बच्चों बीच भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री के हाथों पुरस्कृत किया गया। मौके पर गिरिवर प्लस टू स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार द्विवेदी, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, तकनीकी सहायक अंजनी कुमार मिश्रा, गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक शाहिद अख्तर, राकेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, अनूप राकेश खलखो, नवीन पांडेय, शशिकांत, नरेश सिंह, जितेंद्र मेहता, रामजन्म पाल, सतीश कुमार, विवेकानंद, सचिन, राजेंद्र प्रसाद, अशोक सिंह, शिवजी प्रसाद, आकांक्षा कुमारी, स्मृति कुमारी, हेमलिन कांत, रख्शॉ रमीजा, प्रीति कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# घर से दूर पेइंग गेस्ट में रहने वाले युवक युवतियों में 24 प्रतिशत अवसाद ग्रस्त

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंस, बेंगलुरु में हुए एक शोध में पता चला है कि पेइंग गेस्ट हाउस में रहनेवाले युवकों व युवतियों में अवसाद व एंग्जाइटी की दर आम लोगों से चार गुना ज्यादा है। यह अध्ययन 45 अलग-अलग पेइंग गेस्ट में रहनेवाले 18 से 29 साल के 315 युवक-युवतियों पर किया गया। इनमें से 10 प्रतिशत ने डिप्रेशन (मेजर डिप्रेसिव एपिसोड) का सामना किया। 14 प्रतिशत में एंग्जाइटी दिखी। वहीं, 2015-16 के नेशनल मेंटल हेल्थ सर्वे के अनुसार, देश में 2.8 प्रतिशत लोग डिप्रेशन और 3.5 प्रतिशत एंग्जाइटी से पीड़ित थे। इस बारे में चिकित्सकों का कहना है कि जब कोई इंसान दो सप्ताह से ज्यादा समय तक अवसाद (डिप्रेशन ) के लक्षण जैसे- दुख का अनुभव, कार्य में रुचि कम होना, आत्महत्या के विचार आना, नींद नहीं आना, बहुत भय लगना का सामना करता है, तो उसको मेजर डिप्रेसिव एपिसोड कहा जाता है। वहीं, जनरलाइज्ड एंग्जाइटी डिसऑर्डर में व्यक्ति लंबे समय तक हर दिन के काम के बारे में चिंतित रहता है, जिससे उसकी जिंदगी प्रभावित होती है। इन दोनों हालात में इंसान को लापरवाही नहीं करके इलाज करानी चाहिए। शोध में अवसाद से पीड़ित 72 प्रतिशत तथा एंग्जाइटी से पीड़ित 59 प्रतिशत युवा किसी चिकित्सक के पास दिखाने या मदद लेने नहीं गये थे। तमाम युवा तो इन परेशानियों के बारे में जानते ही नहीं थे। जो कुछ जानते भी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### मनरेगा पार्क का किया गया उद्घाटन

बुढ़मू। बुढ़मू प्रखंड के ओझासाड़म,चैनगाड़ा एवं हेसलपिरी पंचायत में मनरेगा पार्क का उदघाटन किया गया। इस दौरान ओझासाड़म में पार्क का उदघाटन रांची संजय सेठ एवं बुढ़मू प्रखंड के उप प्रमुख हरदेव साहू व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार साहू के द्वारा संयुक्त रुप से फीता काट कर किया गया। उदघाटन समारोह में अतिथियों ने अपने संबोधन में मनरेगा पार्क से संबंधित कई बातें कहीं। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नम्रता जोशी, कार्यक्रम पदाधिकारी निशिकांत ठाकुर, राजू उरांव , स्थानीय मुखिया, जेई अमित कुमार, दीपक कुमार,पंचायत सचिव ,रोजगार सेवक,महिला समूह के शिव कुमार समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

### चान्हो अंतर्गत ग्राम बालसोकरा में मुस्लिम कब्रिस्तान का शिलान्यास किया गया

चान्हो। चान्हो अंतर्गत ग्राम बालसोकरा में मुस्लिम कब्रिस्तान का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा किया गया।इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर उन्हें उनके समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर मुखिया, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, पंचायत पार्टी अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बाइक से गिरकर व्यक्ति घायल

मांडर। मांडर टोल प्लाजा के समीप दोपहर 2:30 बजे एक बाइक सवार अपनी बाईक से गिरकर घायल हो गया।घायल सूरज महतो 22वार्षिय पिस्का मोड़ रांची निवासी था जिसे घायलावस्था में टोल नाके के कर्मचारी एम्बुलेंस से मांडर रेफरल अस्पताल ईलाज के लिए लाये जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया।

### झारखंड में नगर निकाय चुनाव टला प्रत्याशियों में कहीं खुशी, कहीं गम

रांची। झारखंड में फिलहाल नगर निकाय चुनाव टल गया है. वहीं अब चुनाव को लेकर नई तारीखों के ऐलान पर फिलहाल सबकी नजर है. इस बीच भावी प्रत्याशियों में जहां मायूसी छा गई है, वहीं वर्तमान में अपने पद पर पार्षदों को थोड़ा और मौका मिल गया है. जिससे साफ है कि चुनाव के टलने से कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल है. बताते चलें कि नगर निकाय चुनाव को लेकर चुनाव आयोग रेस हो गया था. इसके बाद से ही प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्डों में दावेदारी पेश करना शुरू कर दिया था. वहीं पोस्टर और सोशल मीडिया पर वार में जुट गए थे. निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश करना शुरू कर दिया था. सभी अपने-अपने तरीके से लोगों को अपने पक्ष में समर्थन मांग रहे थे. कई लोगों ने तो वार्ड में अपनी चौपाल लगाना शुरू कर दिया था. जिसमें वे लोगों की समस्याएं सुन उसे दूर करने का आश्वासन भी दे रहे थे. इस बीच पहले से जीते प्रत्याशियों की कमियां भी गिना रहे थे. हालांकि पहले से जीते प्रत्याशी भी अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे. पिछले दिनों ट्राइबल एडवाइजरी कमिटी की बैठक हुई. जिसमें चर्चा की गई कि निकाय चुनाव में नगर निकायों में अध्यक्ष या मेयर पर का पद एससी के लिए रिजर्व कर दिया गया है. जिससे कि सभी जिलों में एसटी का प्रतिनिधित्व घट जाएगा. साथ ही यह भी कहा गया कि उन्हें उम्मीद है कि निकाय चुनाव से पहले इसमें कुछ फेरबदल हो सकता है. जिससे कि निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद एससी की बजाय एसटी के लिए रिजर्व करने पर फिर से विचार किया जा सकता है. वार्ड 29 से इस बार समाजसेवी निशांत यादव दावेदारी पेश करेंगे. इसके लिए पहले से ही वार्ड में कैंपिंग करना शुरू कर दिया था. खुद से जुटकर निगम की कई योजनाओं का लाभ भी लोगों को दिलाने का काम किया. उनका कहना है कि अब कुछ और समय मिल गया है जिसका इस्तेमाल वह लोगों की बेहतरी के लिए करेंगे. चुनाव में देरी से थोड़ा उत्साह कम है लेकिन हम अपना काम जारी रखेंगे. वार्ड 10 से मीना देवी भी अपनी दावेदारी पेश कर रही है. चुनाव में देरी पर थोड़ी उदास जरूर है. लेकिन उनका हौसला कम नहीं हुआ है. उन्होंने कहा कि फिलहाल चुनाव टल गया है.

# भाजपा की सरकार राज्य में बनी तो झारखंडी होंगे खदान के मालिक और माफिया होंगे बाहर : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की सरकार राज्य में बनी तो झारखंडी खदान के मालिक होंगे और माफिया राज्य के बाहर होंगे। यह बातें भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कही। दुमका में भाजपा द्वारा आयोजित हेमन्त हटाओ, झारखण्ड बचाओ जनाक्रोश सभा को सम्बोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर पुलिस की कमी है तो भाजपा के कार्यकर्ता राज्यों के बॉर्डर पर जाकर बालू को बाहर जाने से रोकेंगे। अपने शासनकाल की याद दिलाते हुए भाजपा नेता ने कहा कि मेरे शासन काल मे यहां के युवाओं को अपने पैरों में खड़े होने के लिए उनके बीच बस तथा क्रेसर मशीन का वितरण करवाया गया था । एक बार फिर से राज्य में यदि भाजपा की सरकार बनी तो माफियाओं के खदान को लेकर यहां के युवाओं को

दे दिया जाएगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब जब हेमन्त सोरेन किसी मामले में फंसते है वे आदिवासी होने की दुहाई देने लगते है और कहते है कि मुझे आदिवासी होने के कारण तंग किया जाता है। हेमन्त सोरेन को बताना चाहिए कि आज तक वे कितने आदिवासियों की मदद की है। कितने आदिवासियों को खदान आवंटित किए है। राज्य के आदिवासियों को बताना चाहिए। वे मदद सिर्फ अपने परिवार और करीबी मित्रों की करते है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब सदन चलती है और हमलोग बालू को लेकर सवाल करते है और बालू घाटों की नीलामी करने को कहते है तो राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सदन को आस्वासन देते है कि बालू घाटों की नीलामी कर दी जाएगी। जबतक सदन चलती है तबतक पुलिस वाले बालू ट्रैक्टर को नही पकड़ते हैं और सदन समाप्त होते ही धर पकड़ शुरू हो जाती है। बाबूलाल मरांडी ने कार्यकताओं से कहा कि आज के बाद यदि पुलिस आपकी बालू की गाड़ी को पकड़ेगी तो बालू खरीदने के लिए थाना पहुँच जाना। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद और आशा के साथ राज्य की जनता हेमन्त सोरेन को सत्ता सौपी थी हेमन्त सोरेन उस आशा और उम्मीद को पूरा नही कर पाए। आज तीन साल से विकास का कोई भी काम राज्य में नही हो रहा है। यहां सिर्फ लूट मची हुई है। उन्होंने कहा कि आज हालात यह हो गयी है कि अगर आप अपना घर ताला बंद करके कहीं जाते हैं तो हेमन्त सोरेन के गुंडे जबरदस्ती आपके घरों में घुस जाएंगे और उसे लूट लेंगे। उसकी शिकायत राज्य में कोई एसपी,डीसी या थाना के अधिकारी नही सुनेंगे।

## मानसिक कल्याण के क्षेत्र में नवाचार के लिए सीआईपी व ट्रिपल आईटी में समझौता

**रांची।** रांची ट्रिपल आईटी में शुक्रवार को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत हुई। 25 से 28 नवंबर तक ग्लोबल मेंटल हेल्थ एंड पब्लिक हेल्थ चैलेंजेज एंड इनोवेशन की थीम पर सम्मेलन हो रहा है। इसमें अमेरिका, डेनमार्क, टर्की, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम व इजराइल से भी प्रतिभागी शनिवार-रविवार को विचार साझा करेंगे। इस दौरान प्रौद्योगिकी और चिकित्सा विज्ञान को एक साथ लाने और मानसिक कल्याण के क्षेत्र में नए नवाचार के लिए ट्रिपल आईटी रांची और सीआईपी रांची के बीच समझौता किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ प्रो बासुदेव दास ने किया। उन्होंने कहा कि आज की गतिशील दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को साझा किया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे ट्रिपल आईटी रांची और सीआईपी के बीच सहयोग से मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए समाधानों के साथ आने में मदद कर सकता है। संस्थान के ट्रिपल आईटी के निदेशक प्रो विष्णु प्रिये ने बताया कि कैसे इन वर्षों में संस्थान ने आकार लिया और कैसे यह क्षेत्र उनके अध्ययन का एक बिल्कुल नया क्षेत्र है। इसमें उद्यम करना न केवल हमें मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा बल्कि अध्ययन का एक नया आयाम भी देगा। इसके अलावा कार्यक्रम में सीआआईपी के डॉ सौरव खानरा, सम्मलेन के संयोजक डॉ जयदीप पति, सह संयोजक डॉ. बम बहादुर सिन्हा और डॉ. शालिनी महतो सहित सम्मलेन के प्रतिभागी, संस्था के शिक्षक, अधिकारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# बैठक में सरकार द्वारा राजनीतिक कारणों से आरक्षित सीटों को टालने के निर्णय का विरोध किया

**नवीन मेल संवाददपाता**

**रांची।** शुक्रवार को नामकुम रोड रांची में अनुसूचित जाति के 22 जाति का महापंचायत आयोजन किया गया। इस महापंचायत की अध्यक्षता आरपी रंजन ने की। महापंचायत में रांची नगर निगम महापौर आरक्षण रोस्टर प्रणाली के तहत आरक्षित अनुसूचित जाति सीट को सरकार द्वारा राजनीतिक कारणों से टालने का निर्णय का विरोध किया गया एवं शीघ्र चुनाव कराने का मांग की गयी, साथ ही राज्य में यथाशीघ्र परिसीमन लागू करने एवं जनसंख्या जनगणना कराने का सरकार से मांग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 26 तारीख शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर अंबेडकर चौक डोरंडा में बाबा साहब को मार्ल्यापण कर राज्य निर्वाचन आयोग को सामूहिक ज्ञापन दिया जाएगा, साथ ही महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर आरक्षण रोस्टर व्यवस्था के अनुरूप यथाशीघ्र चुनाव कराने का मांग करेगा।

महापंचायत में उपस्थित आरपी रंजन, उपेंद्र रजक, कमलेश राम, राम लगन राम, नंदकुमार बैठा, मुकेश नायक, राजेंद्र मिर्धा, डॉक्टर बलू राम ने कहा कि टीएससी के आड़ में सरकार ने नगर निकाय चुनाव टालने का प्रयास किया है जिसे महापंचायत घोर निंदा करते हुए यथाशीघ्र चुनाव कराने का मांग करती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने रोस्टर प्रणाली के अंतर्गत रांची नगर निगम महापौर की सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सुरक्षित किया था जो स्वागत योग है। चुनाव आयोग अपनी संवैधानिक दायित्व का निर्वाह करते हुए यथाशीघ्र नोटिफिकेशन जारी करें ताकि समय पर चुनाव हो एवं चुनाव आयोग के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि राज्य के वर्तमान सरकार ने पिछड़ी जातियों की तरह दलितों का भी संविधानिक व्यवस्था के तहत मिली आरक्षण से वंचित रखने का प्रयास कर रही है जो कभी सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के रवैया से दलित समाज चिंतित एवं सशंकित है। सरकार किसी जाति समुदाय का नहीं होता है, वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत राज्य के सभी लोगों को होते हैं लेकिन यह सरकार राजनीतिक कारणों से अनुसूचित जाति के अधिकारों को खत्म करने का प्रयास किया है। इस प्रयास को लेकर दलित समाज पूरे प्रदेश में रह-रह 5000000 अनुसूचित जाति के लोगों को गोरबंद कर आंदोलन का रूपरेखा तय करेगा प्रोफेसर अरविंद राम धनजी नायक नंदकुमार बैठा राजू नायक ने कहा कि रांची महापौर अनुसूचित जाति के आरक्षित सीट पर छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यह सरकार लगता अनुसूचित जाति के हटने का प्रयास कर रहा है।

# रातू में महान स्वतन्त्रता सेनानी ठेबले उरांव की मनाई गई 159 वीं जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू ।** महान स्वतंत्रता सेनानी व राँची के प्रथम सांसद ठेबले उरांव की 159 वां जयंती पर रातू के गुड्डु पंचायत में मेले का आयोजन किया गया।स्मारक स्थल पर आयोजित मेले में कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा राम महतो पूर्वी डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, शोभा यादव, जितेंद्र सिंह के अलावा सामाजिक व राजनीति पार्टी के लोग शामिल हुये। ठेबले उरांव स्मारक समिति की ओर से आये हुए अतिथियों का ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। इससे पूर्वी पहान लक्ष्मण उरांव के द्वारा पूजा अर्चना व ठेबले उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रशसन की ओर से रेखांकित जगह पर मेले की शुरूआत की गई। । मेले में गांव के खोड़हे धारी भी शामिल हुये। इस दौरान पारम्परिक भेष भूषा के साथ नृत्य संगीत का भी आयोजन किया गया।

कौन थे ठेबले उरांव : रातू के गुड्डू

में 25 नवंबर, 1863 को जन्मे ठेबले उरांव रांची के प्रथम सासंद थे।उन्होंने शोषित, पीड़ित, किसान आदिवासियों के जीवन स्तर को उठाने का जो संकल्प लिया, उसे जीवनभर निभाते रहे। इसके लिए उन्होंने 1915 में उन्नति समाज की स्थापना की। 1930 में छोटानागपुर किसान सभा की स्थापना की। इनके माध्यम से आदिवासी समाज को जागरूक करने का भी काम किया। बहुत कम साक्षर होने के बावजूद झारखंड के ठेबले उरांव ने शिक्षा की अलख जगाई। झारखंड में गोरक्षा आंदोलन चलाया। महात्मा गांधी के संपर्क में आए, आदिवासी किसान संगठन बनाकर उन्हें जागरूक करने का काम किया था। कार्यक्रम की सफलता में मुखिया अनिल तिर्की, ठेबले उरांव के वंशज शिवशंकर नीलकंठ , विजय उरांव । हुना उरांव सोहराइ उराँव, सुखदेव उरांव चन्द्र उरांव , जीतराम उरोव बसन्ती तिर्की , रतिलाल उरांव रुपु उरांव। मुन्ना उरावे के अलावा ग्रामीण मौजूद थे।

## बाघमारा सीआइएसएफ फायरिंग की उच्चस्तरीय जांच हो : ऐक्टू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** धनबाद के बाघमारा में सीआइएसएफ द्वारा की गई फायरिंग के खिलाफ ऐक्टू रांची ने आज प्रतीवाद मार्च निकाल कर अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया। ऐक्टू से जुड़े मजदूर फायरिंग की उच्च स्तरीय जांच करने, गोलीकांड के

दोषी सीआइएसएफ कर्मियों को गिरफतार करने, मृतक के परिजनों को 25 लाख मुवावजा भूगतान करने, माफिया राजनेता पुलिस गठजोड़ मुदार्बाद, के नारों लगाकर प्रतिवाद प्रदर्शन किया। ऐक्टू के प्रदेश महासचिव शुभेंदु सेन ने कहा कि धनबाद कोयला के काले कारोबार के लिए विख्यात रहा है। गेंगवार इसी के नियति है। हमेसा जांच और कार्रवाई के नाम पर खानापूरी हुई है। ऐक्टू मजदूरों की मौत को फिर से गुमनाम नहीं होने देगी। मजदूरों के मौत के दोषियों को सजा होने तक आंदोलन जारी रहेगा। एक्टू सचिव भूवनेश्वर केवट ने कहा कि विकास के नाम पर जमीन से बेदखल कर कोयलाचोर की संज्ञा मुझे मंजूर नहीं है। सभी स्थानीय युवा आउट सोर्सिंग कंपनियों की जुल्म के शिकार हैं। अगर स्थानीय मजदूरों को काम की गारंटी हुईं होती तो यह दुर्गति नही होती। निर्माण मजदुर यूनियन के नेता भीम साहू ने कहा की बीसीसीएल और सीआईएसएफ केंद्रीय की एजेंसियां है। कोयलाचोरी के नाम पर मजदूरों का संहार नहीं सहेंगे। प्रतिवाद कार्यक्रम में नसीम खान, एनामुल खान, काली मिंज उपेन्दर दास, सदानन्द सिंह, शनिचरवा मुन्डा, राजू महतो, अर्जुन पण्डित, अशोक चौधरी, भीष्म महतो , खालिक अंसारी मो इमितयाज आदि मुख्य रूप से शमिल थे।

## किसान को 40 प्रतिशत अनुदान पर मिला ट्रैक्टर

सोनाहातू । प्रखंड मुख्यालय में कल्याण विभाग से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत शुक्रवार को 40 प्रतिशत अनुदान पर एक किसान को ट्रैक्टर दिया गया। किसान शंकर पातर मुंडा सोमाडीह टोला बनडीह का निवासी है। मौके पर बीडीओ सुचित्रा मिंज, सीईओ प्यारेलाल, विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो, सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोईरी, उपप्रमुख सविता देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि तरणी सिंह मुंडा, तेलवाडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फणिभूषण सिंह मुंडा, श्याम महतो, रमेश मुंडा, बीरेन्द्रनाथ सिंह मुंडा, सुषेण प्रमाणिक और दलेलचंद्र महतो आदि मौजूद थे।

## नार्मल हाइट सब-वे निर्माण, दो ट्रेनें कैंसिल, दो का रूट बदला

**रांची।** आद्रा मंडल के आद्रा-मेदिनीपुर रेलखंड पर मानव सहित समपार फाटक के स्थान पर नॉर्मल हाईट सबवे के निर्माण को लेकर ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लिया जाएगा. यह देखते हुए रेलवे ने दो ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है. वहीं दो ट्रेनों का रूट बदला गया है. ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ 29/11/2022 को खड़गपुर से कैंसिल रहेगी. जबकि ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस यात्रा प्रारम्भ 29/11/2022 को हटिया से कैंसिल रहेगी. ट्रेन संख्या 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 29/11/2022 को अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला, बोकारो स्टील सिटी, चन्द्रपुरा, महुदा, आद्रा, खड़गपुर के स्थान पर कोटशिला, पुरुलिया, चांडिल, टाटानगर, खड़गपुर होकर चलेगी. वहीं ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 29/11/2022 को अपने निर्धारित मार्ग खड़गपुर, आद्रा, महुदा, चन्द्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, कोटशिला के स्थान पर खड़गपुर, टाटानगर, चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला होकर चलेगी.


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,राँची**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति एवं खेलकूद शाखा)**
दूरभाष संख्या-9110130529 Email - dsoranchigov@gmail.com

**-:अति अल्प कालीन निविदा सूचना:-**

पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड, राँची (खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय प्रभाग) द्वारा पूर्व की भाँति वित्तीय वर्ष 2022-23 में भी राँची जिला में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2022-23 के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को खेलकिट यथा-जर्सी-शॉर्ट्स, फुटबॉल बूट, मोज, सीनगार्ड एवं गोलकिपर ग्लव्स उपलब्ध कराया जाना है। तदनुरूप उक्त खेलकिट का क्रय Gem Portal के माध्यम से करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई। उपरोक्त सामग्रियों का GeM Portal से क्रय करने हेतु ऑनलाईन तकनीकी निविदा की शर्तें एवं विस्तृत विवरणी **GeM Portal** एवं nic ranchi के वेबसाईट **http://www.ranchi.nic.in** पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

PR 283382 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (22-23).D

उपायुक्त, राँची के आदेशानुसार,
जिला खेल पदाधिकारी,राँची


## राज्य परियोजना निदेशक व डिप्टी डायरेक्टर द्वारा हर्ष जोहार पाठ्यक्रम का विमोचन किया गया

# जेईपीसी योजना से 27000 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जॉइंट सेक्रेटरी अभिजीत सिन्हा (स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग), किरण कुमारी पासी, राज्य परियोजना निदेशक (झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्), डा. अभिनव कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्) तथा प्रदीप चौबे, डिप्टी डायरेक्टर (झारखंड शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद) के द्वारा शुक्रवार को हर्ष जोहार पाठ्यक्रम का विमोचन हुआ। पाठ्यक्रम के विमोचन के दौरान डा. अभिनव कुमार (राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी) ने बताया कि इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षण पर बल देना है। सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षण कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले शिक्षार्थियों को प्रतिकूलताओं से उबरने और उनके जीवन कौशल को विकसित करके जीवन की तेजी से बदलती गति के लिए तैयार करने में मदद करेगा। सामाजिक एवं भावनात्मक अधिगम के माध्यम से हम एक ऐसी दुनिया की कल्पना करते हैं, जहां प्रत्येक बच्चे और युवा विशेष रूप से अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक दक्षताओं को विकसित कर सकें। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् (जेईपीसी) निदेर्शानुसार प्रोजेक्ट संपूर्णा टीम द्वारा झारखण्ड राज्य के 180 शिक्षकों एवं विभिन्न जिला व ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों की समय - समय पर क्षमता संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विगत 2 वर्षों से किया जा रहा हैं। इसी के साथ-साथ संपूर्णा टीम कक्षाओं में इसके क्रियान्वन के लिए शिक्षकों का सहयोग कर रही हैं। जिससे झारखण्ड के 27000 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। झारखंड में हर्ष जोहार पाठ्यक्रम के रूप में संपूर्ण बाल विकास के लिए यह पहली पहल होगी। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या का उद्देश्य- शिक्षार्थियों में रचनात्मकता और भावनात्मक तर्क विकसित करना है। इस शैक्षणिक वर्ष से राज्य के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के शिक्षकों के प्रशिक्षण की एक श्रृंखला शुरू की जाएगी जो हर्ष जोहार पाठ्यक्रम पर आधारित होगी।

### बच्चे प्रतिभाओं के धनी है, पर कभी-कभी अन्य कारणों से अपना शत- प्रतिशत नहीं दे पाते हैं

हम देखते हैं कि हमारे बच्चे प्रतिभाओं के धनी है, लेकिन कभी-कभी आत्मविश्वास या अन्य कारणों की वजह से अपना शत प्रतिशत नहीं दे पाते हैं। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या एक शुरूआत है, जो हर बच्चे को ये हौसला देगा कि वो अपने आप में सक्षम है, किसी अन्य के साथ आपकी तुलना नही है। आप स्वयं बहुत बेहतर हैं और अपने से सब कुछ कर सकते हैं। हर्ष जोहार पाठ्यचर्या के माध्यम से बच्चों के साथ सही संवाद की एक प्रक्रिया स्थापित होगी कि शिक्षक और अभिभावक बच्चों के साथ कैसे बात करें जिससे कि बच्चे हमेशा आत्मविश्वास से लबरेज रहें। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए हर्ष जोहार एक अहम शुरूआत होगी ।

**किरण कुमारी पासी, राज्य परियोजना निदेशक**


**Jharkhand Education Project Council**
JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506
e-mail: jepcranchi1@gmail.com

Ref. No.: JEPC/ QU/40/153/2021/3043 Date: 24/11/2022

**E-Tender Notice**

JEPC, Ranchi invites E-Bids for Educational Learning Materials Kit For Primary Sections under FLN. Bidders can download bid documents from website *https://jharkhandtenders.gov.in* from 28.11.2022 (11.00 AM), onwards. Last date/Time for receipt of bids through e-tender is 20.12.2022 up to 05:00 PM. The pre-bid meeting will be held on 06.12.2022 at 04.30 PM.

(Sd/-)
(Kiran Kumari Pasi)
State Project Director

PR 283482 Human Resource Developement (22-23)_D

## न्यूज गैलरी

### नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रांची।** रांची मेन रोड में नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के द्वारा शुक्रवार की सुबह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दर्जनों दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया गया। इसके अलावा कई वाहनों को भी जब्त किया गया जो सड़क के किनारे खड़े थे। निगम का कहना है कि मेन रोड में फुटपाथ दुकानदारों का कब्जा हो गया था। इस वजह से यातायात प्रभावित हो रहा था। प्रतिदिन जाम की स्थिति हो रही थी। कांटाटोली में फ्लाईओवर का निर्माण होने से मेन रोड में वाहनों को लोड़ बढ़ गया है। इस वजह से निगम और ट्रैफिक पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### डिजिटल इंडिया को ध्यान में रखते हुए एक्सपो को बनाया गया वाईफाई जोन

**रांची।** जेसीआई यानि जूनियर चैंबर इंटरनेशनल की ओर से एक्सपो मेला का आयोजन किया गया है। चार दिवसीय आयोजन का आज दूसरा दिन है। जेसीआइ के अध्यक्ष सौरव साह ने बताया कि दो साल बाद एक्सपो का आयोजन किया गया है। कोविड महामारी के कारण दो साल एक्सपो का आयोजन नहीं किया गया। इस बार एक्सपो में खरीदारी और फूड काउंटर के साथ ही गेम से लेकर नये स्टार्टअप्स के लिये बहुत कुछ है। साह ने बताया कि चार दिवसीय आयोजन में डिजीटल इंडिया को भरपूर प्रोत्साहन दिया गया है। प्रवेश करने के बाद क्यूआर कोड स्कैन करते ही सभी स्टॉल की जानकारी मिल जा रही है। डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए एक्सपो को वाइ-फाइ जोन बनाया गया है। वहीं नये उस्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट अप जोन बनाया गया है। महिला उद्यमियों के लिए पिंक हैंगर, रियल इस्टेट का अपना घर हैंगर, ब्रिस्टो कैफे, फनगोला, फूड कोर्ट, फर्नीचर जोन, ऑटो जोन सहित प्रीमियम हैंगर है। इस बार एक्सपो में आठ हैंगर बनाये गये है। जिसमें 325 स्टॉल लगाये गये है। सभी स्टॉल में देश विदेश के लोग सामान बेच रहे है। अफगानिस्तान के ड्राइ फ्रूट्स और थाइलैंड के स्टॉल लोगों को लूभा रहे है। पूरी से आये सैंड आर्टिस्ट लोगों को आकर्षित कर रहे है। जेसीआई की ओर से आयोजित एक्सपो में प्रतीक जैन, अरविंद राजगढ़िया, अभिषेक केडिया, गौरव अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, सन्नी केडिया समेत अन्य की सक्रिय भागीदारी है।

### आरयू में मस्तिष्क पर भाषा के प्रभाव पर व्याख्यान

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के यूजीसी-मानव संसाधन विकास केंद्र की ओर से आयोजित न्यूरो लिंग्विस्टिक रिफ्रेशर कोर्स में शुक्रवार को तीन व्याख्यान हुए। पहला व्याख्यान प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ एचपी नारायण का था। उन्होंने चिकित्सीय दृष्टि पर बात की। उन्होंने मस्तिष्क पर पड़ने वाले विभिन्न प्रभाव पर चर्चा की। कहा कि किसी भी भाषा की जब आवृत्ति होती है, तब वह मस्तिष्क को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि मस्तिष्क का बायां भाग काफी संवेदनशील होता है, क्योंकि हम उसी भाग से भाषा सीखते हैं। हमारा मस्तिष्क उस बैंक की तरह है, जहां जैसे जैसे हम इसका प्रयोग करते हैं वैसे वैसे मस्तिष्क में भी खालीपन आता है। मनुष्य की अवस्था 20 वर्ष होने के बाद मस्तिष्क धीरे-धीरे कमजोर होता है। हमें भूलने से बचने के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं का सहारा लेना पड़ता है। दूसरा व्याख्यान रांची वीमेंस कालेज की प्राध्यापिका डॉ प्रज्ञा गुप्ता का था। उन्होंने कविता की भाषा पर व्याख्यान दिया।

### नये बीईईओ ने पदभार ग्रहण किया

**रांची।** प्रखंड के नए बीईईओ विमलकांत झा ने शुक्रवार को बीआरसी भवन में अपना पदभार ग्रहण किया। पूर्व की पदस्थापित बीईईओ सरोजिनी सोय अक्तूबर माह में सेवानिवृत्त हो गई थीं उसके बाद से पद रिक्त था। पदभार ग्रहण करने के दौरान अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सोनाहातू के अध्यक्ष इंद्रजीत बैठा, जिला प्रतिनिधि पंकज कुमार, शिक्षक सुखू टोप्पो, बीपीओ रेणुका कुमारी, साधनसेवी झरिया महतो, विषय विशेषज्ञ गोपाल ठाकुर और समावेशी शिक्षक दीनानाथ महतो सहित सभी बीआरसी कर्मियों ने स्वागत किया।

# डोरंडा कुसई कॉलोनी स्थित खेत से युवती का शव बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के डोरंडा कुसई कॉलोनी स्थित खेत से शुक्रवार को एक युवती का क्षत विक्षत शव बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि युवती का शव कुसई कॉलोनी के पीछे जलकुंभी से भरे नाले से बरामद किया गया है। युवती के शरीर पर कोई कपड़े नहीं था। शुक्रवार की सुबह जब उस इलाके से स्थानीय लोग गुजर रहे तो शव देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहायता से शव को जलकुंभी से बाहर निकाला गया। पुलिस को आशंका है कि युवती के साथ दुष्कर्म करने के बाद अपराधियों ने उसकी हत्या कर दी होगी। इसके बाद साक्ष्य मिटाने के लिए उसका शव नाले में फेक दिया होगा। पुलिस ने शव को अपने में लिया और पोस्टमार्ट के लिए रिम्स भेज दिया है। डोरंडा थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी है। मामले की जांच की जा रही है। युवती का नाम व पता की जानकारी हासिल की जा रही है।

**जांच करने के लिए पहुंची एफएसएल की टीम :** नाले से युवती का शव मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग कुसई कॉलोनी में जमा हो गए हैं। वहीं मामले की तफ्तीश के लिए मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया है।हालांकि अभी तक युवती को लेकर पुलिस के पास कोई सुराग नहीं है। जिसके आधार पर पुलिस केस को आगे बढ़ा सके।

## बुजुर्ग महिला से सोने की चेन छीन फरार हुए अपराधी

रांची। राजधानी में अपराधी लगातार अपना दुस्साहस दिखा रहे हैं। ताजा मामला पुराना विधानसभा के बाहर का है। यहां एक बुजुर्ग महिला दुकानदार से दिनदहाड़े सोने की चेन स्नैचिंग कर ली गई। घटना शुक्रवार की है। जानकारी के अनुसार पुराना विधानसभा के बाहर किराना दुकान चलाने वाली बुजुर्ग महिला अन्ना देवी अपने दुकान में बैठी थी। उसी दौरान एक युवक दुकान में आया और महिला से टॉफी मांगी। महिला ने उसे टॉफी दिया। जिसके एवज में युवक ने महिला को पचास रुपये दिए। जैसे ही महिला चेंज पैसे लौटने के लिए मुड़ी उसी समय अचानक उस युवक ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। इसके बाद आरोपी मौके से भागा। दुकान से कुछ दूर पर सड़क पर एक युवक बाइक स्टार्ट किए पहले से ही खड़ा था। उसी बाइक में बैठ स्नैचर फरार हो गया। घटनी की जानकारी मिलने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

शोर मचाने पर पीसीआर पहुचा

चेन छिनतई की घटना के बाद बुजूर्ग महिला ने शोर मचाया। महिला की आवाज सुनकर आसपास में मौजूद पीसीआर पुलिस दुकानदार व आम लोग दौड़े। पीसीआर में तैनात पुलिसकर्मियों ने बाइक सवार अपराधियों का पीछा भी किया। लेकिन अपराधी तेजी से भाग निकले। वायरलेस में आसपास के थानों को भी अपराधियों की जानकारी दी गई। मगर अब तक अपराधी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

**पुलिस की सुरक्षा पर सवाल :** बुजुर्ग महिला से सोने की चेन स्नैचिंग जिस जगह हुई वहां से जगन्नाथपुर थाना मात्र 500 मीटर की दूरी पर है ,वही दस कदम की दूरी पर पुरानी विधानसभा के साथ साथ बैंक और कई दूसरे प्रतिष्ठान भी है। इसके बावजूद अपराधियो ने दुस्साहस दिखाया और बुजुर्ग महिला से दिनदहाड़े दिन के उजाले में ही स्नैचिंग कर डाली।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस :** बुजूर्ग महिला से सोने का चेन छिनतई होने के बाद जगन्नाथपुर थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों का फुटेज निकाल रही है। पुलिस यह भी पता कर रही है कि अपराधी किस ओर भागे हैं। अपराधियों का पहचान करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

### अपनी मांग को लेकर एचईसी अधिकारियों ने पकौड़े तल कर जताया विरोध

रांची। अधिकारियों ने मुख्यालय के समक्ष पकौड़े तल कर अपना विरोध जताया। अधिकारी 12 माह से वेतन नहीं मिलने और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। 21 दिनों से उनका आंदोलन जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक सीएमडी से उनकी वार्ता नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उनलोगों का कहना है कि जब हमारी सुनवाई नहीं होती है तब तक हमलोग आन्दोलन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि एचईसी जैसे प्रतिष्ठान के इंजीनियर पकौड़े तल रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार इंजीनियरों को आगे बढ़ाने और इस मातृ उद्योग को बचाने के लिए प्रयास नहीं कर रही है। इससे मेक इन इंडिया का सपना साकार नहीं होगा। अफसरों का कहना है कि केंद्र सरकार जब तक सीएमडी को वार्ता के लिए नहीं भेजेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ता दिल्ली के लिए हुए रवाना : सुचिता सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह के अध्यक्षता में झारखंड प्रदेश से लगभग पांच हजार (5000) फाउंडेशन के कार्यकर्ता दिल्ली के लिए सड़क मार्ग बस एवं रेल मार्ग से रवाना हुए। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, नवीन जयसवाल ने ऑनलाइन एवं समाजसेवी शैलेश्वर दयाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह, छात्र क्लब ग्रुप के प्रदेश संरक्षक युवराज पासवान, महिला विंग की प्रदेश संयोजक नीतू सिंह, समाजसेवी शेरु सिंह, प्रसिद्ध समाजसेवी वार्ड नंबर 32 इंदुभुषण गुप्ता, सुरज भान सिंह आदि ने हरा झंडी दिखाकर फाऊंडेशन के कार्यकर्ताओं को रांची शिव मंदिर परिसर पिस्कामोड़ से विदा किया। प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह ने कहा जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर देश भर से लगभग लाखों की संख्या में सनातनी जंतर मंतर दिल्ली में फाउंडेशन द्वारा आयोजित महारैली में भाग लेंगे। अगर हमारे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बना तो इसके गंभीर परिणाम हम सभी को भुगतने होंगे। गृह युद्ध के हालात पैदा हो जाएंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने कहा दिल्ली जंतर मंतर में आयोजित महारैली की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह द्वारा की जा रही है। महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष संपत्ति देवी ने कहां दिल्ली जंतर मंतर महारैली में जाने के लिए महलाओं द्वारा काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा ली जा रही है। मीडिया प्रभारी किशोर शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी।

### सुबह शाम बिजली संकट से लोगों की परेशानी बढ़ी

**रांची।** बढ़ती ठंड के बीच गहराते बिजली संकट से लोगों की परेशानी दोहरी हो गई है। स्कूली छात्रों की मुश्किल भी नहीं थम रही है। अहले सुबह स्कूल जाने के समय बिजली नहीं रहने के कारण पानी गर्म करने में दिक्कत आ रही है। राज्य में सुबह-शाम पांच से आठ बजे के दौरान बिजली की मांग और आपूर्ति में 500 मेगावाट से अधिक का अंतर होने से लोड शेडिंग की मार पड़ रही है। राजधानी रांची में शुक्रवार को भी तीन घंटे, अन्य शहरों में चार और ग्रामीण इलाकों में पांच घंटे से भी अधिक बिजली कटौती रोज की बात हो गई है। राज्य में बिजली की मांग 2400 मेगावाट से बढ़कर 2600 मेगावाट हो गई है। देश के ज्यादातर राज्यों में ठंड के कारण बिजली की मांग बढ़ रही है। ऐसे में झारखंड को राष्ट्रीय ग्रीड से समझौते के तहत ही बिजली मिल पा रही है।

## विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग द्वारा सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन 27 नवंबर को

नलवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के तत्वधान में एवं विभिन्न समाजिक संस्थाओं एवं व्यक्तियों के सहयोग से 27 नवंबर रविवार को गौशाला प्रांगण सुकूरहुटू कांके में सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का आयोजन किया गया है। विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा है कि नर सेवा ही नारायण सेवा के तहत 27 नवंबर को सुबह 8:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक गौशाला प्रांगण सुकुरहुटू में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व दिव्यांग जनों के लिए सामाजिक कार्य एवं सामूहिक विवाह सह वात्सल्य उत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम मे गौ सेवा, 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह, लगभग 200 दिव्यांग एवं विशेष प्रतिभा के धनी बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा, दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर्स, एल्बो छड़ी, बैसाखी, वाकर आदि का वितरण, वृद्धाश्रम के बुजुर्गों की सेवा कार्य, किन्नर समुदाय के सदस्यों को आदर सम्मान, तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम मे छऊ नृत्य का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर सभी के आत्मविश्वास को बढ़ाने एवं प्रोत्साहित करने की अपील की है। उन्होंने कहा जो व्यक्ति कन्यादान करना चाहते हैं,वे 87893 00579, 8862823043, से संपर्क कर इस आदर्श विवाह समारोह में अपना योगदान दे सकते हैं।

## कचहरी से सर्जना चौक तक ही फुटपाथ दुकान लगाने पर रोक क्यों, रतन टॉकिज तक लगे रोक : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कचहरी से सर्जना चौक तक फुटपाथ दुकान लगाने पर रोक लगाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। कहा कि सबसे ज्यादा जाम डेली मार्केट से रतन टोकीज तक लगता है। डेली मार्केट से रतन टॉकीज तक फुटपाथ दुकान पर रोक क्यों नहीं लगती। हनुमान मंदिर के आस पास रोड के किनारे पूरा अतिक्रमण कर लिया गया है। सैकड़ों की संख्या में रोड पर ठेला लगाया जाता है। दोनों तरफ अतिक्रमण किया हुआ है। आम लोग जो दुकान से सामान खरीदने जाते हैं, उन्हें मजबूरी में रोड पर गाड़ी पार्क करना पड़ता है क्योंकि पार्किंग की जगह पर ठेला लगा होता है। रोजाना जब स्कूल की छुट्टी होती है रतन टॉकी से सर्जना चौक तक बसों की लंबी कतार लगी रहती है। डेली मार्केट के सामने चर्च रोड जाने वाले रास्ते को ही अतिक्रमण कर दुकान लगा दिया गया है। कोई देखने वाला नहीं। प्रशासन की इस पर नजर नहीं जाती। सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण होने के कारण आज लोग परेशान होते हैं। वहीं गाड़ी रोड पर लगाने के कारण ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान काट दिया जाता है। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले को अगर दुकानदार मना करते हैं तो मारपीट की नौबत आ जाती है। दुकानदार कुछ नहीं बोल पाते हैं। काटा टोली में बनने वाले फ्लाईओवर के कारण कांटा टोली से बहू बाजार तक वन वे कर दिया गया है। कर्बला चौक से मिसनरि मैदान होते हुए संत जेवियर कॉलेज जाने वाले रास्ते में भयंकर जाम लगा रहता है। वहां भी दोनों तरफ अतिक्रमण किया हुआ है। इस रोड पर भी प्रशासन को अतिक्रमण हटाना चाहिए ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके। संजय सेठ ने कहा कि प्रशासन रतन टॉकीज तक अतिक्रमण हटाए और ट्रैफिक की व्यवस्था को सुदृढ़ करे ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके।

## श्री श्याम मित्र मंडल ने अब समाज के युवक-युवती का घर बसाने का शुभ कार्य प्रारंभ किया

# पियूष व चांदनी का शुभ विवाह श्री श्याम मंदिर में वैदिक रीति से संपन्न कराया गया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल अपना स्वर्ण जयंती वर्ष पिछले वर्ष मार्च माह से मना रहा है। प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा, प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ व प्रत्येक पूर्णिमा को श्री शालिग्राम पूजन श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन होता है। एक बार मेडिकल कैंप भी लगाया गया है। सभी आयोजन हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आयोजित किए जाते हैं। स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर अब समाज के युवक-युवती का घर बसाने का शुभ कार्य प्रारंभ किया गया है। कांके रोड निवासी स्वर्गीय रमेश चंद्र बूबना की सुपुत्री चांदनी व बरयातु रोड निवासी सतीश अग्रवाल के सुपुत्र पियूष कुमार का विवाह अलग-अलग युवक व युवती से पहले हुआ था। लेकिन दोनों के विवाह के बाद एक के पति तथा दूसरे की पत्नी का निधन होने के कारण दोनों दुजवर हो गए। चि. पियूष व आयु चांदनी दोनों बी. टेक इलेक्ट्रिकल व सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। पीयूष की उम्र 32 एवं चांदनी की उम्र 29 वर्ष हैं। श्री श्याम मित्र मंडल ने दोनों को मिलवाया तथा झारखंड के प्रसिद्ध आचार्य अनूप दाधीच ने आगे बढ़कर पीयूष चांदनी का विवाह निश्चित करवाया और आज हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में दोनों का वैदिक रीति से विवाह संस्कार सनातन धर्म के अनुसार पंडित अनूप दाधीच ने विधिवत संपन्न करवाया। दोनों पक्ष के लगभग 50 से ज्यादा लोगों ने विवाह में उपस्थित होकर नव वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री, विश्वनाथ नारसरिया उपमंत्री, अनील नारनोली मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल, भास्कर समूह के महाप्रबंधक कमल गोयंका सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित थे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरवागी ने बताया कि 8 दिसंबर को भी इसी प्रकार का एक दुजवर विवाह श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में संपन्न होगा।

## भारतीय स्टेट बैंक, रांची की मुख्य शाखा का कोर्ट कंपाउंड में पेंशनभोगियों के लिएल गेगा शिविर

# पेंशनभोगी जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया में आधार संख्या, मोबाइल नंबर व खाता विवरण आवश्यक दें

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार ने केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। नवंबर 2021 में राज्य मंत्री (पीपी) डॉ. जितेंद्र सिंह ने किसी भी एंड्रॉइड मोबाइल फोन के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की मील का पत्थर फेस प्रमाणीकरण तकनीक शुरू की थी। अब विभाग डिजिटल मोड के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र को बढ़ावा देने और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को लोकप्रिय बनाने के लिए एक विशेष राष्ट्रव्यापी

**◆अब विभाग डिजिटल मोड के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र को बढ़ावा देने और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को लोकप्रिय बनाने के लिए एक विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू कर रहा है।**

अभियान शुरू कर रहा है। सभी पंजीकृत पेंशनभोगी संघों, पेंशन संवितरण बैंकों, भारत सरकार के मंत्रालयों और सीजीएचएस वेलनेस सेंटरों को निर्देश दिया गया है कि वे पेंशनभोगियों के 'ईज ऑफ लिविंग' के लिए विशेष शिविर आयोजित कर जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट/ फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को बढ़ावा दें। इसी कड़ी में केंद्र सरकार की एक टीम, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग रांची का दौरा करेगी, जहां 27 नवंबर, 2022 को भारतीय स्टेट बैंक, रांची की मुख्य शाखा, कोर्ट कंपाउंड, रांची -834001 में केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए यह अभियान आयोजित किया जाएगा। सुबह 10:00 बजे से। सभी पेंशनभोगी डिजिटल माध्यम से अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए केंद्र पर जा सकते हैं। पहले, जीवन प्रमाण पत्र भौतिक रूप में जमा करना पड़ता था और इसके लिए पुराने पेंशनभोगियों को घंटों बैंकों के बाहर कतार में खड़ा होना पड़ता था। अब, यह उनके घरों के आराम से एक बटन के क्लिक पर संभव हो गया है। मोबाइल द्वारा फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया में, पहली बार आधार संख्या, ओटीपी के लिए मोबाइल नंबर, पीपीओ नंबर, बैंक/डाकघर के साथ खाता संख्या के बारे में विवरण आवश्यक हैं। यह सुविधा राज्य सरकार के कर्मचारियों और संवितरण प्राधिकारी को राज्य के कोषालय कार्यालय के रूप में भी उपलब्ध है। केंद्रीय टीम ने सभी पेंशनभोगियों से आग्रह किया है कि वे डिजिटल माध्यम से अपने जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए केंद्र का दौरा करें।

### गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों को माही ने किया स्वेटर वितरित

**रांची।** मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के अंतर्गत गैर सरकारी स्कूलों एवं जरूरतमंद बच्चों के बीच आयोजित मौखिक प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को स्वेटर वितरित किया गया। इस मौखिक प्रतियोगिता में कई स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया और सवालों का सही जवाब देकर स्वेटर हासिल किया। यह प्रतियोगिता वार्ड नंबर 16 में स्थित माही के कार्यालय में सम्पन्न हुआ। सवालों का सही जवाब देकर बच्चे पुरस्कार के स्वरूप स्वेटर हासिल कर खुश हुए। बच्चों के अभिभावकों ने ऐसी मौखिक प्रतियोगिता आयोजित होने पर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर माही के संयोजक इबरार अहमद, साझा मंच के सुधांशु शेखर, अमल पाण्डे, ग्यासुद्दीन भाई मुन्ना, वार्ड नंबर 16 की पार्षद नाजिमा रजा ने संबोधित किया।

## हार्ट व शुगर के 328 मरीजों का किया गया मुफ़्त चेकअप

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** शुक्रवार 25 नवंबर को हॉली स्पिरिट फाउंडेशन ट्रस्ट झारखण्ड के तत्वावधान में लेक रोड स्थित राईन उर्दू गर्ल्स स्कूल में मुफ़्त हार्ट व शुगर चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चला जिसमें 328 लोगों ने हृदय रोग, मधुमेह, कोलोस्ट्रोल सहित अन्य बीमारियों का इलाज कराया। चेकअप कैंप में ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल जमशेदपुर के मशहूर डॉक्टर परवेज आलम सहित उनकी पूरी टीम मौजूद रही। कैंप में ब्लड शुगर, ईसीजी, बीपी व वजन जैसे जांच बिलकुल मुफ़्त हुए। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयां दी गई !चेकअप कैंप में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कैंप में लोगों को हार्ट और शुगर को लेकर जागरूक भी किया गया। कैंप में डॉ परवेज आलम, डॉ मुकेश, डॉ अशरफ व डॉ तारिक के अलावा सहयोगी के रूप में फुलेन्द्र कुमार, सरफराज आलम, चंदन कुमार, सूरज कुमार दुबे, डॉ संध्या कुमारी व समीर कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कैंप को सफल बनाने में आम जनता हेल्पलाइन लाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी, वरिष्ठ पत्रकार हाजी फिरोज जिलानी, हाजी जसीम,हैदर गुड्डू, इमरान रजा अंसारी, जमीयतुल राईन पंचायत के सदर हाजी फिरोज, राईन स्कूल के सचिव हाजी हसनैन, मंजर इमाम, इमरान हसन बाबू, नीलोफर इमरान, इकरमा कलाम सहित अंजुमन इस्लामिया रांची के कई कार्यकारी सदस्य मौजूद थे। स्कूल की प्राचार्या फरहीन नाज, स्कूल की बच्चियां व मेहताब आलम व समर इमाम ने भी कैंप की सफलता के लिए महत्ती भूमिका निभाई । मौके पर हॉली स्प्रीट ट्रस्ट झारखण्ड के अध्यक्ष रमजान कुरैशी द्वारा स्कूल की बच्चियों के अलावा कई लोगों को सम्मानित किया गया।

## न्यूज गैलरी

### देश में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा: शाहिद रहमान

**गोड्डा ।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, दुमका / रांची द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव / राष्ट्रीय संविधान दिवस के पुर्व-दिवस पर आज यहां गोड्डा के सेंट थॉमस स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में सेंट थॉमस स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। संविधान दिवस पर आज सेंट थॉमस स्कूल में परिचर्चा का आयोजन किया गया। वहीं परिचर्चा एवं प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवम्बर को 2022 प्रारंभ होगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त गोड्डा जीशान कमर का नाम प्रस्तावित है। कार्यक्रम के अति-विशिष्ट अतिथि सेंट थॉमस स्कूल के प्रिंसिपल एवं वाइस प्रिंसिपल रहेंगे। सम्मानित अतिथि के तौर पर सेंट थॉमस स्कूल के शिक्षक-गण एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार होंगे। संविधान दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी।

### थिंक-द इंडियन नेवी क्विज मे डीपीएस रांची के विद्यार्थियों को तीसरा स्थान

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल राँची के विद्यार्थियों ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पुन: एक बार सफलता का परचम लहरा कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। डीपीएस रांची के अनुराग लकड़ा (कक्षा XII ) और यशस्वी जैन (कक्षा ) ने भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित प्रख्यात थिंक- इंडियन नेवी क्विज में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता का सेमीफाइनल और फाइनल राउंड एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रमादित्य में आयोजित किया गया था। डीपीएस रांची के अनुराग लकड़ा और यशस्वी जैन को एक-एक लैपटॉप मिला है और उन्हें 25,000 रुपये के नकद पुरस्कार से भी नवाजा गया है। प्रतिभागियों को माननीय नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में देश भर की 7500 टीमों के 15000 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 04 ऑनलाइन राउंड के बाद 16 टीमों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया और डीपीएस रांची की टीम फाइनल राउंड में क्वालीफाई करने वाली आठ फाइनलिस्ट में से एक थी। इस सफलता पर अनुराग और यशस्वी को बधाई देते हुए डीपीएस राँची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा, ₹यह उपलब्धि दृढ़ संकल्प, धैर्य और दृढ़ता के महत्व को दशार्ती है।

### तीन दिवसीय वार्षिक फुटबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन

**पाकुड ।** गोकुलपुर फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय वार्षिक फुटबॉल चैंपियनशिप का आगाज हुआ।चांद भैरव क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल चैंपियनशिप का उदघाटन डीएफओ रजनीश कुमार एसडीओ हरिवंष पंडित मुखिया विकास गौंड ने संयुक्त रूप से किया।पहले राउंड में फुटबॉल क्लब पहाड़िन नागिन सीत पहाड़ी एवं फुटबॉल क्लब इलाहाबाद के बीच हुआ जिसमें इलाहाबाद की टीम ने जीत दर्ज किया।तीन दिनों तक चलने फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखण्ड के अलावे पश्चिम बंगाल ,बिहार ,उत्तरप्रदेश एवं पड़ोसी देश नेपाल की नामी गिरामी फुटबाल टीमें भाग लेंगी।क्लब के अध्यक्ष राम सिंह टुडू ने बताया 16 टीमें टूनार्मेंट में भाग लें रही हैं ।कई टीमों में विदेशी खिलाड़ी भी खेल को रोमांचक बनाने के लिए मैदान में अपना दमखम दिखाएंगे।

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से नाबालिग की दर्दनाक मौत

**बसिया।** बसिया लोंगा गांव में आज तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से लोंगा गांव निवासी आठ वर्षीय बच्चा सूर्या भुइंया की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता हैं कि ट्रक की चपेट में आने के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे ईलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। बच्चे का कमर से नीचे का हिस्सा पूरीतरह छतिग्रस्त हो गया था। जहां रिम्स पहुंचाते ही उसने दम तोड़ दिया। यह घटना शुक्रवार की सुबह प्रात: दस बजे की है जब रांची की ओर से आ रहा एक ट्रक न उसे अपनी चपेट में ले लिया। इधर ट्रक एवं ट्रक चालक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और मामले के विभिन्न पक्षों की जांच की जा रही है जबकि दुर्घटना के बाद तेजी से भाग रहे ट्रक को सामने से आ रहे बसिया निवासी समाजसेवी पंकज सिंह के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से चार किमी पीछा कर पकड़ने का साहस दिखाया गया।

---

बार भवन का विधायक भूषण बाड़ा ने किया उद्घाटन, बोले-

# आसानी से न्यायिक कार्यों का होगा निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कचहरी परिसर में विधायक मद से बने बार भवन का विधायक भूषण बाड़ा ने उदघाटन किया। बार भवन का उदघाटन विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर बार एसोसिएशन के लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते बार भवन बनवाने के लिए धन्यवाद दिया। विधायक श्री बाड़ा ने कहा कि न्यायिक कर्मियों को न्याय संबंधि कार्य करने में कोई परेशानी न हो, इसको ध्यान में रखते हुए बार भवन का निर्माण किया गया है। इससे जिले के अधिवक्ता आसानी से न्यायिक कार्यों का निष्पादन कर सकेंगे। साथ ही काम करने में भी आसानी होगी। विधायक ने कहा कि एसोसिएशन के सदस्य की सुविधाओं के अनुरुप कार्य करते हुए सुविधा बहाल की जा रही है। आने वाले दिनों

में एसोसिएशन में और भी कई सुविधाएं बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के सदस्य अपनी समस्या बेझिझक रखें। आपकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। राज्य सरकार सभी वर्गों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। हमने भी रामरेखाधाम, छठ घाट का सुंदरीकरण से लेकर मुस्लिम समाज के लिए लाईब्रेरी निर्माण, अल्पसंख्यक स्कूलों में भवन निर्माण जैसे कई अनगिनत कार्य सभी समाज के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भी राज्य के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह सहित अध्यक्ष अधिवक्ता बसंत कुमार, सचिव अधिवक्ता संजय कुमार महतो, संयुक्त सचिव अधिवक्ता प्रद्दुमन सिंह, संयुक्त सचिव अधिवक्ता अनुप कुमार टोप्पो, उपकोषाध्यक्ष अधिवक्ता अरुण अन्मेश तिर्की, सदस्य अधिवक्ता अमित कुमार, अधिवक्ता स्कोलस्टीका सोरेंग, अधिवक्ता जितेन्द्र अशोक, अधिवक्ता गिरीश चंद्र गुप्ता, अधिवक्ता प्रभात कुमार श्रीवास्तव, अधिवक्ता शमीम अख्तर, अधिवक्ता समीर अहमद, अधिवक्ता सुनील कुमार बक्शी, अधिवक्ता विजय कुमार बक्शी, अधिवक्ता सरयू बड़ाईक, अधिवक्ता जुगल किशोर राम, अधिवक्ता अनुज कुमार, अधिवक्ता विजय कुमार मिश्रा, अधिवक्ता अजय कुमार आदि अधिवक्ता, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद ।** शुक्रवार को धनबाद नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम स्थित सभागार में नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त ने बताया कि सभी विभागों का आपसी समन्वय स्थापित किया जायेगा ताकि आनेवाले दिनों में शहरी स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। सिविल सर्जन ने कन्वर्जेंस कमेटी के महत्व को समझाया ताकि शहरी क्षेत्रों के लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार किया जा सके और झुग्गियों में रहने वाले लोगों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा सकें। इसमें पेयजल, स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं। डॉ संजीव प्रसाद ने सुझाव दिया कि आनेवाले दिनों में ये बैठक त्रैमासिक की जाएगी। साथ ही साथ शहरी क्षेत्र के सीडीपीओ ये सुनिश्चित करें कि समुदाय स्तर, आंगनवाड़ी केंद्रों में हर तरह की जानकारी उपलब्ध हो सके। पी.एस.आई. इंडिया ने कोर वर्किंग समिति गठित करने और समुदाय स्तर पर विभिन्न विभाग के वालंटियर को प्रत्येक कार्यक्रम की जानकारी का ओरिएंटेशन देने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान एनयूएचएम इकाई, विभिन्न शहरी स्वास्थ्य के चिकित्सा पदाधिकारी, एनयूएलएम के सिटी मैनेजर व मिशन मैनेजर, आईसीडीएस की महिला पर्यवेक्षक, डेवलपमेंट पार्टनर्स मौजूद रहे और अपना सुझाव दिया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा, डी.आर.सी.एच.ओ. डॉ. संजीव कुमार प्रसाद, शहरी क्षेत्र के नगर स्वास्थ्य प्रबंधक श्री विनय कुमार, आईसीडीएस की सीडीपीओ, डब्ल्यूएचओ, एसएमओ, पीएसआई इंडिया के राज्य इम्प्लीमेंटशन लीड - नीलेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महिला और बालिका हिंसा के विरुद्ध छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया।** बसिया में शुक्रवार को महिला एवं बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत स्कूली बच्चियों के द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने जन जागरूकता का गंभीर आह्वान किया। इस रैली के दौरान बड़ी संख्या में छात्राओं ने सामाजिक कुरीतियों के तौर पर बाल विवाह, महिला शिक्षा और भ्रूण हत्या जैसे अमानवीय कुकृत्यों पर समाज को आगे आकर महिलाओं के सम्मान व अस्तित्व की रक्षा में आगे आने हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया। इसके लिए सभी प्रतिभागी बच्चियों ने हांथ में तत्संबंधी तख्ती ले रखा था और पूरे उत्साह के साथ महिला सम्मान को लेकर नारे लगाए चल रही थीं। बताते चलें कि यहां आयोजित यह रैली अपने आप में काफी प्रभावशाली नजर आया और इसके प्रभाव के कारण यह एकबारगी

जनचर्चा का विषय बनकर सामने आया। आज के इस रैली की गंभीरता को इस एक तथ्य से समझा जा सकता है कि इसमें विद्यालय की बच्चियों के उत्साहवर्द्धन में विद्यालय की शिक्षिकाओं के साथ साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड प्रमुख, सब इंस्पेक्टर प्रदीप रजक, महिला पर्यवेक्षिका,महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सी श्री इंडिया के मनीषा श्रीवास्तव आदि लोग कदमताल करते नजर आए जबकि यह रैली कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर से प्रारंभ को कर बसिया धर्मशाला होते हुए देवीगुड़ी चौक आदि को अपने दायरे में फैली नजर आई।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद के तत्वावधान मे परिचर्चा व विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो ।** आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत-श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा बोकारो जिला के राजकीयकृत उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा में परिचर्चा एवं विशेष जागरूकता आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि, विधायक बिरंची नारायण के हाथों संपन्न होना प्रस्तावित है।

इस अवसर पर अन्य गण्यमान्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला उपभोक्ता आयोग बोकारो जयप्रकाश नारायण पाण्डेय ( रिटा. जज), प्रबला शेख, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीआरओ राहुल कुमार भारती, एडवोकेट बोकारो अन्नू मिश्रा, राजकीयकृत उच्च विद्यालय लखदखंदा के प्राचार्य डॉ यूसी झा, भी उपस्थित रहेंगे।

प्री पब्लिसिटी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राजकीयकृत उच्च विद्यालय लकड़ाखंदा, सेक्टर 2सी में रंगोली, निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिताओ का आयोजन हुआ। इस आयोजन में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक गण श्री विनय कुमार पांडेय, कंचन प्रसाद, राखी बैरनवाल, रुक्मी सिन्हा, और खुशबू प्रसाद का अहम योगदान रहा।

निबंध प्रतियोगिता में रवि शंकर चौहान प्रथम, शिवानी कुमारी द्वितीय और अंशु कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। चित्रांकन में प्रथम स्थान पर प्रिय बहादुर, द्वितीय अनन्या शर्मा एवम तृतीय स्थान ज्योति कुमारी को मिला। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में नंदनी ग्रुप प्रथम रही। द्वितीय स्थान नीतू कुमारी और ग्रुप को मिला जबकि राहुल ग्रुप तीसरे स्थान पर तथा सन्नी ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### प्रतियोगिता के विजेता होंगे पुरस्कृत

आजादी का अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस का महत्व समझाने के लिए आयोजित की गई आज की क्विज, रंगोली, पेंटिंग, एवं निबंध प्रतियोगताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रदर्शनी स्थल पर भी प्रतियोगिताओं के साथ-साथ गीत एवं नाटक प्रभाग की टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### बालूमाथ में स्वास्थ्य आयुष मेला आज तैयारी पूरी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में आज से दो दिवसीय प्रखंड स्वास्थ्य आयुष मेला का आयोजन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने मेले की जानकारी देते हुए बताया कि सुदूर इलाके के ग्रामीणों के लिए राज्य सरकार के द्वारा दो दिवसीय स्वास्थ्य आयुष मेला का आयोजन किया गया है इस मेले में ग्रामीणों को नि:शुल्क स्वास्थ्य की जांच की जाएगी उपचार किया जाएगा और मुफ्त में दवा भी उपलब्ध कराई जाएगी,उन्होंने आम ग्रामीणों से इस मेले में आकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की है। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी पुरुषोत्तम कुमार,चिकित्सक सुरेश राम सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

नगर निकाय चुनाव को लेकर झामुमो सिमडेगा की हुई बैठक, बोले वक्ता

## चुनाव में मजबूती के साथ उम्मीदवार खड़ा करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर शुक्रवार को पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा के आवास में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक पूर्व विधायक द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा आगामी नगर निकाय चुनाव में संगठन को मजबूती के साथ अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी और इसके लिए सभी लोग अभी से ही तैयारी में जुट जाएं साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला समिति का गठन होगा उसमें हम चाहेंगे कि खतियान धारी संगठन का जिला अध्यक्ष बने और इसके लिए सभी लोग संगठन के साथ चलकर संगठन के नियम एवं संविधान के अनुरूप ही कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थित जितने भी उम्मीदवार हैं वह अपना

संगठन के बीच में अपना दावेदारी पेश करें संगठन जिसे निर्णय देगा वही इस चुनाव में चुनाव लड़ सकेगा संगठन से बाहर रहकर कोई भी व्यक्ति पार्टी विरोधी कार्य नहीं करेंगे इसके लिए सभी लोगों को संगठन में जुड़ कर रहना है। वह इधर मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली के सदस्यों की उपस्थिति नहीं रहने पर सभी लोगों ने नाराजगी व्यक्त की और उन्होंने कहा कि संगठन से हटकर संयोजक मंडली के द्वारा कार्य किया जा रहा है जो दुखद है हम सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता हैं और झारखंड मुक्ति मोर्चा सही संयोजक मंडल का गठन हुआ है ऐसे में उनको इस बैठक में उपस्थित रहकर पार्टी को किस प्रकार से आगे ले जानी है इस पर विचार करना था लेकिन वह अनुपस्थित रहकर संगठन से हटकर कार्य कर रहे हैं। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर डांग, मो शाहिद, फिरोज अली, मो शौकत,नील जस्टिन बेक,जाफर खान,शशि सीमोन,मुकुल बरला, सहित दर्जनों की संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

### करकट्ट गांव में सांप काटने से युवती गंभीर रूप से जख्मी

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के करकट्ट गांव निवासी उपेंद्र राम की पुत्री अंजली कुमारी 18 वर्ष को सांप काटने से जख्मी हो गई है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में जख्मी अंजली कुमारी ने बताया कि वह अपने घर करकट्टा से पैदल मझिआंव बाजार आ रही थी। उसी बीच करीवाडी गांव के पास एक सांप ने उसके दाहिने पैर में डंस लिया। जब वह सांप को हटाने का प्रयास की तो दोबारा सांप ने उसके दाहिने पैर में काट लिया। किसी तरह सांप को हटाकर आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के दाहिने पैर में गंभीर जख्म का निशान है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन गठित

## जितेंद्र ज्योतिषी प्रदेश अध्यक्ष व सुनील पांडे महासचिव मनोनीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/जमशेदपुर।** पत्रकारों के हितों के संरक्षण व पत्रकारिता से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया। शुक्रवार को जमशेदपुर स्थित परिसदन में वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस बैठक में काफी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के गठन का निर्णय लिया गया। जिसमें जितेंद्र ज्योतिषी को प्रदेश अध्यक्ष और सुनील पांडे को महासचिव मनोनीत किया गया। वहीं, एसोसिएशन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्रा, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी विजय कुमार सिंह, नागेंद्र शर्मा,धर्मेंद्र मिश्रा, डॉ.एके लाल बनाए गए।

जेजेडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ पत्रकार नवल किशोर सिंह, मधुरेश वाजपेयी व कमलेश कुमार सिंह को मनोनीत किया गया। वहीं, दीपक कुमार, सचिव (प्रभारी कोल्हान), मनोज कुमार (प्रभारी रांची जोन), देवेंद्र कुमार सिंह (प्रभारी सन्थाल परगना),सुजीत साहू (प्रभारी पश्चिम सिंहभूम) बनाए गए।

एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पद पर राहुल सिंह मनोनीत किए गए। एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक रविकांत (रांची जोन), राकेश मिश्रा (कोल्हान जोन) सन्थाल परगना, जिला संयोजक,

रांची जिला नागेन्द्र कुमार, पूर्वी सिंहभूम शशि सिंह, सरायकेला से उमाकांत कर, रास बिहारी मंडल पश्चिमी सिंहभूम प्रताप प्रमाणिक, राहुल शर्मा बनाए गए। इसके अतिरिक्त केंद्रीय समन्वय समिति (कोर ग्रुप) में सुनील पांडे, नगेन्द्र कुमार,राकेश मिश्रा,कमलेश कुमार सिंह, रास बिहारी मंडल ,दीपक कुमार, नवल किशोर सिंह, धर्मेंद्र मिश्रा शामिल किए गए। धर्मेंद्र मिश्रा को संचालन शाखा प्रमुख, दीपक कुमार को एसोसिएशन की नियमावली (संविधान), वित्तीय प्रबंधन राकेश मिश्रा, मधुरेश वाजपेयी, कार्यक्रम प्रमुख सुनील पांडे ,मनोज सिंह डिजिटल प्रमुख दीपक कुमार व सदस्यता अभियान प्रभारी राहुल सिंह, नवल सिंह व नगेन्द्र शर्मा को बनाया गया। परिवहन व्यवस्था कमलेश कुमार सिंह,राहुल सिंह, पत्रकारों के लिए बीमा/स्वास्थ्य आदि के लिए देवेंद्र सिंह,शशि सिंह ,रोहण निषाद को बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि नवगठित झारखंड जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का कार्य सम्पूर्ण झारखंड में चलेगा और जल्द ही प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## बसिया इंटर महाविद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया ।** बसिया इंटर महाविद्यालय परिसर में आज सेवानिवृत्त शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर ने कहा कि एक शिक्षक पर समाज के निर्माण की गुरूतर जवाबदेही होती है। ऐसे में किसी शिक्षक के रिटायर होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने इस विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि रिटायरमेंट केवल एक व्यवस्था है और इस व्यवस्था के अंतर्गत साठ साल की उम्र में हमारे शिक्षकों को दैनिक कार्यभार से मुक्त होना पड़ता है। इस मुक्ति का यह तात्पर्य कतई नहीं है कि एक शिक्षक को उसके द्वारा दिए जाने वाले मार्ग दर्शन से मुक्त करने का काम किया जाता हो। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित तमाम सेवानिवृत्त शिक्षा कर्मियो से यह आह्वान किया कि दैनिक कार्यतालिका से मुक्त होने का मतलब ही बड़े कैनवास पर समाज को दिशा देने का दायित्व होता है और यह अपने आप में एक चुनौती पूर्ण कार्य है। इस चुनौती के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने बसिया इंटर कॉलेज में आयोजित सादे समारोह में सेवा निवृत्त प्राचार्य उपेन्द्र नाथ साय, जगत साहु, पन्ना लाल साहु, शनिचर साहु, विपत साहु, पुरूषोत्तम साहु व कोया खड़िया आदि को फुलमाला, शॉल व अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया जबकि आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता व प्राचार्य केदारनाथ दास सहित महाविद्यालय के तमाम शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों की उपस्थिति दर्ज की गई ।

बोलबा में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा जलछाजन योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

## मेड़ एवं टैंक बनाकर पानी को रोक कर जलस्तर को बढ़ाएं: विधायक नमन विक्सल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** प्रखंड के कादोपानी, समसेरा पंचायत में शुक्रवार को भूमि संरक्षण विभाग द्वारा जलछाजन योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में महिला समूह एवं विभाग द्वारा फूल माला और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।वहां महिला समूहों को विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के हाथों धान काटने वाला मशीन, दवा छिड़काव करने वाला मशीन एवं परिसम्पत्ति का वितरण किया गया।जनता को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा जल,

जंगल,जमीन,और जन ये बहुत बड़ा मुद्दा है,आज सरकार इस पर वृहद स्तर पर काम कर रही है। जिस प्रकार जल का स्तर नीचे जा रहा है नतीजतन आमजन पानी के लिए सदैव परेशान रहता है। आज किसान जल बिना खेती करने में असहज महसूस कर रहा है। इसलिए सरकार चाहती है कि जल के स्तर को ऊंचा किया जाए,जिसका सबसे बड़ा योगदान इस जल छाजन के माध्यम से इसे बढ़ाया जाना चाहिए, खेतों में छोटा छोटा मेड़ बनाकर,छोटा छोटा टैंक बनाकर पानी को रोक कर जलस्तर को बढ़ा सकते हैं।जब जल को रोकेंगे तो हमारे जंगल पर प्रभाव पड़ेगा और जंगल का सही ढंग से संरक्षण करेंगे तो बनोत्पाद बढ़ेगा जब बनोत्पाद होगा तो हमारा आर्थिक वृद्धि होगी। इसलिए जंगल का सुरक्षा करना हमलोगों का अधिकार बनता है। जब पानी का स्तर बढ़ेगा तो जमीन हमारा उपजाऊ होगा और हमारा खाना पीना सही होगा, जिससे हमें या हमारे लोगों को दुसरे पर आश्रित नहीं होना होगा।तब मजबूत बनेगा । इसलिए हमें इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, भूमि संरक्षण पदाधिकारी हिमांशु कुमार, बीडीओ बोलवा, सीओ, जिला विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, अप्पू,संजय कुजुर आदि मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### 54 लाख की लागत से बनेगा मॉडल स्कूल का चहारदीवारी, विधायक ने किया शिलान्यास

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के जलैहिया, बंडासिंगा स्थित मॉडल स्कूल में चहारदीवारी निर्माण को लेकर शुक्रवार को विधायक अमित कुमार यादव ने शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने बताया कि चहारदीवारी बनने से विद्यालय सुरक्षित होगा तथा परिसर को साफ रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि चहारदीवारी ग्रामीण विकास विभाग डी. एम.एफ.टी मद से 54 लाख 27 हजार 7सौ 82रुपये की लागत से निर्माण की जाएगी। इस दौरान बीडीओ कीर्ति बाला लकड़ा, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा, मुखिया ललिता देवी, संवेदक तरुण कुमार, मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, कुलदीप पांडेय, किशोर साव, सुनील नायक, तरुण कुमार, रवि गोस्वामी, बबलू पांडेय, नंदू राणा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### खलिहान में रखे धान को हाथियों ने किया नष्ट, मुआवजे की मांग

**बरकट्ठा।** प्रखंड में पुनः हाथियों के आगमन से लोगों में दहशत का माहौल है। बीते रात्रि गोरहर टोला के भैयाडीह में हाथियों के झुण्ड ने खलिहान में रखा हुआ धान को नष्ट किया और खा गया जिससे किसान तबाह हैं। इसे लेकर पंचायत समिति सदस्य लखन कुमार महतो और वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो ने किसानों के खेत और खलिहान में रखा धान का जायजा लेते हुए वन विभाग के पदाधिकारियों से आग्रह करते हुए किसानों के लिए मुआवजा का मांग किया है ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। हाथियों ने जेठु महतो पिता स्व० कैला महतो, हरि महतो पिता स्व० झबर महतो, त्रिवेणी सिंह पिता स्व० दुलाल सिंह, चंद्रिका सिंह पिता स्व०प्रयाग सिंह, लीलावती देवी पति जगदीश महतो, जानती देवी पति लक्ष्मण महतो, प्रयाग महतो पिता स्व० सुकर महतो समेत आदि लोगों का खलिहान में रखा धान नष्ट कर दिया।

### आरसीआई हॉस्टल से छात्र अगवा, जवाहर घाट में मुक्त

**बरही।** खोड़ाहर के पांच माईल में संचालित आरसी मिशन स्कूल के होस्टल से एक छात्र के अपहरण का सनसनीखेज सामने आया। अपहरण घटना शुक्रवार सुबह की है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह अपहरणकर्ताओं ने हॉस्टल का दरवाजा खटखटाया। जिसे राजेश कुमार (9) पिता राधे राजवंशी के द्वारा खोला गया। इसी क्रम में अपहरणकर्ता जबरदस्ती बच्चे को मारपीट कर बाईक पर बिठाकर बरही की ओर भाग गए। इस दौरान जवाहर घाटी फॉरेस्ट कार्यालय के पास लोगो की भीड़ देखकर बच्चा बचाने की पुकार करने लगा। आवाज सुनकर लक्ष्मी चाय वाला दुकान के मालिक नरेश साव अपहरणकताओं का पीछा किए। खुद को फंसता देख अपहरणकर्ता बच्चे को बीच रास्ते में छोड़कर भाग गए। दुकानदार ने बच्चे को अपने दुकान लाया। अपहरण की सूचना पुलिस को भी मिल चुकी थी। पुलिस भीं खोजते हुए वहां पहुंची एवम बच्चे के पिता को उसके गांव रजौली, नवादा (बिहार) से बुलाकर बच्चे को सुपुर्द किया गया। इस पूरे घटनाक्रम में छात्रावास संचालक की घोर लापरवाही सामने आई। जो बिना किसी सुरक्षा के छात्रावास चला रहे है। सुरक्षा के अभाव में यह घटना घट। पुलिस ने संचालक को भी फटकार लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### लिंग आधारित हिंसा को लेकर प्रारंभ हुआ मासिक जागरूकता अभियान

**बरही।** प्रखंड कार्यालय पर ही से लिंग आधारित हिंसा को लेकर मासिक जगता अभियान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ सी आर इंडिया ने किया। जो आगामी 25 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सखी मंडल के दीदीओ के द्वारा महिलाओ के हक और अधिकार, उत्पीड़न एवं सुरक्षा आदि के विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएगी। पूरे महीने रैली के माध्यम से प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में महिलाओ को जागरूक करने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर जेएसएलपीएस के बीपीएम दीपक कुमार, एफटीसी राजीव पांडेय, कम्युनिटी कॉर्डिनेटर राजीव कुमार, राखी कुमारी, रीना देवी, आईपीआरपी आदि सहित विभिन्न सखी मंडल के कई दीदी मौजूद थे।

### झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण

**चौपारण।** झामुमो जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र राणा ने जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क कंबल का वितरण किया। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कंबल प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित चोरदाहा पंचायत के जंगल-पठार के गांव अहरी, नावाडीह, दनुआ और सिलोदर गांवों में शिविर लगाकर वितरण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो तथा जंगल-पठार में रहने वाले गरीब परिवार जनहित की समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे गांवों में आज तक विकास की किरण नहीं पहुंची है। करीब सौ जरूरतमंद परिवार को कंबल दिया गया। उन्होंने कहा कि गांव की बुनियादी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया जा रहा है।

---

स्वास्थ्य मंत्री पहुंचे कोडरमा, करमा मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण, कहा

# भवन निर्माण में प्रयोग की गयी छड़ को प्रयोगशाला में भेज कर इसकी गुणवत्ता जांच करें

▶▶ नींव में प्रयोग किये गये सामग्री की गुणवत्ता का जांच करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शुक्रवार को कोडरमा पहुंचे और करमा मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। मंत्री ने मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य के निरीक्षण के क्रम में भवन निर्माण में लगाये जा रहे सामग्री का जायजा लिया। उन्होंने भवन की नींव, भवन निर्माण में प्रयोग की गयी छड़ की गुणवत्ता को जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण में प्रयोग की गयी छड़ को प्रयोगशाला में भेज कर इसकी गुणवत्ता जांच करें। इसके साथ-साथ करमा मेडिकल कॉलेज के पूरे प्राकल्लन की समीक्षा करने की बात कही। इस हेतु उपायुक्त कोडरमा को जांच दल गठन करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, उपायुक्त आदित्य रंजन, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार व अन्य पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पुलिस ने झारखंड, बिहार के अलग-अलग स्थानों में चिपकाया इश्तेहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** पुलिस ने झारखंड, बिहार राज्य के अलग-अलग स्थानों में फरार अभियुक्त के घर पर इस्तेहार चिपकाया है। इस बाबत बरकट्ठा थाना प्रभारी ने बताया कि बिहार के अलग अलग थाना क्षेत्र के फरार आरोपी अभियुक्तों के घर चिपकाया गया है, जिसमें गो तस्करी और अवैध उत्खनन के मामले में बिहार के विभिन्न थाना क्षेत्र और झारखंड के डोमचांच थाना क्षेत्र के वांछित आरोपी अभियुक्तों के घर में न्यायालय में समर्पण को लेकर इश्तेहार चिपकाया है। जिसका थाना कांड संख्या 19/15 के गो वध पशु क्रूरता अधिनियम के आरोपी अभियुक्त शमीम कुरैशी, चेनारी, रोहतास एवम कांड संख्या 148/16 के पशु क्रूरता अधिनियम के आरोपी अभियुक्त आजाद कुरैशी, बिक्रमगंज, रोहतास (बिहार) तथा कांड संख्या 47/13 के तहत अवैध उत्खनन को लेकर वन अधिनियम के फरार आरोपी अभियुक्त राजू मेहता उर्फ राजेन्द्र मेहता पिता बाबूलाल मेहता ग्राम कुदर, डोमचांच, कोडरमा, झारखंड निवासी के घर न्यायालय के फरारी इश्तेहार चिपकाया गया है। इस्तेहार उपरांत जल्द ही गिरफ्तारी एवम अग्रिम कारवाई कुर्की की जायेगी। इश्तेहार चिपकाने वाले पुलिस दल में एसआई राम सिंह गगराई, एएसआई मनोज सिंह समेत पुलिस जवान शामिल थे।

## 2015 तक के मामले को निष्पादित करने का डीआईजी ने दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** विभिन्न लंबित मामलों की लेकर डीआईजी डॉ नरेंद्र कुमार सिंह ने बरही थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीपीओ नाजिर अख्तर और इंस्पेक्टर ललित कुमार सहित थाना के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। डीआईजी ने लंबित सभी मामलो को मामलों की अद्यतन जानकारी लिया। साथ ही 2015 तक के सभी लंबित मामलों को आगामी दिसंबर तक निष्पादित करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने सभी फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने और फरियादियों के साथ कुशल व्यवहार करने की भी बात कही। इंस्पेक्टर ने बताया कि वर्तमान में बरही थाना में कुल 26 मामले लंबित है। जिस पर अनुसंधान जारी है। लगातार छापेमारी कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा रही है।

जिला खाद्य पदाधिकारी ने बरही के विभिन्न प्रतिष्ठानों से किया सैंपल संग्रह, जांच के लिए भेजा गया प्रयोगशाला

# सभी खाद्य सामग्री बिक्रेताओं को फूड लाइसेंस है आवश्यक : डीएफएसओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने बरही के रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट और मधेशिया स्वीट्स का औचक निरीक्षण कर खाद्य सामग्रियों का सैंपल संग्रह किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के क्रम में प्रतिष्ठान की साफ सफाई, खाद्य सामग्रियों आदि का भी जांच किया गया। रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट से हल्दी और मिर्च का पाउडर तथा मधेशिया स्वीट्स से विभिन्न मिठाई के सैंपल संग्रह किए गए। जिसे राज्य प्रयोगशाला में जांच के लिए पैक किया गया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रेतर करवाई की जाएगी। इस क्रम में मधेशिया स्वीट्स से उन्होंने फूड लाइसेन की भी जांच किया जो नही मिले। उन्होंने होटल संचालक प्रशांत कुमार को अतिशीघ्र फूड लाइसेंस बनाने का निर्देश भी दिया। होटल संचालक ने बताया कि कुछ ही महीने पूर्व फूड लाइसेंस की तिथि समाप्त हुई है, इसे शीघ्र ही बनावा लिया जायेगा। जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने यह भी बताया कि सभी खाद्य सामग्री बेचने वाले, सभी ठेला वाले होटल, फल दुकान, होटल, रेस्तरां, सब्जी दुकान आदि सभी दुकानों को फूड लाइसेंस आवश्यक है। फूड लाइसेंस के अभाव में पकड़े जाने पर दुकानदारों के खिलाफ विधिसम्मत करवाई की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में उनके साथ कंप्यूटर ऑपरेटर विकास कुमार शर्मा और कार्यालय के अनुसेवक साथ में थे। उन्होंने यह भी बताया कि यह निरीक्षण अभी लगातार जारी रहेगा।

## 27 को जंतर-मंतर में आयोजित रैली में शामिल होने के लिए जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के सदस्य दिल्ली रवाना

**रामगढ़।** दिल्ली के जंतर मंतर 27 नवंबर को जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून बनाये जाने की मांग को लेकर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा रैली का आयोजन किया गया है। रैली में शामिल होने के लिए फाउंडेशन के सदस्य शुक्रवार को बस द्वारा दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि रैली में झारखंड प्रदेश से 5000 सदस्य शामिल होने के लिए जा रहे हैं। कहा कि जनसंख्या नियंत्रण समय की मांग है। जिसके लिए सरकार को कानून बनाने की जरूरत है। इस क्रम में फाउंडेशन के सदस्यों ने धरती माता करे पुकार नही सहेंगे जनसंख्या भार, पूरे देश का एक जुनून दो बच्चों का बने कानून, बढ़ती जो आबादी है देश की बर्बादी है आदि के नारे लगाये। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि फाउंडेशन लंबे समय से देश में दो बच्चों का कानून बनाने की मांग करती आ रही है। उसी की मांग को लेकर 27 नवंबर को फाउंडेशन जंतर मंतर में रैली का आयोजन कर रही है। जिसमें देश में दो बच्चों का कानून बनाने की मांग सरकार से की जाएगी। इस अवसर पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कई सदस्य मौजूद थे।

## झारखंड शिक्षा परियोजना के रातू काठीटांड़ में कला उत्सव का आयोजन

○ रामगढ़ जिला के प्रतिभागियों ने किया शानदार प्रदर्शन

▶▶ राज्यभर से 400 प्रतिभागी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में डाइट ऑफिस रातू काठीटांड़ में राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के क्लासिकल गायन में द्वितीय स्थान सिद्धार्थ बसु डीएवी बरकाकाना ,तृतीय स्थान सचिन कांत झा एकल नाटक डीएवी बरकाकाना, तृतीय स्थान यशराज भांगड़ा नृत्य डीएवी बरकाकाना, स्नेहा कुमारी डीएवी घाटो तृतीय स्थान शास्त्रीय गायन, अंकित कुमार चित्रांकन प्रतियोगिता में गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय को तृतीय स्थान मिला। बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। रामगढ़ जिले से कुल 17 प्रतिभागी स्कॉट शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू ,दूसरा भारती कुमारी राज बल्लभ प्लस टू उच्च विद्यालय सांडी चितरपुर की देखरेख में शामिल हुए। मेंटर शिक्षक रजनीकांत पाठक डीएवी बरकाकाना, दूसरे पंचरत्न दुबे डीएवी घाटो शामिल थे। रामगढ़ से भाग लेने वाले प्रतिभागियों में विशाखा बेरा डीएवी घाटो, आदित्य लोहरा डीएवी बरकाकाना, तूलिका छेत्री डीएवी घाटो, अभिनव कुमार दीघा घाटो, सेजल कुमारी डीएवी घाटो, दुर्गा कुमारी आर बी प्लस उच्च विद्यालय सांडी चितरपुर, अमर कुमार एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय मांडू, साक्षी कुमारी डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा प्रोजेक्ट, गोकुलदास एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय गोला, श्वेता प्रिया डीएवी रजरप्पा प्रोजेक्ट शामिल हुए। प्रतियोगिता में राज्यभर से 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

वार्ड नं 13 व 14 में आजसू महिला मोर्चा की कमेटी का गठन

## आधी-आबादी की भूमिका हर क्षेत्र में है निर्णायक : तिवारी महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 13 व 14 अरगड्डा में आजसू महिला मोर्चा कमेटी का गठन किया गया। कमेटी गठन में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया व आजसू पार्टी के नगर परिषद कमेटी अध्यक्ष राजेश महतो, सचिव राजेंद्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष हरेश राय, उपाध्यक्ष सुशील सिंह, महासचिव छोटू पटेल, अल्पसंख्यक महासभा के अध्यक्ष सोमू खान, उपाध्यक्ष अख्तर अली, सचिव सोले अंसारी, अनुसूचित जाति महासभा के सचिव रंजीत पासवान शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि आधी आबादी की शक्ति हर क्षेत्र में निर्णायक है। महिला मोर्चा गठित होने से संगठन मजबूत होगा। नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया ने कहा कि सक्रिय महिलाओं के कमेटी में पदभार ग्रहण करने से संगठन का विस्तार होगा। रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी सुनीता चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के निर्देश पर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में महिला मोर्चा कमेटी का गठन किया जा रहा है। महिला मोर्चा गठन से सांगठनिक कार्यों को गति मिलेगी। आधी आबादी की शक्ति आजसू पार्टी की जनाधार और लोकप्रियता बढ़ाएगी। आगामी चुनाव में वांछित परिणाम मिलेंगे।

कमेटी गठन बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष राजेश कुमार महतो व संचालन महासचिव छोटू पटेल ने किया। कमेटी में वार्ड नं 13 अध्यक्ष उषा किरण चौहान, सचिव सुचिता देवी, कोषाध्यक्ष सुशीला देवी, कार्यकारी अध्यक्ष अनीता देवी, उपाध्यक्ष इंदु देवी, रजिया परवीन, कबूतरी देवी, फुलवंती देवी, साधना देवी, पूनम देवी, सावित्री देवी, सुकीर्ति देवी, कुंती देवी, मंजू देवी, चिंता देवी को बनाया गया है। जबकि वार्ड नं 14 कमेटी अध्यक्ष अंजन देवी, सचिव रीना देवी, कोषाध्यक्ष भारती देवी, कार्यकारी अध्यक्ष रीना देवी, उपाध्यक्ष कलावती देवी, कुंती देवी, पिंकी देवी, नजमा खातून, सुशीला देवी, गणेशी देवी, शीला देवी, अनीता देवी, को मनोनीत किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से वार्ड अध्यक्ष भूपत ठक्कर, बंटी सागर, शिवम पिलाई, महिला नेत्री गुड़िया देवी, महिला नेत्री बबिता देवी, मुनिया देवी, भारती देवी, पिलासो देवी, पूनम कुमारी, अनिता देवी, फुल्की देवी, रेखा कुमारी, हीरा देवी, अंजलि देवी, गिरजा देवी, छात्र नेता रवि आदि मौजूद थे।

कोडरमा में कांग्रेस का भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम

## भाईचारगी का पैगाम लेकर देशवासियों को जोड़ रहे हैं : राजेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रदेश भारत जोड़ो पदयात्रा प्रभारी पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी शहजादा अनवर ने कोडरमा में आयोजित पार्टी के पदयात्रा कार्यक्रम में भाग लिया। इसमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शकील अख़्तर अंसारी, विधानसभा पदयात्रा प्रभारी रविशंकर यादव, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे। वहीं कोडरमा जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण यादव एवं बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अशरफ अंसारी अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए जिन्हें प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश के नेताओं ने माला पहना कर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। मुख्य मार्ग होते हुए पदयात्रा प्रस्तावित करमा मेडिकल कॉलेज प्रांगण पहुंची जहां जिला पदयात्रा संयोजक अनिल यादव अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फैयाज कैसर एवं साथियों द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रियों का स्वागत किया गया। पदयात्रा पुनः प्रारंभ हुई जो महाराणा प्रताप चौक पर माल्यार्पण करते हुए झंडा चौक सभा स्थल पर पहुंची। यहां मुख्य वक्ता राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी और हम सब भाईचारगी का पैगाम लेकर देशवासियों को जोड़ते चल रहे हैं जबकि भाजपा और इनके प्रधानमंत्री को राहुल जी का जूता और टी-शर्ट दिखता है। खुद दस लाख का सूट पहनते हैं, झूठ पर झूठ बोलते हैं चाय बेचते बेचते देश की सार्वजनिक कंपनियां बेच डाली। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय ने कि राहुल गांधी 2000 किलोमीटर पर यात्रा कर चुके हैं। जनसैलाब ही बता रहा है कि 2024 में देश ने राहुल गांधी को अपना नेता मान लिया। भाजपा हर जगह विपक्षी सरकार को ही तोड़ने का काम करती है चाहे पैसे से चाहे प्रलोभन से। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हैं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने ऐलान किया कि कोडरमा लोकसभा और विधानसभा कांग्रेस का था तो भविष्य में भी कांग्रेस का रहेगा। भारत जोड़ो पर यात्रियों को असनाबाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों सहित महाराणा प्रताप चौक पर जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान की अगुवाई में आदिवासी समाज के लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। भारत जोड़ो पदयात्रा में मुख्य रूप से मनोज सहाय, निर्मल कुमार ओझा, तुलसी मोदी, नारायण वर्णवाल, राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, अनवारूल हक, राजेंद्र जयसवाल, संजय सेठ, आशीष पांडेय, संजय कुमार शर्मा, राजेश यादव, सईद नसीम, विजय शर्मा, प्रीति सहाय, अर्चना देवी, दशरथ पासवान, भागीरथ पासवान, सुषमा पांडेय, मुखिया मोनी देवी, केसरी देवी, बेबी सिन्हा, विजय प्रसाद सिंह शामिल हुए।

मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

## ठंड से कोई भी प्रभावित ना हो इसका ख्याल रखना आवश्यक है : मुखिया ललिता देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेलकपी मुखिया ललिता देवी ने पंचायत अंतर्गत लगभग 100 गरीब, असहाय जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि क्षेत्र में ठंडी बढ़ती जा रही है और कोई असहाय ठंड से प्रभावित न हो इसका ख्याल रखना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से ठंड से बचने के लिए कम्बल का उपयोग करने की सलाह दी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र पाण्डेय, समाजसेवी नंदू राणा, मनीष पाण्डेय, राजू मंडल, दिलीप साव, बब्लू पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, रंजीत पाण्डेय, रामचंद्र पासवान, बीरेंद्र पांडेय, सूरज मोदी,चंद्र पासवान, राजकुमार पांडेय, गौतम पांडेय, मदन पांडेय, रंजू देवी, मंटू कुमार साव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### बालू माफिया खुलेआम निकाल रहे नदियों से बालू, प्रशासन और खनन विभाग मौन

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ देवनदी में लगातार इन दिनों बालू माफिया पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं लगातार सुबह होते ही नदियों पर ट्रैक्टर में बालू का उठाव कर रहे हैं जिससे कि सरकार का राजस्व नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो बालू का उठाव करने के साथ ही उसे महंगे दामों पर निर्माण कार्य के लिए भेजा जा रहा है और बालू माफिया लगातार इस काम को अंजाम देने लेकिन प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने के कारण बालू का कारोबार करने वाले बेझिझक बिना किसी डर के खुलेआम 24 घंटे बालू का उठाव कर रहे हैं। सरकार अभी तक नदी घाटों का बंदोबस्ती नहीं किया है ऐसे में सरकार का राजस्व का नुकसान हो रहा है। इधर इस मामले में जिला खनन विभाग भी कहीं-कहीं पर कार्रवाई करती है लेकिन खनन विभाग की लापरवाही के कारण एवं प्रशासन के नजरों के सामने खुलेआम बालू का कारोबार हो रहा है लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस मामले में भी मौन साधे हुए हैं जिसका खामियाजा यह है कि बालू का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है।

### मंत्री रामेश्वर उरांव के पहल पर लगा ट्रांसफार्मर

**भंडरा/ लोहरदगा।** विगत दो सप्ताह पूर्व ब्लॉक परिषर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ट्रांसफार्मर जल गया था जिसकी सूचना मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत के द्वारा दिया गया था। मंत्री जी के पहल पर ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत के द्वारा फीता काट कर किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर अमित कुमार, शंकर भगत, स्वास्थ्य कर्मी कुलदीप भगत, प्रखंड कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

### पुतरीटोली में ट्रेलर हुआ दुर्घटनाग्रस्त कोई हताहत नहीं

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची सिमडेगा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की सुबह पुतरीटोली मोड़ के समीप तीव्र गति से सिमडेगा की ओर से रांची की ओर जा रही ट्रेलर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। ट्रेलर के एक पेड़ से टकराने के बाद ट्रेलर में लदा समान सड़क पर बिखर गए जिससे वहां आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गयी। घटना की सूचना वहां के ग्रामीणों के द्वारा कोलेबिरा पुलिस को दी गई जिसके बाद कोलेबिरा पुलिस घटनास्थल जाकर दुर्घटनाग्रस्त टेलर को अपने कब्जे में ले लिया एवं सड़क पर बिखरे सामान को सड़क के किनारे कराया जिसके बाद जाम में फंसे वाहनों को वहां से निकलवाया।

### एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने गांजा के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया

**कैरो/लोहरदगा।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने गांजा (मादक पदार्थ) के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके दुकान में ही अवैध गांजा के साथ नगजुआ निवासी छेदी अंसारी के पुत्र जसीम अंसारी को गिरफ्तार कर कांड संख्या 51/22 धारा 20 (बी) (11) (बी)/ 22 एनडीपीएस एक्ट नारकोटी के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। पकड़ा गया व्यक्ति के पास 45 ग्राम गांजा 24 पुड़िया में व 7 पीस चिलम बरामद किया।थाना प्रभारी संखनाथ उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार आरोपित को पकड़ा गया था, तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध सामानों की बरामदगी हुआ।इस अभियान में एसडीपीओ बीएन सिंह,सीओ कमलेश उरांव,इंस्पेक्टर मंटू कुमार,थाना प्रभारी संखनाथ उरांव, एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह,देवनाथ मरांडी के साथ थाना के दलबल मौजूद थे।

# युवती हत्याकांड का खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार

## प्रेम प्रसंग में हुई थी हत्या, पहचान छुपाने के लिए जलाया था

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खखपरता इलाके में 22 नवंबर को मिले अज्ञात युवती का शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने हत्यारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया इसका खुलासा करते हुए बताया कि परिजनों ने अज्ञात युवती की शव की पहचान मनीषा बड़ा के रूप में की थी जिसके बाद प्रेमी दीपनारायण सिंह उर्फ चरकू पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपी को लोहरदगा के रामपुर से गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसमे युवक द्वारा हत्या तथा पहचान छुपाने के लिए युवती के चेहरे को जलाने की बात स्वीकार की गई। दोनों में 3 वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रही थी, प्रेम प्रसंग में आपसी विवाद के कारण युवक ने हत्या की घटना को दिया अंजाम। युवक के पास मृतक युवती मनीषा बड़ा का शैक्षणिक प्रमाण पत्र मिले। मृतक युवती मनीषा बड़ा 22 वर्ष गुमला जिले के विशुनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। वही हत्यारा प्रेमी की पहचान लोहरदगा जिले के रामपुर गांव का दीपनारायण सिंह 30 वर्ष के रूप में हुई। आरोपी युवक दीपनारायण सिंह का पहले भी अपराधिक इतिहास रहा है लोहरदगा थाना में आर्म्स एक्ट सहित कई मामले है दर्ज।

> ■ दोनों में तीन वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रही थी, प्रेम प्रसंग में आपसी विवाद के कारण युवक ने हत्या की घटना को दिया अंजाम

एसपी ने बताया कि लोहरदगा थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा वीडियो रिकॉडिंग के साथ करायी थी। अनुसंधान के क्रम में युवती की पहचान उनके परिजनों के द्वारा की गयी।अभियुक्त के पास से एक एण्ड्राइड मोबाइल, एक सैमसंग कंपनी का की-बोर्ड मोबाइल, मृतिका का शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजात, एक काला रंग का बैंग, अभियुक्त द्वारा प्रयुक्त पल्सर-200 मोटरसाइकिल नं0-जेएच08एच 6278 बरामद किया गया है। छापामारी टीम में पु०अ०नि० पंकज कुमार शर्मा, प्रभार प्रभारी, लोहरदगा थाना, पु०अ०नि० अभिनव कुमार, थाना प्रभारी कुडू थाना, पु०अ०नि० सन्नी कुमार, थाना प्रभारी, किस्को थाना, पु०अ०नि० अर्पना कुमारी, लोहरदगा थाना, स०अ०नि० अरविन्द कुमार शर्मा, लोहरदगा थाना, चालक आरक्षी - 712 निर्मल कुमार सिंह शामिल थे। इस मौके पर एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## पुलिस अधीक्षक ने पाकरटांड थाना का किया निरीक्षण दिए दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड।** पुलिस अधीक्षक सिमडेगा सौरभ कुमार ने शुक्रवार को पाकरटांड का निरीक्षण किया इस दौरान सर्वप्रथम थाना पहुंचते ही पुलिस जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देखकर उनका स्वागत किया जिसके बाद एसपी द्वारा थाना में बैठकर सभी पंजी एवं कागजातों की विस्तार पूर्वक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने लंबित मामले की जल्द से जल्द निष्पादन करते हुए फरार आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए साथ ही क्षेत्र में अपराधिक गतिविधि ना हो इसके लिए लगातार सघन वाहन जांच अभियान जंगली क्षेत्रों में एलआरपी अभियान के अलावा पुलिस पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करते हुए लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुणे साप्ताहिक हाट बाजारों में व्यापारियों को सुरक्षा देने के लिए लगातार निगरानी रखने की बात कही ताकि बाजार में व्यापार करने आने वाले व्यवसायियों को किसी प्रकार का दिक्कत ना हो। क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को पूरी तरह से नष्ट करें ताकि शराब के कारोबार ना हो। इस मौके पर वहां के स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधियों से बैठक करते हुए पुलिस किए जा रहे कार्य एवं साइबर अपराध सहित सभी प्रकार की छोटी-बड़ी बिंदुओं पर चर्चा किया था चरण का किया क्षेत्र जंगली होने के नाते यहां पर मानव तस्कर सक्रिय रूप से यहां के भोली-भाली बच्चियों को बाहर ले जाकर बेच देते हैं और ऐसे में जो के साथ शोषण होता है इसलिए सभी अभिभावक और आसपास के जनप्रतिनिधि इस सब चीजों को विशेष ध्यान रखें ताकि क्षेत्र में मानव तस्करी ना हो। पर थाना प्रभारी अमित कुमार राय सब इंस्पेक्टर हेमकिशोर गुप्ता सहित थाना के पुलिस बल उपस्थित रहे।

## भेड़िकुदर के समीप कार व स्कॉर्पियो में सीधी टक्कर, पांच लोग हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा-रांची मुख्य मार्ग भेड़ीकुदर के समीप शुक्रवार की सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां पर तेज रफ्तार से जा रही स्कॉर्पियो और कार में सीधी भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार रही कि मौके से गुजर रहे एक साइकिल सवार को भी अपनी चपेट में ले लिया जिसमें कुल 5 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल इलाज के लिए बीरू स्थित शांति भवन मेडिकल सेंटर ले जाया गया। जहां पर उनकी स्थिति को देखते हुए 2 लोगों को रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टुकूपानी बांसटोली निवासी विद्या बड़ाईक अपने स्कॉर्पियो में सिमडेगा से बख्तियारपुर बारात लेकर जा रहे थे। जिसमें भाजयुमो के कुणाल सिंह सहित अन्य लोग भी बैठे हुए थे। इसी दौरान बीरू भेड़िकूदर के समीप रांची से एक दंपति सिमडेगा की ओर आ रहे थे। उनसे ओवरटेक करने के दौरान दुर्घटना हुई और टक्कर हो गई। बाद में वहीं पर भेड़िकुदर निवासी गुलाब नायक जो लकड़ी बेचकर सिमडेगा से आ रहा था उसे भी चपेट में ले लिया जिसकी साईकिल पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और मौके पर गुलाब नायक भी घायल हो गए। स्कॉर्पियो की टक्कर इतनी जोरदार थी कि 2-3 पलटी मारते हुए सड़क की दूसरी ओर चली गई। जबकि छोटी कार भी पलटते हुए सड़क के दूसरी ओर से रगड़ाते हुए कुछ दूर जाकर रुक गई। घटना में विद्या बड़ाईक के माथे में गंभीर चोट आई जबकि कुणाल सिंह के कंधे घुटने में चोट लगी। वहीं कार में बैठे पति पत्नी को भी चोट लगी हालांकि कार में बैठी छोटी बच्ची को चोट नहीं लगी वह सुरक्षित है।

## मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना अंतर्गत आये मामलों की हुई समीक्षा

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना अंतर्गत आये मामलों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अनुसूचित जनजाति के 12, अनुसूचित जाति के 03 और पिछड़ी जाति के 20 मामलों की समीक्षा हुई। सर्वसम्मति से लाभुकों को अनुदान की राशि से लाभान्वित किये जाने की सहमति प्रदान की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल समेत सदस्य उपस्थित थे।

### महिलाओं के खिलाफ लोहरदगा में राष्ट्रीय जेंडर अभियान की हुई शुरूआत

## कुडू के तीन जस्टिस सेंटर सहित देश के 160 केंद्रों का ऑनलाइन उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से शुक्रवार को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय जेंडर अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज गिरिराज सिंह के कर कमलों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर महिला हिंसा के खिलाफ कार्य करने व जागरूकता प्रदान करने के लिए लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के 3 आजीविका न्याय सलाह केंद्र (जस्टिस सेंटर) सहित देश के 160 ऐसे केन्द्रों का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र जेएसएलपीएस से जुडी महिला संगठनो द्वारा संचालित किया जाएगा। केंद्र का प्रमुख उद्देश्य महिला हिंसा की रोकथाम करना, पीड़ित महिलाओं एंव लडकियों को

सरकारी तंत्रों के सहयोग से न्याय दिलाना सहयोग दिलाना एवं समाज में महिला हिंसा एंव जेंडर आधारित भेदभाव के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर कुडू प्रखंड में तीन जेंडर जस्टिस सेंटर, निर्मल धारा आजीविका न्याय सलाह केंद्र पंडरा, चुल्हापनी आजीविका न्याय सलाह केंद्र जिमा एवं कोयल झरना आजीविका न्याय सलाह केंद्र कुडू में उद्घाटन किया गया। यह राष्ट्रीय जेंडर अभियान का एक हिस्सा है। इस अभियान का समापन विश्व एकजुटता दिवस 20 दिसम्बर को औपचारिक रूप से कर दिया जायेगा। यह अभियान प्रत्येक वर्ष चलाया जायेगा। इस अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए सरकार के जो अनेको विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी है जो महीने भर चलाये जाने वाले अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडो में किये जाने वाले गतिविधियों में सहयोग एंव अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। कुडू में आयोजित आज के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू मनोरंजन कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश रंजन, उप निरीक्षक कुडू थाना जोस्फिना हेम्ब्रम, जिला प्रबंधक सामाजिक विनोद होरो, जिला प्रबंधक मानव संसाधन रोहित कुमार, प्रखंड समन्वयक दीपक गुप्ता सहित सभी जेएसएलपीएस कुडू प्रखंड कर्मचारी उपस्थित थे।

## 'समावेशी शिक्षा अंतर्गत इनवायरोनमेंटल बिल्डिंग प्रोग्राम' के तहत एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**लोहरदगा।** जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के पत्रांक 1092 दिनांक 23.11.2022 के निदेश के आलोक में शुक्रवार को रामजीवन नायक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा की अध्यक्षता में 'समावेशी शिक्षा अंतर्गत इनवायरोनमेंटल बिल्डिंग प्रोग्राम' के तहत प्रखंडाधीन सभी विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, अभिभावकों और चिन्हित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के माता-पिता का एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बीआरसी, लोहरदगा में किया गया। इस कार्यशाला में तकनीकी सहायक धीरज पटेल द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हमारे विशेष बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ कर अपने सपनों को उड़ान दे सके। जिसमें इन सबों की भागीदारी आवश्यक है। रिसोर्स शिक्षिका शीलवंती मिंज ने भी सभी उपस्थित माता पिता, अभिभावकों को स्काउट भत्ता, दिव्यांग बच्चों के विशेष देखभाल आदि की जानकारी दी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा ने सभी को संवेदनशील होने की जानकारी दी। इन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे विशेष बच्चे हैं जो हम सभी के अभिन्न अंग है। इन्हें भी सामान्य बच्चों की भांति सभी अधिकारी दिया गया है।

## महिला व बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू मे सेंटर कैटलाइजिंग चेंज के कार्यकर्ताओं द्वारा महिला एवं बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में किशोर किशोरियों द्वारा महिला हिंसा विरोधी संबंधित नारा लगाते हुए पुरे गांव का भ्रमण करते हुए वैसे जगह चिन्हित किया गया जंहा पे इस तरह की हिंसा अक्सर होती हैं। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि शुक्रवार को लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंडों में महिला एवं बालिका हिंसा के बिरुद्ध जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हिंसा हो रही है उन्में जागरूकता आए ताकि जब भी उनके साथ किसी भी तरह की हिंसा

हो तो वे उनका विरोध करें और जब विरोध करेंगे तब ही महिलाओं में होने वाली हिंसा कम होगी साथ ही साथ रैली में लड़के भी शामिल हुए और उन्हेने भी प्रण लिया की वे इस तरह की हिंसा को रोकने में अपनी भागीदारी निभाएंगे, सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के द्वारा यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक लोहरदगा के विभिन्न ब्लॉक में चलाया जाएगा। कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूकता रैली एवं गांव में लड़को, लड़कियों एवं महिलाओ के साथ समूह बैठक किया जाएगा ताकि समाज में रहने वाले सभी लोगों में यह जागरूकता आये और वह किसी महिला या किशोरी पर किसी भी तरह का हिंसा ना करें और ना होने दें। इस कार्यक्रम को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भी विद्यार्थियों के बीच महिला हिंसा विरोधी संबंधित वीडियो क्लिप दिखाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड विकास पदाधिकारी, केजीविभि कुडू के शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यकर्ता पवन कुमार गुप्ता, नवल किशोर सिंह सहित लगभग 300 किशोर किशोरियों एवं महिलाएं ने अहम भूमिका निभाई।

## विद्यालय की दयनीय स्थिति पर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 के राजकीय मध्य विद्यालय पावरगंज की दयनीय स्थिति को लेकर वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने उपायुक्त महोदय को पत्र लिखते हुए दयनीय स्थिति से अवगत कराया है। पत्र में पार्षद ने कहा कि विद्यालय के कमरे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं, जिसके कारण तीन कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को एक ही कमरे में पढ़ाई करनी पड़ रही है। विद्यालय में पेयजल, रनिंग वाटर हैंड वॉश यूनिट, नये कमरे, दरवाजे, खिड़की, मेन गेट, बिजली की वायरिंग, पंखे, रंग रोगन और पहले तल्ले में रेलिंग की आवश्यकता है, रेलिंग नहीं होने के कारण दुर्घटना की संभावना है.और विद्यालय मुख्य सड़क पर स्थित है इसलिए मेन गेट के सामने दो रोड

ब्रेकर और एक बोर्ड की भी आवश्यकता है क्योंकि विद्यालय अवधि के पश्चात छात्र-छात्राएं सीधे मेन गेट से मुख्य सड़क पर ही निकलते हैं इससे भी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पार्षद ने उपायुक्त महोदय को यह भी लिखा इस संदर्भ में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा विभाग को पूर्व में ही अवगत कराया जा चुका है। पार्षद ने उपायुक्त महोदय से मांग की हैं कि शीघ्र ध्यान देते हुए इन कार्यो को कराने की कृपा की जाए ताकि बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न पहुंचे।

### सिकरियाटांड स्कूल में अभिभावक शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन, बीडीओ ने कहा-

# अभिभावक बच्चों पर ध्यान देकर प्रत्येक दिन भेजे स्कूल

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड।** प्रखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिकरियाटांड मे शुक्रवार को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी शक्ति कुंज एवं प्रथम एजुकेशन के सदस्य सहित 173 बच्चो के माता-पिता ने भाग लिया। सर्वप्रथम आये हुये माता-पिता का स्वागत विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर किया। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा बनाये गये ग्लोबल वार्मिग पर मोड्यूल के बारे मे वर्ग दशम की छात्रा ने माता-पिता को बतलाया एवं मिट्टी के उपजाऊ न होने का कारण एवं वातावरण के प्रदूषित होने के बारे मे भी बतलाया। शिक्षिका सालिमा कुल्लू ने विद्यार्थियों के लिए चल रहे व्यवसायिक शिक्षा के बारे मे तथा विद्यालय मे चल रहे स्मार्ट क्लास

तथा कंप्यूटर शिक्षा के बारे मे भी विस्तृत से बतलाया। शिक्षक प्रमोद लकड़ा ने विद्यालय मे बच्चों के नामांकन, उपस्थिति तथा कुछ बच्चों का बहुत दिनो तक वर्ग से अनुपस्थित रहने के बारे मे नाम सहित जानकारी दी ।उन्होंने एक बहुत ही शिक्षाप्रद गीत गाकर माता-पिताजी से आग्रह किया कि बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन जरूर भेजें। उसके बाद विद्यालय मे प्रत्येक वर्ग के बच्चे जो प्रतिदिन विद्यालय आते हैं उनके माता-पिता को गुलदस्ता देक प्रखंड विकाश पदाधिकारी, प्रथम एजुकेशन के संस्थान के पदाधिकारी तथा प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह के हाथों सम्मानित किया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की शिक्षा एक अमूल्य उपहार है और हर बच्चे बच्चे का एक गहना है आभूषण है इसे हर माता-पिता को समझना चाहिए तथा सभी बच्चों को हर हालत में विद्यालय में नामांकन कराना चाहिए और उनको उपस्थिति भी प्रतिदिन होनी चाहिए साथ ही साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा अभी मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य अभी चल रहा है वैसे नौजवान जिनका उम्र 17 अधिक हो गया है वह फॉर्म 6 बीएलओ के पास भरकर जरूर दें ताकि 18 वर्ष होते ही उनका नाम वोटर लिस्ट में शामिल हो जाए उन्होंने यह भी कहा अगर आपका नाम गलत है या पहचान पत्र में आपकी उम्र गलत है लिंग गलत है उसके लिए फॉर्म भरकर सुधार करवा ले प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विद्यालय परिवार को भी धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में माता पिता के साथ शिशु की बैठक अति आवश्यक है इससे माता-पिता में जागरुकता आएगी तथा बच्चे नहीं विद्यालय प्रतिदिन आएंगेअंत में विद्यालय प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह ने सभी माता-पिता से एवं अभिभावकों से आह्वान किया उनका साथ दें, ताकि राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरियाडांड का नाम शिक्षा के क्षेत्र में गौरव से लिया जा सके। खेल के क्षेत्र में भी हमारे बच्चों ने पूरे प्रखंड में परचम लहराते हुए चलो झारखंड प्रतियोगिता में 27 पदक लाने का काम किया। उन्होंने उपस्थिति के बारे में बोला जबसे हुए विद्यालय के चार्ज लिए हर संभव प्रयास विद्यालय की उपस्थिति बढ़ाने में लगे हुए हैं। हमारे विद्यालय में कुल 349 विद्यालय बच्चे नामांकित है, जिसमें आज 285 बच्चे उपस्थित हैं। परंतु दुख भी जताया कि कुछ ऐसे भी बच्चे हैं जो महीना में 2 से 4 दिन विद्यालय आ रहे हैं। उनके माता-पिता से उन्होंने कहा अगर बच्चे के भविष्य को उज्जवल बनाना चाहते हैं तो अपने बच्चों की स्कूल जरूर भेजें। मौके पर अभिभावक के अलावा स्कूली बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय नवीन मेल में छपे खबर का हुआ असर

## डीसी के निर्देश पर श्रम विभाग व बाल संरक्षण विभाग के अधिकारियों ने जलडेगा में चल रहे निर्माण कार्य का लिया जायजा

गार्डवाल निर्माण में हो रही है बाल मजदूरी

मुंशी ने कहा ठेकेदार जाने, हमको नियम कानून नहीं पता

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा/जलडेगा। दी नई तस्वीर जलडेगा प्रखंड के चिक टोली की है, जलडेगा प्रखंड मुख्यालय मुख्य मेन के पास से आठ सौ प्राथमिक विद्यालय पतिअम्बा तक सड़क, पोखरी, पुलिया और गार्डवाल निर्माण का काम चल रहा है। जहां गुरुवार को मुंशी सतेन्द्र यादव की उपस्थिति में काम करवा जा रहा था जिसमें एक नाबालक के रूप में 14वर्षीय बच्ची भी काम रही थी, जो मुरुवा, सरायकेला खरसावां जिले की छोटानागपुर कुटुंबित की रहने वाली है। जिसका नाम पोलमारी जान, पिता का नाम इंदर जान है। मौके पर उपस्थित मुंशी द्वारा कहा गया कि ठेकेदार जाने किससे काम करवाना है। यही नहीं कार्यस्थल पर कार्य से संबंधित सुरक्षा मूह भी नहीं लगा गया है जिससे यह भी पता नहीं चल पाया की ने निर्माण कार्य किस विभाग से और कितनी लागत पर की जा रही है।

**महिला मजदूर को 250 और पुरुष को 300 रुपये दिया जा रहा है मजदूरी :** काम करने वाली मजदूरों से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनसे सात्र सात से आठ घंटा काम लिया जा रहा है। साथ ही उनके साथ भेद भाव भी किया जा रहा है। ठेकेदार महिला मजदूरों को 250 रुपये और पुरुष मजदूरों को 300 रुपये दे रहा है। मुंशी सतेन्द्र ने कहा मजदूरों के कहें अनुसार के मजदूरी तय की गई है विभागीय मजदूरी दर पता नहीं है।

**कार्यस्थल में बिना बोर्ड लगाए ही शुरू हो गया काम :** कार्यस्थल पर सौनूर मुंशी ने योजना बोर्ड के विषय में पूछा गया तो मुंशी ने कहा की इंजीनियर ने कहा है कि काम खत्म होने के बाद एक बोर्ड वह बोर्ड लगा दिया जाएगा। काम कर मजदूरों ने कहा पत्थर का काम करवाया जा रहा है लेकिन संबंधित मजदूरों के सुरक्षा को लेकर कोई सुविधा नहीं है। ठेकेदार ने प्राथमिक उपचार के लिए किसी प्रकार की कोई भी सुविधा कार्यस्थल में उपलब्ध नहीं कराई है।

**एक नंबर का काम में दो नंबर का माल और पत्थर का ही रखा उपयोग :** गलवाडी की लगभग दो घर रहे इस निर्माण कार्य में लिपटी को लाल में रखकर काम करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य में खेत और नाले के चपटीले और मिट्टीयुक्त बालु एवं अनावश्यक पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। और सभी बालु अवैध रूप से निकाला जा रहा है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** जलडेगा के चिक टोली में बन रहे गार्डवाल में ठेकेदार और मुंशी द्वारा 14 वर्ष से कम उम्र की एक नाबालिक लड़की से मजदूरी कराने का मामला शुक्रवार को 'राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार' में प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया है। सिमडेगा डीसी के निर्देश पर शुक्रवार को श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मुन्ना राम, जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा के अंकित कुमार, सोनी स्वेता कुमारी कार्यस्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के क्रम में मुंसी सतेंद्र यादव ने स्वीकार किया कि बच्ची से काम कराया गया था एवं उसे 250 रू प्रतिदिन की दर से मजदूरी का भुगतान किया गया था हालांकि खबर प्रकाशित होने के बाद बच्ची को काम नही करने दिया गया। श्रम अधीक्षक के समक्ष बच्ची का बयान दर्ज किया गया वहीं मौके पर कार्यरत मजदूरों एवं मुंसी का बयान भी लिया गया। श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज द्वारा जांच के लिए काम करा रहे ठेकेदार से लेबर लाइसेंस एवं योजना से संबंधित दस्तावेज की मांग भी की गई। इस संबंध में पूछने पर श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने कहा कि मौके पर लिए गए बयानों के आधार पर यह पाया गया है कि बच्ची से काम कराया गया था जिसे मुंसी ने भी स्वीकार किया है सभी बयानों एवं तथ्यों के जांच करने के उपरांत विभागीय करवाई की जाएगी।

## न्यूज गैलरी

### झामुमो जिला अध्यक्ष ने भाजपा की रैली को विफल बताया

**मेदिनीनगर।** पलामू झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भाजपा की आक्रोश रैली को पलामू की जनता ने नकार दिया है। जिस पार्टी के पास जिले में 4 विधायक, सांसद, मेयर, डिप्टी मेयर हों, जिनके कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और प्रदेश स्तर के नेता आये हों उस कार्यक्रम में मामूली भीड़ का होना दिखाता है की झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के विरोधियों के साथ कभी खड़ी नहीं हो सकती है। केंद्र की गलत नीतियों के कारण आज महंगाई आसमान पर पहुंच चुकी है। हमारी सरकार झारखंडियों की सरकार है जनता के बीच आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जाती है और उनकी परेशानियों को दूर करती है। कुछ दिन पहले ही झामुमो पलामू की रैली में हजारों लोग थे। आप सबको पता है की पलामू में झामुमो का कोई विधायक नहीं है फिर भी सिर्फ संगठन की मेहनत और हेमंत सोरेन की लोकप्रियता की वजह से हजारों लोग मुख्यमंत्री के समर्थन में आए थे। झारखंड में डेढ़ दशक तक इनकी पार्टी सत्ता में थी । इन्होंने राज्य का सिर्फ दोहन किया है। भाजपा आदिवासी, मूलवासी विरोधी पार्टी है। ये सिर्फ लोगों को आपस में लड़वाना जानती है । झारखंड के विकास से इन्हें कोई मतलब नहीं है । ये लोग सत्ता के लिए नकारात्मक राजनीति शुरू से करते आए हैं। जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

### अभाविप ने एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा नगर इकाई के नगर मंत्री रामाशंकर पासवान के नेतृत्व में शुक्रवार को विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कई मुख्य मांग किया गया है। जिसमें स्नातक सेमेस्टर 4 एवं 6 के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई जाए। जिससे अब तक परीक्षा फॉर्म न भर पाने वाले विद्यार्थियों को एक अंतिम मौका मिल सके। हाल में हुई जारी स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी परीक्षा परिणामों के त्रुटि को छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अविलंब दूर की जाए एवं आवश्यक कार्रवाई किया जाये। महाविद्यालय में रिक्त शिक्षक के पदों को अविलंब भरा जाये । मौके पर उपस्थित रामा शंकर पासवान ने कहा कि एनपीयू में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता एवं लगातार छात्रों के परीक्षा परिणाम में त्रुटि होना एनसीसीएफ की नाकामी है। इसे विश्वविद्यालय प्रशासन अविलंब त्रुटियों को दूर करें। मौके पर प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडेय, जिला एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय अध्यक्ष विपिन यादव, नवलेश कुमार यादव सहित कई अन्य विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तीन दिसंबर को पलामू रचेगा इतिहास शहीद का मनेगा भव्य जन्मोत्सव

**मेदिनीनगर।** शहीद लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला का 28 वां जन्मोत्सव पर कटेगा 28 पौंड का केक, गोलू राजा गायेंगे सोहर एवं देशभक्ति गीत। झारखंड के पलामू जिला का सिंगरा गांव नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आमतौर पर शहीद स्मारक स्थल अपने जीर्णोद्धार का जहां बाट जोहता है । वहीं सिंगरा के लाल लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला का प्रतिमा स्थल पर मेला की परंपरा का शुभारंभ हो चुका है। हर वर्ष तीन दिसंबर को आयोजित होने वाले जन्मोत्सव को भव्यता प्रदान करने की तैयारी जोरों पर है। जहां संध्या चार बजे 28 वें जन्मदिवस पर 28 पौंड का केक शहीद की माता उषा शुक्ला के हाथों संपन्न होगा। वहीं भोजपुरी सम्राट गोलू राजा शहीद के परिवार के अरमानों को सोहर एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से पूरा करेंगे। इसकी जानकारी शुक्रवार को सिंगरा स्थित शहीद अनुराग शुक्ला चौक पर स्थापित शहीद स्मारक स्थल पर प्रेसवार्ता का आयोजन कर दी गई। मौके पर शहीद के पिता जीतेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि मेरा पुत्र अपने कर्तव्य पथ पर चलकर मां भारती को जीवन समर्पित कर दिया, जिसकी कीर्ति गाथा हर वर्ष बढ़ाने का संकल्प लिया है। पिछले साल संकीर्तन सुंदर कांड का पाठ जहां आयोजन किया गया था। वहीं इस साल तीन दिसंबर को भोजपुरी कलाकारों का जमावड़ा लगेगा। जन्मोत्सव कार्यक्रम में सांसद, आयुक्त, डीआईजी, कुलपति, उपायुक्त, एसपी समेत प्रशासनिक गणमान्य को आमंत्रित किया जा रहा है। वहीं संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पुत्र का जाना दुखदाई है। परंतु गौरवशाली इतिहास को गढ़ना पलामू को सिखा दिया। इस अवसर पर शहीद की आत्मा की शांति के लिए वृद्ध, जरूरतमंद, असहाय के बीच दान भी किया जायेगा। मौके पर झारखंड के प्रसिद्ध तबला वादक शिशिर शुक्ला ने बताया कि कलाकारों में शहीद के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह है। सिंगरा के लाल शहीद लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला के जन्मदिवस पर भोजपुरी कलाकारों का जमावड़ा लगने का सिलसिला चल पड़ा है। इस दौरान शहीद अनुराग शुक्ला के मित्र सह भाजपा युवा नेता आशीष भारद्वाज ने बताया कि शहीद लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला अल्पायु में इतने कीर्तिमान गढ़ चुके हैं कि उनकी गाथा एक संदेश बनकर युवाओं में जोश भरता रहेगा। हम उनके जन्मोत्सव को हर वर्ष धूम-धाम से मनायेंगे, जिसमें युवा बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। मौके पर शहीद के बाबा उमेश्वर शुक्ला समेत ग्रामीण कई मौजूद रहें।

### शबरी सुशीला मेहता मेमोरियल अवॉर्ड में केंद्रीय मंत्री ने भाग लिया

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के बंदुआ स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में माता शबरी सुशीला मेहता मेमोरियल अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद पलामू विष्णु दयाल राम , भाजपा जिलाध्यक्ष पलामू विजयानंद पाठक , विधायक आलोक चौरसिया , विधायक पांकी विधानसभा डॉक्टर शशि भूषण मेहता , सहित भाजपा के वरीय पदाधिकारियों के साथ उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह शामिल हुए। मौके पर स्कूल के प्राचार्य सहित स्कूल प्रबंधन के सभी पदाधिकारी , अभिभावकगण, स्कूल के मेधावी छात्रगण सहित मीडिया बंधु मौजूद रहे।

### सप्लाई पानी की आपूर्ति शुरू, लोगों को मिली राहत

**मेदिनीनगर।** शहर में छह दिनों से बंद सप्लाई पानी की आपूर्ति शुक्रवार से शुरू किया गया। सप्लाई पानी के आने से लोगों को राहत मिली है। गौरतलब है कि रविवार को पानी टंकी के सफाई के कारण पानी आपूर्ति बाधित किया गया था। जिसके बाद लगातार विभाग पर लोगों का दवाब बनाया जा रहा था। पानी बाबा के नाम से विख्यात परशुराम ओझा के लगातार प्रयास और डिप्टी मेयर के द्वारा भी लगातार निरीक्षण किया जा रहा था । जिसके फलस्वरूप शुक्रवार से निर्वाध रूप से पानी आपूर्ति शुरू किया गया है। स्थानीय जिला स्कूल टंकी से पानी की आपूर्ति करने वाले किशोर ने बताया कि बिजली की समस्या होने के कारण पानी नही चढ़ाया जाता है। लेकिन बिजली रहने के बाद पानी आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है।

## 13 करोड़, 62 लाख रुपए की लागत से बनेगा महिला महाविद्यालय, मंत्री ने किया शिलान्यास, बोले-

# अब गढ़वा की बेटियां भी अपने ही शहर में प्राप्त करेंगी उच्च शिक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के सोनपुरवा में रेलवे स्टेशन उस पार नहर के समीप 13 करोड़, 62 लाख रुपए की लागत से महिला महाविद्यालय बनेगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर महिला महाविद्यालय का शिलान्यास किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब गढ़वा की बेटियां भी अपने ही जिले में उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगी। आज तक गढ़वा में एक भी महिला महाविद्यालय की स्थापना नहीं की जा सकती थी। परंतु आज गढ़वा वासियों के आशीर्वाद एवं सहयोग से यह नेक कार्य पूर्ण हो रहा है। गढ़वा में एक सर्व सुविधा संपन्न महिला कॉलेज बन रहा है। यह महाविद्यालय गढ़वा में महिला शिक्षा के क्षेत्र में मील का एक पत्थर साबित होगा। अपनी बेटियां भी पढ़ेंगी और आगे बढ़ेंगी। मंत्री श्री ने कहा कि वे गढ़वा के आमूलचूल परिवर्तन के लिए कटिबद्ध हैं। गढ़वा के इतिहास में आज तक जो विकास कार्य नहीं हो सका वह अब हो रहा है। गढ़वा के विकास गाथा में आज एक और नया अध्याय जुड़ गया। पूर्व के जनप्रतिनिधि सिर्फ अपना ही महाविद्यालय खोलने में रह गए। गढ़वा के जनता ने जिन्हें 10 वर्षों तक मौका दिया वे अपने कार्यकाल में जनता का माखौल उड़ाते रहे। अब जनता उनका मखौल उड़ा रही है। वे अब सर्कस के जोकर की तरह काम कर रहे हैं। लोगों के बीच सिर्फ मसखरी कर लोगों के लिए मनोरंजन का साधन बन गए हैं। मंत्री ने कहा कि वे आगे की परवाह नहीं करते हैं। सिर्फ जनता के लिए काम करते हैं। अगले पांच वर्ष बाद क्या होगा यह सब जनता पर छोड़ता हूं। उन्होंने कहा कि मैं धनबल, जात, पात और धर्म की राजनीति नहीं करता। सिर्फ और सिर्फ जनसेवा की राजनीति करता हूं। उसी का परिणाम है कि आज गढ़वा में विकास की गंगा बह रही है। झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम, बलराम तिवारी, पारसनाथ तिवारी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष रेखा चौबे, मुखिया सुरेंद्र यादव, भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता आदि ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, संवेदक अनिल सिंह, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, अनिता दत्त, विश्वनाथ सिंह, चंदा देवी, कबूतरी देवी, मीना देवी, रजनीगंधा, दिव्य प्रकाश केशरी, अशोक चंद्रवंशी, राहुल जायसवाल, प्रो. प्रेमलता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### करीब चार एकड़ भूमि में महाविद्यालय का निर्माण होगा

करीब चार एकड़ भूमि में इस महाविद्यालय का निर्माण होगा। इस कॉलेज में कला, विज्ञान व वाणिज्य सभी विषयों की पढ़ाई होगी। इसमे एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी, कॉमन रूम, स्टाफ रूम, पैंट्री, कैंटीन, अम्पीथीयेटर जैसी सभी सुविधाएं होंगी। कार्यक्रम के आयोजन के एक बड़ा कोर्टयार्ड भी होगा। इसमें एंट्रेंस लॉबी, वेटिंग हॉल, पूछताछ, प्रशासनिक कार्यालय, स्टाफ शौचालय (एम,एफ), प्रधान कार्यालय के साथ पूर्व कक्ष शौचालय, पीए केबिन और अलग प्रतीक्षा क्षेत्र, स्टोर, सेमिनल हॉल, शारीरिक रूप से दिव्यांगों के लिए शौचालय के साथ सामान्य शौचालय, वर्ग कक्ष, दो सीढ़ी, दिव्यांगों के लिए रैंप, व्याख्यान कक्ष, कैंटीन के साथ थिएटर, टीचिंग स्टाफ रूम के साथ अटैच टॉयलेट सहित कॉमन टॉयलेट, शारीरिक रूप से दिव्यांग छात्राओं और कार्यक्रमों के लिए कोर्टयार्ड कॉरिडोर से जुड़ा हुआ होगा। सभी संबंधित विषयों के लिए सामान्य एवं दिव्यांगों के लिए का अलग-अलग प्रयोगशाला, लाइब्रेरियन केबिन के साथ पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष आदि सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग के भी व्यवस्था की जाएगी।

## विधायक ने महुआडांड़ में 35 योजनाओं का किया शिलान्यास, कहा

# विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ ।** लोकप्रिय मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह सोमवार को विधायक योजनामद अंतर्गत महुआडांड़ प्रखंड के संत मिखाइल स्कूल में चबूतरा शेड निर्माण, सरनाडीह स्थित चर्च परिसर मे चबूतरा निर्माण, जामिया, गौसिया, मदीना तीनो मदरसा परिसर में भवन निर्माण का शिलान्यास फीता काट एवं नारियल फोड़ कर किया। साथ ही संत मिखाइल स्कूल में विद्यालय के छात्रो ने विधायक का स्वागत गुलदस्ता देकर किया। वही महुआडांड़ के दुर्गा बाड़ी परिसर में स्टेज शेड निर्माण, सरनाडीह स्थित चर्च परिसर में चबूतरा निर्माण एवं अक्सी ग्राम के जामून पेड़ से कब्रिस्तान तक, लुरगुमी खुर्द कब्रिस्तान से पति तूरी के घर तक, गांव बराही से अलकसयुस पन्ना के घर तक, गांव अम्वाटोली में मजीद के घर से बिहारी जयसवाल के घर तक, महुआडांड़ बाजार स्थित आजाद मार्केट से समीम किराना दूकान तक एवं समीम किराना दूकान से डीपाटोली चौक तक व उमेश के घर तक और हबलू के घर तक पीसीसी पथ निर्माण समेत लगभग ढेड़ करोड़ की लागत से प्रखंड के विभिन्न गांव में कुल 35 योजनाओ का शिलान्यास किया। विधायक श्री सिंह ने कहां कि विधान सभा क्षेत्र में आने वाले समय में योजनाएं और भी आयेगीं, सड़क, भवन, नाली समेत जन विकास की योजनाओ को प्रथमिकता दिया जाएगा। मौके पर महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर, थाना प्रभारी अशुतोष यादव, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, मुखिया प्रमिला मिंज, उषा खलखो, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधी इस्तखार अहमद, रामनरेश ठाकुर, अजित पाल कुजुर, रानू खान, बसारत अली, तनवीर अहमद, नुरूल अंसारी, मुजाहिद, शहीद खान समेत कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खुरा पंचायत के आधार केंद्र बंद रहने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखण्ड के खुरा पंचायत सचिवालय में आधार केंद्र बंद रहने से पंचायत के आधार कार्ड बनाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी खुरा पंचायत के सभी गांव के लोगों को आधार केंद्र में आधार कार्ड सुधारने , नया आधार कार्ड बनाने के लिए पंचायत सचिवालय में कुछ दिनों पूर्व आधार केंद्र का शुभारंभ किया गया था लेकिन पंचायत सचिवालय में खोले गए आधार केंद्र का आधिकांश समय बंद रहने से दूरदराज से आधार कार्ड बनाने के लिए पंचायत सचिवालय पहुंचने वाले लोगों को निराशा हाथ लग रही है। बुधवार को पंचायत के उत्तम कुमार सिंह,करिश्मा कुमारी,सानवी कुमारी,आराध्या कुमारी,संगीता देवी,आरती देवी समेत अन्य लोग खुरा पंचायत सचिवालय में आधार कार्ड सुधारने व नया आधार कार्ड बनाने पहुंचे हुए थे लेकिन काफी देर तक बैठने के बाद भी ग्रामीणों को निराशा हाथ लगी। पंचायत सचिवालय में बनाए गए आधार केंद्र पूरे दिन नहीं खुला,जिससे सभी ग्रामीणों को बेरंग वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराते हुए पंचायत सचिवालय में बनाए गए आधार केंद्र को नियमित खोलने की मांग किया है। जिससे आधार आधार केंद्र का लाभ केंद्र का लाभ सभी ग्रामीणों को नियमित रूप से मिल सके।

### आधार केंद्र को नियमित खोलने की मांग

### जेएमएम की बैठक में संगठन मजबूती पर दिया बल

**गिद्धौर (चतरा)।** शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारियातु में हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखलाल सिंह भोक्ता व संचालन प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने किया। सर्वप्रथम सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें करीब दो दर्जन महिला व पुरुषों ने जेएमएम की सदस्यता ग्रहण किया। वहीं बैठक में संगठन मजबूत का निर्णय लिया गया। जबकि हेमंत सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया गया। बताया गया कि सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन, सरकारी कर्मियों का पेंशन लागू करने के साथ झारखंडयों की पहचान 1932 खतियान की स्वीकृति, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, सहायक पुलिस कर्मियों के सेवा में अवधि विस्तार, आंगनबाड़ी सेविका सहायका के मानदेय में वृद्धि किया गया।

### सहायक शिक्षको के मुद्दे पर 28 को होगी बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के सहायक शिक्षकों को राज्य सरकार जल्द बड़ी सौगात देने जा रही है। शिक्षा मंत्री के निर्देश के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव, प्राथमिक शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक, झारखंड अधिविध परिषद के सचिव, सहायक अध्यापकों की वेतन विसंगति सहित अन्य मुद्दों पर समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में सहायक अध्यापकों की वेतन विसंगति संबंधी कई बड़ी परेशानियों का हल निकल सकता है। मंत्री के निर्देश पर 28 नवंबर को यह बड़ी बैठक होगी। इस बैठक पर प्रदेश भर के सहायक अध्यापकों की नजर टिकी है। मंत्री के निर्देश पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव, प्राथमिक शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक, झारखंड अधिविध परिषद के सचिव को पत्र के जरिए सूचना दे दी गई है। 28 नवंबर को सुबह 11 बजे से यह बैठक होगी।इस बैठक का एजेंडा और सहायक अध्यापकों से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा करना है। सहायक अध्यापकों से जुड़ी समस्याओं में वेतन विसंगति, अनुकंपा आकलन परीक्षा, कल्याण कोष, कर्मचारी भविष्य निधि आदि विषय पर बातचीत होगी। पत्र में संबंधित अफसरों से बैठक में वांछित प्रतिवेदन के साथ में भाग लेने को कहा गया है।गौरतलब है कि सहायक अध्यापक लगातार अपनी मांगों को लेकर रहे हैं। आए दिन किसी न किसी मुद्दों को लेकर सहायक अध्यापकों का आंदोलन होता रहता है।

# खाद आपूर्ति को लेकर पदाधिकारी ने डिलरों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के ब्लॉक परिसर के सभागार में खाद्य आपूर्ति समस्या को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अनील कुमार और सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की उपस्थिति में बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड सरकार के वित्त सह खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उराव ,पांकी विधानसभा क्षेत्र के मंत्री प्रतिनिधि सह पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी रुद्र शुक्ला उपस्थित रहे। साथ ही अतिथि के रूप में मंत्री जिला प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी भी उपस्थित रहे । सभी ने अपनी बातों से मंत्री प्रतिनिधि को अवगत कराया। इस बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने अपनी अपनी समस्या से भी अवगत कराया। मंत्री प्रतिनिधि ने उनकी बातों को मंत्री तक पहुंचाने का वादा किया। मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि इस बैठक का मूल उद्देश्य है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलाम्बर पीताम्बरपुर के सभी आम जनता को खाद्य आपूर्ति संबंधित सभी जन समस्याओं से जल्द निदान मिल सके। साथ ही राशनकार्ड में हो रही समस्या को लेकर विभाग सहित मंत्री युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे है। इस मुहिम को लेकर मंत्री प्रतिनिधि प्रखण्ड स्तर से ग्राम स्तर तक जाकर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रहे है। नीलाम्बर पीताम्बरपुर बैठक की समीक्षा में यही पाया गया कि प्रखण्ड व जिला स्तर पर अपने कार्यो के लिए हमेशा 1 नम्बर 2 नम्बर पर रह रहा है। इनकी कार्य शैली बेहतर है। साथ ही मंत्री प्रतिनिधि रूद्र शुक्ला ने कहा कि वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उराँव भी जल्द ही नीलाम्बर पीताम्बरपुर की जनता के बीच आयेंगे और उनसे सीधा मुलाकत करंगे। कार्यक्रम में-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार एजीएम- संजय सिंह पांकी विधान सभा कांग्रेस अध्यक्ष -अजिताभ दुबे , जनवितरण संघ के अध्यक्ष - व्रज किशोर तिवारी ,वरिष्ठ डीलर दिलीप तिवारी , डीलर मुनेन्द्र नाथ दुबे, डीलर ईश्वरी शुक्ला सहित भारी संख्या में कई लोग उपस्थि रहे।

डिलरों के साथ बैठक करते अधिकारी

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन, लोगों ने की फरियाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त ने लोगों की फरियाद सुनते हुए उनके सभी शिकायतों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कर निवारण का निर्देश दिया।

जनता की समस्याओं का समाधान करते पलामू उपायुक्त

**ईलाज हेतु संदीप कुमार को 20 हजार व सुनील राम को 50 हजार रुपये देने के निर्देश :** जनता दरबार में पाटन के जोड़ा खुर्द से आये संदीप कुमार ने उपायुक्त को बताया कि मैं हाथ से दिव्यांग हूं और मेरी आर्थिक स्थिति इतनी नहीं है कि मैं अपना इलाज करा सकूं । अतः उन्होंने उपायुक्त से इलाज हेतु आर्थिक मदद करने की बात कही । इस पर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट रेड क्रॉस के सचिव डॉक्टर सत्यजीत गुप्ता को अपने कार्यालय में बुलाकर संदीप कुमार को 20 हजार रुपये की मदद करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह चैनपुर के हरिनामाड़ से आये सुनील राम को भी अपना इलाज हेतु वेल्लोर जाना था । लेकिन पैसे नहीं रहने के कारण वह वेल्लोर जाने में असमर्थ थे । उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से सुनील राम को भी पचास हजार रुपये देने की बात कही।

**पांडु के बजरंगी गुप्ता का ऑन स्पॉट दिव्यांगता पेंशन निर्गत :** पांडु के महूगांवा के रहने वाले बजरंगी गुप्ता ने अपना दिव्यांगता पेंशन स्वीकृति को लेकर आवेदन दिया कहा कि कई बार प्रयास करने के बावजूद आजतक पेंशन निर्गत नहीं हो पाया है । मामला संज्ञान में आते ही उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को पेंशन स्वीकृति को लेकर निर्देशित किया। जिसके पश्चात ऑन स्पॉट लाभुक का पेंशन स्वीकृत कर दिया गया। इसके अलावे विभिन्न प्रखंडों से जुड़े कुल 5 मामले आये । जिसमे वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन शामिल थे। उपायुक्त ने सभी पेंशन संबंधित आवेदन को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्वीकृत करने का निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# अदबी संसार का 18वीं तरही नातिया मुशायरा संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** मुस्लिम नगर स्थित डॉ.मकबूल मंजर के आवास पर अदबी संसार ने 18 वीं तरही नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अशफाक़ अहमद ने की। संचालन हाजी शमीम रजवी ने किया। गत सप्ताह मुशायरा में शायरों व अतिथियों का स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे.अजहर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज मो.मेराज आलम ने तिलावत ए कुरान पाक पेश कर की। मुशायरा में उमर बिन तस्लीम, मिर्जा. खलील बेग ताहिर की सेहत, साहब ए खाऩा डॉ.मकबूल मंजर के साथ-साथ उपस्थित लोगों व भारत की खुशहाली के लिए दुआ की गई। महबूब ए खुद़ा, उनकी हर बात कलेजे में उतर जाती है। शमीम रजवी रब ने खुद़ फरमा दिया या मुस्तफा, आप हैं नूर ए खुद़ा या मुस्तफा काज़ी जसीमुद्दीन शमीमी दाखिला होगा । अमीन रहबरः मनाएं क्यों न हम खुशियां रबीउन्नूर पर रहबर, फरिश्ते झूमते हैं जब शह ए दीं की विलादत पर। डॉ.इंतेखाब़ असरः यकीऩन रोज ए महशर मोमिनो को बख्शवायेंगे, यकीं कामिल हमें है आपके दस्त ए शफाअत पर। नौशाद अहमद खांः खुश्क पत्ते की तरह जब ये बिखर जाती है, तब भी ये जीस़्त मदीने में संवर जाती है। अलाउद्दीन शाह चिरागः रब वसीले से हमेशा आपके, करता है पूरी दुआ या मुस्तफा.। इमरान शादः बाद मरने के कोई अपना नहीं, हश्र में है आसरा या मुस्तफा.। इनके अतिरिक्त डॉ.तस्लीम आरिफ, डॉ.मकबूल मंजर, प्रो.नसीम रियाजी, एम.जे.अजहर, फारुक अहमद, मो.यूनुस रजवी, हाफिज मेराज आलम ने भी कलाम पेश किया। मुशायरा में अदबी संसार के सेक्रेटरी मो.शाहिद अनवर, हसनैन खां, अरशद जमाल गुड्डू सहित कई लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन संस्थाध्यक्ष इमरान शाद ने किया।

सम्पादक की कलम से...

## कहीं खुशी-कहीं गम

**झारखंड** में फिलहाल नगर निकाय चुनाव टल गया है। वहीं, अब चुनाव को लेकर नयी तारीखों के ऐलान पर फिलहाल सबकी नजर है। इस बीच भावी प्रत्याशियों में जहां मायूसी छा गयी है, वहीं वर्तमान में अपने पद पर पार्षदों को थोड़ा और मौका मिल गया है। जिससे साफ है कि चुनाव के टलने से कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल है। बताते चलें कि नगर निकाय चुनाव को लेकर चुनाव आयोग रेस हो गया था। इसके बाद से ही प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्डों में दावेदारी पेश करना शुरू कर दिया था। वहीं, पोस्टर और सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गये थे। निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश करना शुरू कर दिया था। सभी अपने-अपने तरीके से लोगों को अपने पक्ष में समर्थन मांग रहे थे। कई लोगों ने तो वार्ड में अपनी चौपाल लगाना शुरू कर दिया था, जिसमें वे लोगों की समस्याएं सुन उसे दूर करने का आश्वासन भी दे रहे थे। इस बीच पहले से जीते प्रत्याशियों की कमियां भी गिना रहे थे। हालांकि, पहले से जीते प्रत्याशी भी अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। पिछले दिनों ट्राइबल एडवाइजरी कमिटी की बैठक हुई। जिसमें चर्चा की गयी कि निकाय चुनाव में नगर निकायों में अध्यक्ष या मेयर पर का पद एससी के लिए रिजर्व कर दिया गया है, जिससे कि सभी जिलों में एसटी का प्रतिनिधित्व घट जायेगा। साथ ही यह भी कहा गया कि उन्हें उम्मीद है कि निकाय चुनाव से पहले इसमें कुछ फेरबदल हो सकता है। जिससे कि निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद एससी की बजाय एसटी के लिए रिजर्व करने पर फिर से विचार किया जा सकता है। दूसरी ओर शुक्रवार को नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण दिये जाने की मांग को लेकर झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। प्रार्थी राजेश गुप्ता ने हाईकोर्ट में पीआईएल दायर की है। याचिका में ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद आरक्षण देने की मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने पंचायत चुनाव के दौरान सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ट्रिपल टेस्ट कराने की बात कही थी, लेकिन राज्य में अब तक ट्रिपल टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रांची नगर निगम के मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के व्यक्ति के लिए किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जा चुकी है। लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर कर कहा है कि पांचवीं सूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए ही आरक्षित करने का प्रावधान है, लेकिन चुनाव आयोग ने नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार एससी के लिए मेयर का पद आरक्षित कर दिया है। याचिका में कहा गया है झारखंड में पांचवीं अनुसूची लागू है।

### आज का इतिहास

**1818 :** दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली।
**1824 :** प्रसिद्ध दार्शनिक दयानंद सरस्वती का जन्म।
**1855 :** अमेरिका में मिशीगन विश्वविद्यालय की स्थापना।
**2001 :** मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में 6.6 तीव्रता वाले भूकंप से कम से कम 400 लोगों की मौत।
**2003 :** प्रसिद्ध फिल्मकार यश चोपड़ा को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिला।
**1871 :** ईसाई मिशनरी, शिक्षाविद एवं भारत में समाज सुधार का काम करने चार्ल्स एफ. एंड्रयूज का इंग्लैंड में जन्म।
**1966 :** सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
**1968 :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऑल इण्डिया जन संघ के अध्यक्ष चुने गए।
**1974 :** नोबेल पुरस्कार विजेता अलेक्सान्द्र सोल्शेनीत्सिन को सोवियत संघ सरकार और साम्यवाद की आलोचना करने के लिए देश से निकाला गया।
**1984 :** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।
**1990 :** अमेरिका, ब्रिटेन तथा फ्रांस ने जर्मनी को फिर से एकीकृत करने पर सहमति दी।
**2008 :** हिंदी सिनेमा के हास्य कलाकार राजेंद्र नाथ का निधन।
**2014 :** चीन के कैली शहर में एक अवैध जुआ घर में विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गयी तथा 17 लोग घायल हो गये।
**2014 :** अमेरिकी अभिनेता राल्फ वाइट का निधन।
**2015 :** प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. तुलसीराम का निधन।
**1742 :** मराठा राजनीतिज्ञ बालाजी जनार्दन भानु उर्फ नाना फडणवीस का जन्म।
**1762 :** ब्रिटिश नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर कब्जा किया।
**1771 :** गुस्टाव तृतीय स्वीडन के राजा बने।
**1809 :** अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का जन्म।

# संविधान दिवस : अतुल्य विरासत को जारी रखने का संकल्प

**संविधान दिवस : अतुल्य विरासत को जारी रखने का संकल्प**

मानव सभ्यता का एक लंबा इतिहास रहा है जिसके दौरान अब तक असंख्य उपलब्धियां दर्ज हुई हैं। एकजुटता की भावना, नैतिक निर्णय लेने की क्षमता, सत्ता समीकरणों की संतुलित स्थिति, क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और प्रसार, प्राचीन काल से लेकर अब तक चिंतन के महत्वपूर्ण क्षेत्र रहे हैं। इंसानों ने, सामाजिक जीव होने के नाते अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अभिव्यक्त करने के लिए इस दिशा में हमेशा से प्रयास किए हैं। इसके दूसरी ओर विश्व के संविधानों ने आकांक्षाओं, संबंधित लक्ष्यों, वैयक्तिक और सामूहिक सामाजिक प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शकों की हैसयित से कार्य किया है। भारत लोकतंत्र की जननी है और यहां सांस्कृतिक विरासत की लंबी परंपरा रही है। 26 नवम्बर को मनाया जाने वाला संविधान दिवस अमृत काल में मनाए जाने के कारण विशेष महत्व रखता है।

मोदी सरकार ने 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। आज हम संविधान निर्माण की 73वीं वर्षगांठ मना रहे हैं जिसके माध्यम से हम उन पूर्वजों को पूरी तरह से सम्मान देने का प्रयास कर रहे हैं जिन्होंने संबंधित मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी और जिसके आधार पर संविधान निर्माताओं को भावी पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिली थी। उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज कई देशों के संविधान विविध हितों और असंतुलित शक्ति समीकरण के आगे नतमस्तक हो गए हैं। तथापि, भारतीय संविधान समय की कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरा है। यह पवित्र, सारगर्भित और जीवंत दस्तावेज भारत के लिए एक महान मार्गदर्शक है। सामाजिक आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन को अंगीकार करने के लिए इसमें निहित लचीलेपन की विशेषता एक सर्वोत्तम एवं आदर्श संवैधानिक आधार में परिणत हो गई है। संविधान के भीतर यह वाक्यांश कि "हम भारत के नागरिक" से यह सुस्पष्ट रूप से विदित होता है कि हमारे संविधान में नागरिकों के प्रति एक सतत केन्द्रीयता को प्रस्तावित पारिस्थितिकी के रूप में निर्धारित किया गया है। यह विकसित संस्थानों, शासन व्यवस्था और न्यायपालिका, विधायी व्यवस्था, कार्यपालिका, परिसंघवाद, स्थानीय सरकार और अन्य स्वतंत्र संस्थाओं की परिभाषित भूमिका से मिलता-जुलता है जिसके तहत व्यक्ति की निजता पर सामूहिक रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का सम्मिश्रण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं जिनकी अभिव्यक्ति व्यापक राष्ट्र-निर्माण के लक्ष्य के तहत की गई है। केंद्र और राज्यों के मध्य विधायी शक्तियों का संविधान के अनुच्छेद 246 और 7वीं अनुसूची में स्पष्ट बँटवारा और अधिकारों व कर्तव्यों के मध्य समन्वय भारतीय संविधान को और महान बनाता है।

संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 को समापन बहस के दौरान एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य के सिद्धांत के माध्यम से राजनीतिक समानता रखने के लिए विरोधाभासी जीवन में प्रवेश के बारे में टिप्पणी करते हुए असमानता के बारे में चेतावनी दी थी जिसमें सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी दृष्टिगत रखा गया। संविधान की शुरूआत करने के दौरान उन्होंने इस विषय पर चिंतन करना छोड़ दिया था कि ₹हम कब तक इन अंतर्विरोधों का जीवन जीते रहेंगे?" अब राष्ट्र विस्मृत और यशवंचित स्वतंत्रता सेनानियों के मूल्यों को पहचाने के साथ स्वतंत्रता शती के अवसर पर आने वाले अमृत काल में राष्ट्र के विकास की अवसंरचना तैयार करते हुए हमें डॉ. अम्बेडकर के चिंतन-मनन के नजदीक ले जा रहा है। वर्ष 2014 के बाद मोदी सरकार का दृष्टिकोण, उनके द्वारा निष्पादित कार्यकलाप और उनसे अर्जित निष्कर्षों का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में निहित विरोधाभास को समाप्त करना है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के परिप्रेक्ष्य में सरकार की पहल यह है कि राष्ट्र निर्माण संबंधी गतिविधियों में किसी को पीछे न रखा जाए और उसके माध्यम से ऐसी सारगर्भित एवं सुदृढ़ व्यवस्था को सामने रखा जाए जिनमें संवैधानिक मूल्यों का विशेष समावेश हो। व्यक्तिगत क्षमता को पहचानने के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास, ऊर्जा, शिक्षा, उद्योग, अंतरिक्ष और संस्कृति से लेकर बहुआयामी तरीके से हर क्षेत्र में कल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। नीति और निष्पादन से जुड़ी कार्य पद्धति लोकतांत्रिक तरीके से समाज की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है।

क्षेत्र-विशिष्ट योजनाओं पर आधारित दृष्टिकोणों का सामंजस्य और क्रियान्वयन जनता के जीवन को सहज बना रहा है। लोगों पर अनुपालन बोझ को कम करना, संतृप्ति स्तर के कार्यान्वयन लक्ष्यों के लिए प्रभावी योजना तैयार करना और परिणामस्वरूप मोदी सरकार के शासन में बेहतरी को प्रदर्शित करना इनका लक्ष्य है। मोदी शासन ने आम आदमी के विश्वास को बढ़ाया है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता मोदी सरकार की संवैधानिक भावना के पालन का एक और स्पष्ट प्रमाण है।

अगले सप्ताह से जी-20 समूह में भारत की अध्यक्षता उन संवैधानिक मूल्यों को प्रदर्शित करने का एक उपयुक्त अवसर है जिनकी गूंज संपूर्ण विश्व में है। भारत पहले ही विकासशील देशों के स्वर के रूप में उभरा है। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शासन में सुधार की आवश्यकता, सुधार किया हुआ बहुपक्षवाद, आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने के लिए जारी प्रयास और स्पष्ट दृष्टिकोण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संधारणीयता के उपायों में लाभ और जिम्मेदारी को समान रूप से साझा करना, चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में वैश्विक शांति के पक्ष में सतर्कतापूर्ण रुख, आवश्यकता-आधारित बहु-संरेखण, महामारी के कठिन समय के दौरान विकासशील देशों हेतु मानवीय पहल जैसे कि वैक्सीन मैत्री के माध्यम से सहायता प्रदान करना, संवैधानिक मूल्यों का अनुकरण करना है और वैश्विक हित के लिए प्रबल प्रयास है। एक बहुसांस्कृतिक समाज होने के नाते, भारत की 'विविधता में एकता' को अपनाने की स्वाभाविक क्षमता और अनोखा सामर्थ्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर विविध और परस्पर विरोधी विचारों पर आम सहमति कायम करने में सक्षम है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में वैश्विक विमर्श को आकार देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर एवं संवहनीय भविष्य के लिए लोकतांत्रिक बुनियादी बातों के आधार पर मजबूत संस्थानों का निर्माण करने की क्षमता मौजूद है।

संविधान दिवस हमारे विचारों, दृष्टि और कार्यों में व्यक्तिगत और सामूहिक तरीके से संवैधानिक मूल्यों को समाहित करने हेतु विचार करने और उत्प्रेरक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए एक उपयुक्त क्षण है। यह हम पर अमिट प्रभाव छोड़ता है कि संविधान से निकलने वाले प्रभावशाली मूल्य और प्रस्तावित ज्ञान न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए मूल्यवान है। हमें उन मूल्यों की गंभीरता, ग्रंथों के भाव को समझना चाहिए, उन्हें आत्मसात करना चाहिए और उन्हें और अधिक बोधगम्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करना चाहिए। आइए उन विस्मृत और यशवंचित वीरों से जुड़ी अतुल्य विरासत को कायम रखने का संकल्प लें। एक गौरवान्वित नागरिक होने के नाते, दुनिया को फिर से दर्शाने का समय आ गया है कि 'हम, भारत के लोग..!!!'

> संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 को समापन बहस के दौरान एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य के सिद्धांत के माध्यम से राजनीतिक समानता रखने के लिए विरोधाभासी जीवन में प्रवेश के बारे में टिप्पणी करते हुए असमानता के बारे में चेतावनी दी थी जिसमें सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी दृष्टिगत रखा गया। संविधान की शुरूआत करने के दौरान उन्होंने इस विषय पर चिंतन करना छोड़ दिया था कि हम कब तक इन अंतर्विरोधों का जीवन जीते रहेंगे?"

■ **अर्जुन राम मेघवाल**
**केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री, एवं बीकानेर से लोकसभा सांसद**

# थाली के बैगन

भजनखबरी उपचुनाव में नेताओं के लिए वोट बटोरने का नया धंधा चालू कर रखा है। अंतर केवल इतना है कि यह सब वह घर पर रहकर करता है। इससे पहले बाहर जाओ, धूप में पसीना बहाओ, पोस्टर चिपकाओ, इनकी-उनकी गाली खाओ की फजीहत थी। धन्यभाग्य की ऑनलाइन के चलते उसके माथे में प्रचार-प्रसार के नये विचार ठनके। अब वह घर पर रहकर ही सारी सृजनशीलता दिखा रखा है। मल्टी मीडिया के चलते सोशल मीडिया की सीढ़ी चढ़कर नेता जी को नये-नये आइडिया दे रहा है। बदले में अच्छी-खासी मोटी रकम वसूल रहा है। वह जिस नेता का प्रचार-प्रसार कर रहा था उनका नाम दयाराम था। सिर्फ नाम के दयाराम थे। पुलिस थाने में उनकी दया के किस्से चोर-डकैती, लूटपाट, खूनखराबा के रूप में दर्ज है। इसी दयाराम के ऊपर भजनखबरी ने छोटा-सा गीत लिख डाला - राम बोलो भाई राम बोलो - जय जय दयाराम बोलो। प्यार से बोलो भई जोर से बोलो - जय जय दयाराम बोलो। फूटा अंडा निशान है बोलो - जय जय दयाराम बोलो। चुनाव में यही बटन दबा दो - जय जय दयाराम बोलो। गीत सुनने के बाद दयाराम जी को लगा कि आरंभ की लाइनें शवयात्रा जैसी हैं। इस पर भजनखबरी ने स्पष्टीकरण देते हुए उवाचा - नेता जी आजकल लोग बड़े बदल गए हैं। वे पारंपरिक पद्धति के गीत नहीं सुन रहे हैं। उन्हें एकदम हटकर सुनना पसंद आता है। चूँकि गीत की आरंभिक पंक्तियाँ शवयात्रा सी लग रही है इसलिए यह गीत उन्हें बहुत पसंद आयेगा। यह सुन नेता जी बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने कुछ नारे बना लाने के लिए कहा। नारे बनाने के चक्कर में भजनखबरी को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। देखते-देखते यह काम भी कर डाला। पहला नारा बना झ्र वोट नहीं तो दया नहीं - आप पर राम की कृपा नहीं। दूसरा नारा बना - वोट दिया तो पुण्य मिलेगा, नहीं तो तुमको पाप लगेगा। तीसरा नारा बना - दया है तो मुमकिन है - राम के चलते रात और दिन है। इस तरह कई नारे बना डाले। नारे सुन दयाराम को खुद पर हँसी आ रही थी। उन्हें लगा पैसा अच्छे को बुरा और बुरे को अच्छा बना देता है। पैसा न हो तो सगा बेटा भी बाप की अच्छाई नहीं बताता। वरना जीवन भर जन्म देने के लिए उसे कोसता रहता है। दयाराम को नारे इतने अच्छे लगे कि हाथों हाथ उन्होंने भी कई नारे बना डाले - आयेगा भई आयेगा - दयाराम आयेगा। लायेगा भई लायेगा खुशहाली लायेगा। इधर उधर जिधर देखो - दयाराम की कृपा देखो। नारे इतने पॉवरफुल थे कि भजखबरी को अपनी दुकान बंद होती नजर आयी। तुरंत उसने नेता जी को रोका। कहा - आप भी कमाल करते हैं। आपका काम हड़कंप मचाना है, लोगों को दहलाना है, अपना खौफ जमाना है। न कि नारे बनाने जैसा चिल्लर काम करना है। शेर अगर घांस की ओर ताकेगा तो बाकी जानवर उस पर चढ़ बैठेंगे। यह सुन दयाराम नारा बनाने के काम से हायतौबा कर ली। भजनखबरी ने उन्हें सुझाव देते हुए उवाचा कि आप अपना एक निजी चुनावी एजेंडा बना लीजिए। ऐसे-ऐसे वायदे कीजिए कि लोग सुनकर दंग रह जाएँ। वो जब तक कुछ सोचे समझेंगे तब तक चुनाव बीत चुका होगा और आप गद्दी पर पैर पे पैर धरकर शासन करते हुए नजर आयेंगे। आप उन्हें सपना दिखाइये कि समुद्र का पानी फिल्टर कर उन्हें पीने के लिए दिया जायेगा। रेती से सोना निकालने का व्यापार सिखाया जायेगा। शिक्षा के नाम पर सब लोगों के शरीर में शिक्षा का चिप फिट करवाया जायेगा, तब देखिये लोग आपको वोट दिये बिना नहीं रह पायेंगे। आप अपने जन्मदिवस को दया दिवस के रूप में घोषित कर दें। केवल ध्यान इस बात का रखना है कि जन्मदिवस के दिन छोड़ फिर किसी दिन दया दिखाने की आवश्यकता नहीं है। यही लोगों के लिए सच्चे अर्थों में दया दिवस होगा। यदि आप मेरी बातों का पालन करेंगे तो आप भगवान श्रीराम से भी ज्यादा नाम कमायेंगे। भजनखबरी और भी कुछ कहना चाहता था कि तभी दयाराम के फोन की घंटी बज उठी। पता चला कि उनका टिकट कट गया है और टिकट उनके प्रतिद्वंद्वी गयाराम को दे दिया गया है। यह खबर सुनते ही ऊपर बताये गीत और नारों के साथ भजनखबरी गयाराम की बगल में जा बैठा। इसके लिए उसने केवल एक काम किया - दया की जगह गया लिखकर गीत और नारों की पुरानी शराब को नयी बोतल यानी गयाराम में भर दिया। उसका तो एक ही चुनावी फामुर्ला था - ऐसे वैसे चाहे जैसे... सिर्फ कमाना है पैसे।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

**अथ प्रथमोऽध्यायः**

रक्षकोंने 'ठहरो ठहरो'-ऐसा कहते हुए उसे महाबलीको रोककर उसके साथ विस्मयकारक युद्ध किया ॥ 12 ॥

अपने स्वामीके कार्यमें पूर्ण तत्पर तथा हाथोंमें शस्त्र धारण किये उसके सभी क्रूर राक्षसान भी रक्षकोंके साथ भीषण युद्ध किया। तब उन रक्षकोंके साथ कालकेतुका संग्राम होने लगा। वह महाबली युद्धमें सभी रक्षकोंको मारकर तथा एकावलीको लेकर राक्षसी सेनाके साथ अपने नगरके लिये चल दिया। दानव कालकेतुके द्वारा अधिकारमें की गयी। उस राजकुमारीको रोती हुई देखकर मैं उसके पीछे- पीछे वहीं पहुँच जाती थी, जहाँ कालकेतु मेरी सखीको लेकर जाता था जिससे कि रोती हुई वह मुझे अपने पीछे आते हुए देख ले ॥ 13-16 ॥

मुझे आयी हुई देखकर वह भी कुछ स्वस्थचित्त हुई तब मैं उसके पास जाकर उससे बार-बार बातें करने लगी ॥ 17 ॥

हे राजन! दुःखसे व्याकुल तथा पसीनेसे संसिक्त उस एकावलीने मुझे पकड़कर गलेसे लगा लिया और वह अत्यन्त दुःखित होकर रोने लगी ॥ 18 ॥

तत्पश्चात उस कालकेतुने प्रेम प्रदर्शित करते हुए मुझसे यह बात कही कि चंचल नेत्रोंवाली अपनी इस भयग्रस्त सखीको धीरज बँधाओ और अपनी इस सखीसे [मेरी बात] कहो- 'हे प्रिये! देवलोकके समान अत्यन्त सुन्दर मेरा नगर अब आ ही गया है तुम्हारे प्रेमके कारण मैं तुम्हारा दास हो चुका हूँ। तुम भयभीत होकर क्यों विलाप कर रही हो? हे सुलोचने। अब शान्त हो 'जाओ' ऐसा कहकर उसी रथमें सखीके पास मुझे भी बैठाकर प्रसन्नताके कारण खिले हुए कमलके समान मुखवाला दुष्ट कालकेतु अपनी भारी सेनाके साथ अपने सुन्दर नगरके लिये शीघ्र ही चल दिया ॥ 19-22 ॥

वहाँ उस दानवने मुझे तथा एकावलीको एक दिव्य महलमें ठहराकर उस महलकी रक्षाके लिये करोड़ों राक्षस नियुक्त कर दिये ॥ 23 ॥

हे राजन! दूसरे दिन उस कालकेतुने एकान्तमें मुझसे कहा- विरहसे दुःखित तथा शोक करती हुई अपनी सुन्दर सखीको [ मेरे शब्दोंमें] समझाओ- 'हे सुश्रोणि! तुम मेरी पत्नी हो जाओ और फिर यथेच्छ सुखोपभोग करो। हे चन्द्रमुखि अब यह राज्य तुम्हारा है और मैं सदाके लिये तुम्हारा सेवक बन गया हूँ' ॥ 24-25 ॥

उसका ऐसा दुर्वचन सुनकर मैंने उससे यह बात कही कि हे प्रभो! मैं ऐसा अप्रिय वाक्य नहीं कह सकती, अतः आप ही इससे कहिये ॥ 26 ॥

- क्रमशः

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## दुर्व्यवहार न करें

हम किसी भी शहर में चले जायें, वहां पर लोग आपस में बातचीत में धड़ल्ले से गाली का प्रयोग करते हैं। यह हमारे लिए काफी शर्म की बात है। कई लोग तो ऐसे हैं जो अपना एक भी वाक्य बिना गाली की नहीं करते हैं। कई शहरों में किसी खास गाली का प्रचलन रहता है। इन गालियों में मां-बहनों को अपमानित किया जाता है। गाली देने से ही हम समझ जाते हैं कि वह व्यक्ति कैसे परिवार से संबंध रखता है। उसमें अच्छे संस्कारों की कमी है। कई जगहों पर तो महिलाओं को भी बेधड़क गाली देते देखा जा सकता है। गाली देने वालों को कभी भी सभ्य नहीं कहा जा सकता है। इस बारे में ना तो सामाजिक संस्था पहल करती है और ना ही सरकारी पहल होती है। अगर हमारी जुबान ही गंदी होगी तो हम अपने शहर व समाज को साफ कैसे रखेंगे? मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से लोगों से अपील करता हूं कि अपनी बातचीत में गाली का प्रयोग नहीं करें। ना ही किसी को करने दें। इस तरह की गाली से हमारे आसपास की महिलाओं को शर्मिंदा होना पड़ता है। गाली देकर हम अपनी बहादुरी प्रकट करने की कोशिश करते हैं जो शर्मनाक है। कई जगहों पर कई तरह की गालियों का प्रयोग किया जाता है,जिसकी चर्चा करना भी शर्मनाक है। इन गालियों के प्रयोग से महानगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हैं । जिस प्रकार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है ।उसी प्रकार जुबान की गंदगी को भी साफ करने का अभियान चलाना चाहिए,जिससे की आम बातचीत में लोग गाली का प्रयोग नहीं करें। वहीं कई पढ़े-लिखे लोग भी गाली प्रयोग अंग्रेजी में कर अपने को पढ़ा लिखा साबित करने की कोशिश करते हैं,लेकिन गाली तो गाली है। इनको कहने व सुनने से हमें दूर रहना चाहिए और इसे सामाजिक बुराई मानकर इसे खत्म करना चाहिए।

■ **विवेक कुमार, मेदिनीनगर।**

# आखिर 72 साल में भी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का कानून क्यों नहीं बना?

चुनाव सुधार की बात की जाये तो सबसे बड़ा सुधार तो पहले चुनाव आयोग में ही करना होगा। उच्चतम न्यायालय ने सही ही कहा है कि साल 2004 से किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। भारत में चुनाव सुधारों पर लंबे समय से बहस चलती रही है लेकिन यह सुधार इसलिए नहीं हो पाये क्योंकि जिस संस्था पर चुनाव कराने की जिम्मेदारी है उसे कभी ज्यादा अधिकार दिये ही नहीं गये। यही नहीं, हर सरकार द्वारा अधिकारियों को चुनाव आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद पर उस समय नियुक्त किया जाता है जब उसकी सेवानिवृत्ति का समय नजदीक हो। इसके चलते किसी भी चुनाव आयुक्त को अपनी योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए पर्याप्त समय ही नहीं मिल पाता। देखा जाये तो भारत में चुनाव सुधार से जुड़े मुद्दे चुनावों से पहले उठते जरूर हैं लेकिन चुनाव बाद सबकुछ शांत हो जाता है। यह भी देखने को मिलता है जब कोई दल विपक्ष में होता है तो उसे चुनाव सुधारों की बहुत परवाह रहती है लेकिन सत्ता में आते ही उसके लिये यह फिजूल का मुद्दा हो जाता है या उसकी प्राथमिकता सूची से गायब हो जाता है। लेकिन अब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने इस मुद्दे को उठाया है इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार अब चुनाव सुधारों की दिशा में आगे बढ़ेगी। सुधारों की बात की जाये तो सबसे बड़ा सुधार तो पहले चुनाव आयोग में ही करना होगा क्योंकि साल 2004 से किसी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने छह साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। संप्रग सरकार के 10 साल के शासन में छह मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे, वहीं राजग सरकार के आठ साल में आठ मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे हैं। इसलिए सरकारों की कार्यशैली और सोच पर अदालत ने सवाल उठाया है। अदालत ने सरकारों की ओर से निर्वाचन आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कोई कानून नहीं होने का फायदा उठाये जाने की प्रवृत्ति को तकलीफदेह करार दिया है। साथ ही अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 324 का उल्लेख करते हुए कहा है कि निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के संबंध में संसद द्वारा एक कानून बनाने की परिकल्पना की गयी थी, लेकिन 72 साल गुजर गये और अब तक कानून नहीं बन पाया है जिसका फायदा सभी दलों की केंद्र सरकारें उठाती रही हैं। इसके अलावा, पांच सदस्यीय संविधान पीठ का यह कहना भी अपने आप में बहुत गंभीर है कि संविधान की चुप्पी को भुनाया जा रहा है। अदालत ने टीएन शेषन जैसे कड़े रुख वाले व्यक्ति की निर्वाचन आयुक्त पद पर नियुक्ति की वकालत करते हुए यह भी कहा है कि संविधान ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दो निर्वाचन आयुक्तों के 'नाजुक कंधों' पर बहुत जिम्मेदारियां सौंपी हैं इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर टीएन शेषन की तरह के सुदृढ़ चरित्र वाले व्यक्ति होने चाहिए। जहां तक यह सवाल है कि अदालत ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले पर टिप्पणी क्यों की? तो हम आपको बता दें कि शीर्ष अदालत की संविधान पीठ कुछ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली की मांग की गयी है। कहा जा रहा है कि यदि इस कॉलेजियम प्रणाली में देश के मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हों तो सरकार पर कुछ अंकुश लग सकता है। जहां तक इस मुद्दे पर सरकार के पक्ष की बात है तो आपको बता दें कि केंद्र की ओर से प्रस्तुत हुए अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी ने दलील दी है कि ''संविधान सभा, जिसके समक्ष विभिन्न मॉडल थे, उसने इस मॉडल को अपनाया था और अब अदालत यह नहीं कह सकती कि मौजूदा मॉडल पर विचार करने की जरूरत है। बहरहाल, यह भी एक तथ्य है कि 1990 से विभिन्न वर्गों से निर्वाचन आयुक्तों समेत संवैधानिक निकायों के लिए कॉलेजियम जैसी प्रणाली की मांग उठती रही है और एक बार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने भी अदालत को इसके लिए पत्र लिखा था। देखना होगा कि अब इस मुद्दे पर मोदी सरकार कितना आगे बढ़ती है। हालांकि सही यही होगा कि अदालत कोई आदेश पारित कर सरकार को निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कोई कानून बनाने के लिए कहे।

■ **गौतम मोरारका**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### बाबुल सुप्रियो ने केंद्रीय मंत्री पर लगाया कोल माफिया से सांठ-गांठ का आरोप

**कोलकाता (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में ममता बनर्जी कैबिनेट के सदस्य बाबुल सुप्रियो ने केंद्रीय कोयला मंत्री पर कोयला माफिया से सांठगांठ का आरोप लगाया है। इसे लेकर उन्होंने एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर डाली है। उल्लेखनीय है कि गत बुधवार को केंद्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी राज्य के दो दिनों के दौरे पर आए थे। आरोप है कि दुगार्पुर में जिस होटल में वे रुके थे उस के मालिक का नाम राजू झा है। दावा है कि राजू पूरे कोयलांचल क्षेत्र में कोयला तस्करी का सरगना है। बाबुल सुप्रियो ने अपने ट्वीट में लिखा है कि कोयला तस्करी के बेताज बादशाह राजू के होटल में मंत्री प्रहलाद जोशी ना सिर्फ ठहरे बल्कि ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (ईसीएल) की महत्वपूर्ण बैठक उसी होटल में की। शुक्रवार को ट्विटर पर बाबुल सुप्रियो ने लिखा है कि सम्मानीय केंद्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी के पास जो व्यक्ति खड़ा है वह आसनसोल का एक कुख्यात कोयला माफिया है। उनके पास दुगार्पुर के भाजपा विधायक लक्ष्मण घोरुई भी हैं। इसके अलावा वहां सुब्रत मिश्र खड़े हैं जिन्होंने भाजपा के बड़े नेता को चुनाव में टिकट के लिए घूस दिया था। बाबुल सुप्रीयो के इस ट्वीट पर लक्ष्मण ने सफाई देते हुए बाबुल सुप्रियो के आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

### भागलपुर में दो वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मौत, आठ घायल

**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार में भागलपुर जिले के कदवा सहायक थाना क्षेत्र में हाइवा और ऑटोरिक्शा के बीच हुयी टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी तथा आठ अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि खलीफा टोला गांव के समीप गुरुवार की रात हाइवा ने ऑटोरिक्शा मे टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि आठ अन्य घायल हो गये। सभी घायलों को नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों को बेहतर इलाज के लिये भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। मृतकों की पहचान पूर्णिया जिला निवासी सुबोध सिंह (45) एवं कटिहार जिला निवासी बसंत साह (38)के रुप में की गयी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है।

### समस्तीपुर मे मैरेज हॉल मालिक की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर (एजेंसी)।** बिहार में समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने मैरेज हल मालिक मनोहर सिन्हा की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मैरेज हॉल मालिक मनोहर सिन्हा गुरूवार की देर रात जिले के मोहनपुर स्थित अपने प्रतिष्ठान से मोहनपुर पावर हाउस की ओर कार से जा रहे थे। इस दौरान मोहनपुर गांव के समीप अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### नौ दिसम्बर तक बढ़ायी गयी अणुव्रत मंडल की जेल हिरासत

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार बीरभूम जिले के बाहुबली नेता अणुव्रत मंडल के न्यायिक हिरासत की अवधि और 14 दिनों के लिये बढ़ा दी गई है। न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने पर उन्हें शुक्रवार सुबह आसनसोल अदालत में पेश किया गया। यहां उनके अधिवक्ताओं ने जमानत की अर्जी नहीं लगाई जिसके बाद न्यायाधीश ने एक बार फिर उन्हें नौ दिसंबर तक जेल में ही रखने का आदेश दिया है। दरअसल अणुव्रत मंडल को सीबीआई ने मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार किया है। पिछले हफ्ते पूछताछ के बाद ईडी ने भी उनकी गिरफ्तारी की घोषणा की थी। उन्हें दिल्ली ले जाने के लिए ईडी ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका लगाई है जिस पर आज फैसला आना है। उसी पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। उनके बॉडीगार्ड सहगल हुसैन को ईडी पहले ही गिरफ्तार कर दिल्ली ले जा चुकी है।

### सृजन घोटाले मामले में डीआरडीए के क्लर्क अरुण कुमार को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार के बहुचर्चित सृजन घोटाला में सीबीआई के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को तिलकामांझी के रहने वाले अरुण कुमार को गिरफ्तार किया है। अरुण कुमार पहले डीआरडीए के साथ साथ रेवेन्यू विभाग का भी क्लर्क हुआ करते थे। सृजन घोटाले के बाद सीबीआई ने इन्हें भी आरोपी बनाया था और कोर्ट के द्वारा इनकी गिरफ्तारी का आदेश जारी किया गया था। जिसके बाद लगातार सीबीआई की टीम इनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। आज इन्हें इनके आवास से सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार किया है।

# कुढ़नी उप चुनाव में दांव पर लगी है नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के कुढ़नी विधानसभा सीट के लिये पांच दिसंबर को होने वाला उप चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रतिष्ठा से जुड़ गया है। कुढ़नी राजद की सीटिंग सीट थी। 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में यहां से राजद के अनिल सहनी जीते थे। उन्होने भाजपा के केदार प्रसाद गुप्ता को हराया था। उस चुनाव में नीतीश कुमार भाजपा के साथ थे और बतोर मुखिया एनडीए की सरकार चला रहे थे। लेकिन राज्य में सत्ता समीकरण बदलने और जदयू के राजद के साथ महागठबंधन में आने से परिस्थितियां बदली हुई हैं। राजद विधायक अनिल सहनी को एक मामले में सजा होने के कारण हो रहे इस उप चुनाव के बहाने नीतीश अपनी राजनीतिक ताकत आजमाना या दिखाना चाहते हैं। यही वजह है कि उन्होने राजद नेतृत्व से कुढ़नी सीट जदयू के लिए छोड़ने का आग्रह किया। राजद ने भी अपनी सीटिंग सीट होने के बावजूद गठबंधन धर्म निभाते हुये उनका सीट छोड़ने का प्रस्ताप स्वीकार कर लिया। कुढ़नी उप चुनाव की तस्वीर अब कमोबेश साफ हो गयी है। यहां मुख्य मुकाबला दो पुराने प्रतिद्वंदियों भाजपा के केदार प्रसाद गुप्ता और जदयू के मनोज कुशवाहा के बीच है। ये दोनों 2015 के विधानसभा चुनाव में भी आपस में भिड़ चुके हैं। उस चुनाव में केदार प्रसाद गुप्ता ने मनोज कुशवाहा को 11,570 वोटों से हराया था। खास बात यह है कि उस चुनाव में भी राजद और जदयू साथ थे। इस उप चुनाव में भी दोनों दल साथ हैं। पर इस उपचुनाव में परिस्थितियां कुछ बदली हुई है। 2015 के विधानसभा चुनाव में गुप्ता और कुशवाहा के बीच सीधा मुकाबला था। लेकिन इस बार असदुद्दीन ओवैसी और मुकेश सहनी ने भी अपनी पार्टी का उम्मीदवार उतार दिया है। एआइएमआइएम के प्रत्याशी गुलाम मुर्तजा अंसारी जिला पार्षद रहे हैं। क्षेत्र में उनका प्रभाव भी है। पार्टी के सामाजिक समीकरण को देखते हुये उनको मिलने वाले वोटों का खामियाजा महागठबंधन के उम्मीदवार मनोज कुशवाहा को ही भुगतना पड़ेगा। ओवैसी फैक्टर हाल ही में हये गोपालगंज उपचुनाव में जलवा दिखा चुकाहै। वहां महागठबंधन का उम्मीदवार (राजद) 1700 वोटों से हारा था। जबकि एआइएमआइएम के उम्मीदवार को 12,000 से अधिक वोट मिले थे। विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) प्रमुख मकेश सहनी ने हां ना करते आखिरकार कुढ़नी उपचुनाव में नीलाभ कुमार को मैदान में उतार दिया है। उनकी छवि अच्छी बतायी जाती है। वह भाजपा के सवर्ण वोट बैंक मे से अपने समाज का कुछ वोट बटोर सकते हैं। सही मायने में एआइएमआइएम और वीआइपी की झपटमारी ही इस उपचुनाव का नतीजा तय करेगा। क्योंकि यहां जीत-हार का अंतर बहुत कम रहा है। पिछले चुनाव मे भाजपा के केदार प्रसाद गुप्ता राजद के अनिल सहनी से सिर्फ 712 वोट से हारे थे। कुल मिला कर कुढ़नी उपचुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। भाजपा और महागठबंधन के नेता अपने अपने पक्ष में वोटरों को रिझाने में लगे हुये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव दो दिसंबर को वहां चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। यह उपचुनाव इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि इसके नतीजे राज्य में आगामी चुनावों को प्रभावित कर सकता है इसके नतीजे जाति की राजनीति करने वाले कुछ नेताओं की भी पोल खोलेंगे।

### श्रद्धा हत्याकांड को सही ठहराने का वीडियो वायरल करनेवाले आरोपी गिरफ्तार

**बुलंदशहर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से पुलिस ने राशिद बनकर श्रद्धा हत्याकांड को सही ठहराने का वीडियो वायरल करने वाले आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विष्णु कुमार ने आज यहां बताया कि सोशल मीडिया के जरिए दो दिन पूर्व दिल्ली से शूट किया एक वीडियो संज्ञान में आया था जिसमें एक व्यक्ति खुद को राशिद बताकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा था। इस संबंध में थाना सिकंदराबाद पुलिस को उसे ट्रेस करने के लिए लगाया गया था इसी के तहत काफी छानबीन के बाद आज आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इस व्यक्ति पर बुलंदशहर गौतम बुध नगर में चोरी अवैध असला से संबंधित पांच मुकदमे भी दर्ज हैं। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत आरोपी व्यक्ति को जेल भेज दिया है।

# योगी कैबिनेट : हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित होंगे यूपी के बस अड्डे

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 16 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। बैठक में प्रदेश के तीन और शहरों आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में कमिश्नर प्रणाली लागू करने का प्रस्ताव पास किया गया है। पहले वाराणसी, लखनऊ, कानपुर व नोएडा में कमिश्नर प्रणाली लागू थी। प्रदेश में अब सात पुलिस कमिश्नरेट वाले जिले हो गये हैं। ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कैबिनेट बैठक में लिए गये महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में जानकारी दी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग प्रदेश के 23 शहरों में पीपीपी माडल पर बस अड्डों को हवाई हड्डे की तर्ज पर विकसित करेगा। इन बस अड्डों पर यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था से लेकर, पेयजल व शौचालय व बैठने की अच्छी व्यवस्था रहेगी। रेस्टोरेन्ट व खरीददारी के लिए माल भी बस स्टेशन पर होगा। मंत्री ने बताया कि इसके बाद अन्य जिलों के भी बस अड्डों को विकसित किया जायेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि यूपी की रोडवेज परिवहन निगम की बसों को भी हाईटेक किया जा रहा है। बसों को अब जीपीएस सिस्टम से भी जोड़ा जायेगा।

- आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में कमिश्नर प्रणाली लागू

### योगी सरकार ने दिलाई प्रदेश को माफियावाद से मुक्ति : मौर्य

**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश को माफियावाद से मुक्ति दिलाई है। आज गुंडे-अपराधी प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं। खतौली सीट से रालोद उम्मीदवार पर तंज कसते हुए कहा कि जितने आपके बच्चों की उम्र नहीं है, उतने रालोद उम्मीदवार पर मुकदमें हैं। खतौली उप चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी के चुनाव प्रचार के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को मुजफ्फरनगर पहुंचे। उन्होंने खतौली क्षेत्र के बड़सू गांव में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने रालोद से गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया पर जमकर तंज कसें। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में अपराधी जेल चले गए हैं। अब प्रदेश में शांति कायम है। उत्तर प्रदेश आज प्रगति पथ पर अग्रसर है। बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं। भाजपा खतौली सीट पर फिर से जीत दर्ज करेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्ववर्ती सपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि प्रदेश में पहले की सरकार गुंडगर्दी की प्रतीक थी। जनता गुंडागर्दी के कारण त्राहि-त्राहि कर रही थी। प्रदेश में आम जनता का उत्पीड़न होता था। भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश और देश का माहौल बदल गया है। भाजपा का लक्ष्य देश और प्रदेश का विकास करना है। खतौली, रामपुर के साथ ही मैनपुरी में भी इस बार भाजपा का कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं वोट के रूप में कर्ज मांगने आया हूँ। ब्याज के साथ डबल इंजन की सरकार इस कर्ज को चुकता करेगी। जनसभा में रालोद के पूर्व एमएलसी हरपाल सैनी अपने समर्थकों समेत भाजपा में शामिल हो गए। वे 2010 में रालोद से एमएलसी बने थे। भाजपा के बाद सपा में शामिल हो गए थे।

### केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के दल ने आईआईएम बोधगया का किया निरीक्षण

**गया (एजेंसी)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निरीक्षण दल ने भारतीय प्रबंध संस्थान बोधगया परिसर का राजभाषायी निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में उच्चतर शिक्षा विभाग के पुष्कर कुमार सिंह, अवर सचिव (सी.यू), सतीश कुमार सिंह, अनुभाग अधिकारी (सी.यू.) और देवानन्द दास, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी शामिल थे। निरीक्षण दल ने आईआईएम की निदेशक डॉ. विनीता सहाय के मार्गदर्शन में आईआईएम बोधगया में किए जा रहे राजभाषा कार्यान्वयन के प्रयासों और हिंदी के प्रति उनके लगाव की सराहना की। संस्थान के पुस्तकालयाध्यक्ष पूरन मल गुप्ता, हिंदी अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार एवं लिपिक देवेश कौशल की उपस्थिति में निरीक्षण दल ने संस्थान के कार्यों जैसे कि सभी कंप्यूटरों में हिंदी/अंग्रेजी द्विभाषा में टाइपिंग की सुविधा, पुस्तकालय में विभिन्न अनुशासनों के हिंदी के विविध एवं प्रसिद्ध पुस्तकों का संकलन, हिंदी के अत्याधुनिक सॉफ्टवेयरों, ई-शब्दकोषों, विभिन्न टूल्सों का प्रयोग, हिंदी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं में संस्थान के वेबसाइट, नियमों, विनियमों, विभिन्न प्रपत्रों, प्रशिक्षण सामग्रियों आदि की उपलब्धता को उल्लेखनीय कहा। साथ ही अन्य संस्थानों में भी राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन हेतु आईआईएम बोधगया के परामर्श कार्य, कार्यशालाओं में ज्ञान-स्त्रोत व्यक्ति की भूमिका की निरीक्षण दल ने प्रशंसा की। भारतीय प्रबंध संस्थान बोधगया प्रबंधन कौशलों के साथ-साथ राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन के संवैधानिक दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध है। इसके लिए समय-समय पर हिंदी कार्यशालाओं, हिंदी सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं, छात्र-छात्रों के द्वारा कवि सम्मेलन, निबंध लेखन, भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

## किसानों के मुद्दे पर विस की कार्यवाही स्थगित

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को विपक्ष और सत्ता पक्ष के सदस्यों ने किसानों की समस्याओं को लेकर कामकाज ठप कर दिया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। विपक्षी कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के सदस्य तथा सत्तारूढ़ बीजू जनता दल के सदस्यों ने सदन के वेल के अंदर नारेबाजी की और एक-दूसरे पर राज्य में किसानों पर संकट के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। इसके बाद अध्यक्ष बी के अरुख ने पहले सदन को 1031 बजे 1130 बजे तक और फिर 1131 बजे 1600 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। जहां विपक्षी कांग्रेस और भाजपा के सदस्यों ने इनपुट सहायता, मंडी मुद्दे और प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत बीमा को लेकर बीजद सरकार पर निशाना साधा, वहीं बीजद सदस्यों ने स्वामीनाथन समिति की सिफारिश के अनुसार धान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं बढ़ाने के लिए मोदी सरकार की आलोचना की। सदन की कार्यवाही सुबह 10.31 बजे से 11.30 बजे तक के लिए स्थगित होते ही बीजद सदस्य धान के लिए एमएसपी बढ़ाने के बैनर लेकर विधानसभा परिसर के अंदर महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरने पर बैठ गए। कांग्रेस और भाजपा सदस्यों ने भी अपनी मांगों के समर्थन में गोपबंधु प्रतिमा के पास धरना दिया। स्थगन के बाद 11.30 बजे जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो भाजपा, कांग्रेस और बीजद के सदस्य आसन के बीच में आ गए और नारेबाजी कर कार्य बाधित करना शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अध्यक्ष बी के अरुख ने बिना किसी कामकाज के सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11.31 बजे से 16.00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विपक्ष और सत्ता पक्ष के दोनों सदस्यों के विरोध के कारण प्रश्नकाल, शून्यकाल और स्थगन प्रस्ताव का कामकाज बेकार चला गया। साढे.दस बजे जैसे ही प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी कांग्रेस और भाजपा के सदस्य इनपुट सब्सिडी, मंडी समस्या और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) को लेकर सदन के वेल में आ गए और बीजेडी सरकार के खिलाफ नारे लगाने लगे। विरोध का सामना करने के लिए बीजद सदस्य भी सदन के वेल में आ गए और धान के लिए एमएसपी बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

सदन जल्द ही अराजक स्थिति में आ गया क्योंकि विपक्षी सदस्य पोडियम पर पहुंच गए और कामकाज को बाधित कर दिया। अध्यक्ष अरुख ने विपक्षी सदस्यों से अपील की कि वे अपनी सीटों पर वापस जाएं और शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाएं लेकिन विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा।

## बिहार के प्रसिद्ध सोनपुर मेले में आकर्षण का केंद्र बने 'लैला-मजनू' और 'फर्स्ट लव' के पौधे

**सोनपुर (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के सोनपुर में गंगा और नारायणी के तट पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध मेले में इस साल कृषि विभाग के तरफ से लगाए गए स्टाल में 'लैला-मजनू' और 'फर्स्ट लव' प्लांट आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसे देखने के लिए विदेशी सैलानियों की भीड़ भी जुट रही है। विदेशी मेहमानों एक ओर जहां मेला का लुत्फ उठा रहे हैं, वहीं विदेशी सैलानियों का कई जत्था कृषि प्रदर्शनी में भी देखे गए। इस दौरान फ्रांस और बेल्जियम से सोनपुर मेला घूमने आए सैलानियों ने कृषि प्रदर्शनी में पौधा प्रवर्धन केंद्र की ओर से लगाए गए प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। विदेशी मेहमानों को केंद्र के रामवीर चौरसिया ने विभिन्न पौधों की जानकारी दी। पौधों के प्रति जागरूक होकर सैलानियों ने मीठा नीम, गरम मसाला, स्टीविया प्लांट, लैला मजनू, फर्स्ट लव पौधे को देखकर काफी खुश हुए। सैलानी दो तरह के पौधे को खरीद कर अपने देश के लिए ले गए, जिसमें कड़ी पत्ता जो मेडिसिन के तौर पर मीठा नीम के नाम से भी जानते हैं और गरम मसाला देखकर काफी अचंभित हुए। इस दौरान सैलानियों ने गरम मसाले के पत्ती को टेस्ट और खुशबू को स्वयं परखा जबकि स्टीविया का पत्ती खाकर इसे मलने वाले स्वाद से काफी खुश दिखे। फ्रांस के सैलानियों ने पौधे अपने यहां लगाने के लिए खरीदारी की। सैलानियों ने बताया कि यदि पौधा अच्छा विकास किया तो फिर अगले साल भी मेले में आकर ज्यादा से ज्यादा पौधा फ्रांस खरीदकर ले जाएंगे।

#### इस साल 2,136 स्टाल लगाये गये हैं

कार्तिक पूर्णिमा के दिन से शुरू होने वाले इस सोनपुर मेले में लोग कभी जानवरों और पशुओं को देखने आया करते थे लेकिन वक्त के साथ-साथ मेले का स्वरूप बदलता चला गया। इस साल सोनपुर मेला में कुल 2136 स्टाल लगाए गए हैं। इसमें सभी विभागों के उत्पाद के अलावा घरेलू उपयोग के सारे सामान बाजार में उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि बिहार के सोनपुर में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले की अपनी एक अलग ही पहचान है। धार्मिक मान्यताओं और ऐतिहासिक स्थल होने की वजह से हिन्दू धर्म में सोनपुर का एक विशेष महत्व है। कोरोना महामारी की वजह से दो वर्षों तक यह मेला प्रभावित रहा था। ऐसे में लंबे अंतराल के बाद लगे सोनपुर मेले को लेकर इस साल अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है।

# भाजपा सरकार युवाओं को नहीं दे रही नौकरी, बना रही बेरोजगार : डिंपल यादव

## नेताजी ने किसानों को मुफ्त बिजली दी लेकिन अब किसान मुकदमों से हैं परेशान

**इटावा/मैनपुरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी डिंपल यादव ने सैफई और जसवंत नगर क्षेत्र में आज जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान डिंपल ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा भाजपा पर युवाओं को नौकरी न देकर बेरोजगार बनाने का आरोप लगाते हुए अपने समर्थन में वोट मांगें। कहा कि नेताजी के सम्मान में सपा को वोट करें। सपा उम्मीदवार डिंपल यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान आज भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा हमला बोला। कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार मुट्ठी भर अनाज तो दे रही है लेकिन किसी को नौकरी नहीं दे पा रही है। गांव के नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। सरकार अग्निवीर योजना से युवाओं को वीर तो बना रही है लेकिन चार साल बाद इन वीरों की नौकरी भी छीनने की बात कह रही है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने किसानों के लिए मुफ्त सिंचाई, महिला पेंशन, गांव-गांव बिजली पहुंचाने का काम किया है और मौजूदा सरकार में बिजली वाले किसानों पर मुकदमे लिखकर उनका शोषण कर अवैध वसूली कर रहे हैं।

#### भारी मत देकर दें नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि

डिंपल यादव ने कहा कि यह पहला चुनाव है जब नेताजी हम सबके बीच में नहीं है। यह चुनाव नेताजी के सम्मान का चुनाव है। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों ने नेताजी की समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाना का काम किया है। मैं नेताजी की बहू हूं और इस क्षेत्र की भी बहू हूं। सभी बुजुर्गों से आशीर्वाद मांगते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भारी मात्रा में मतदान कर नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। उल्लेखनीय है कि सपा उम्मीदवार डिंपल यादव ने आज सैफई और जसवंत नगर क्षेत्र में नुक्कड़ सभाएं कर रही हैं। अपनी सभाओं में उन्होंने समाजवादी पार्टी के सरकार में करवाए गए विकास कार्यों को गिनाया। वहीं भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों पर प्रहार किया। सैफई में डिंपल नेताजी के सम्मान में लोगों से वोट मांग रही हैं। उनका कहना है कि वह मैनपुरी और सैफई की बहू हैं और यह चुनाव नेताजी के सम्मान का चुनाव है। नेताजी के सम्मान में सभी लोग बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलवाने का काम करें। इन नुक्कड़ सभाओं में भारी मात्रा में भीड़ भी देखने को मिल रही है।

### शादी का झांसा देकर युवती का किया यौन शोषण, आरोपी को तलाश रही पुलिस

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जिले के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र से एक युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही एक युवक ने युवती को पहले अपने प्रेमजाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर पिछले पांच महीनों से उसका यौन शोषण करता रहा। लेकिन कुछ दिन बाद युवक के परिजनों ने उसका रिश्ता दूसरी जगह तय कर दिया। जिसके बाद युवती ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित युवती के अनुसार उसने युवक से जब भी शादी के लिए कही तो युवक हमेशा उसे शादी का भरोसा देता रहा लेकिन अचानक एक दिन युवक के परिजनों ने उसकी शादी किसी दूसरी लड़की से तय कर दिया। युवती के अनुसार हम दोनो घर से भागने का भी प्लान बनाया, और घर से जब दोनों भाग रहे थे। तब युवक के परिजनों ने उसे पकड़ लिया और युवती को मारपीट कर वहां से भगा दिया और युवक को वहां से लेकर चले गए। युवती ने बताया कि वहां से जाने के बाद युवक से उसका संपर्क नहीं हो रहा है। वही पुलिस लिखित आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दिया है। पुलिस युवक और उसके परिजनों की तलाश कर रही है। पकड़ीदयाल थानाध्यक्ष सरफराज अहमद ने बताया कि युवती ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमे शादी का झांसा देकर एक द्वारा यौन शोषण का आरोप लगाया है। जिसके आलोक पुलिस जांच में जुटी है।

## न्यूज गैलरी

### डेब्यू में उमरान मलिक का कहर

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** आखिरकार उमरान मलिक का अंतर्राष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में डेब्यू करने का सपना पूरा हो गया। यह सब हुआ है शिखर धवन की कप्तानी में। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में जैसे ही धवन ने प्लेइंग इलेवन का खुलासा किया तो उसमें उमरान का नाम रहा, जिन्होंने अपने करियर के पहले ओवर में ही शानदार गेंदें फेंकते हुए कहर मचा दिया। न्यूजीलैंड जब भारत से मिले 307 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरा तो धवन ने उमरान को पारी का 11वां ओवर फेंकने के लिए बुलाया। उमरान के लिए यह वनडे करियर का पहला ओवर रहा, जिसमें ना सिर्फ उन्होंने 4 रन दिए, बल्कि तेज रफ्तार से गेंदें भी फेंकी। उमरान के सामने केन विलियमसन व डेविड कॉनवे थे। पहली गेंद उन्होंने 145.9 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से विलियमसन को फेंकी, जबकि आखिरी गेंद 149.6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से डेविड को फेंकी।

### स्कोर तो शानदार था, कुछ चीजें हमारे अनुसार नहीं रहीं : अय्यर

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती वनडे में बतौर टीम कुछ चीजें उनके पक्ष में नहीं रहीं और उनपर फिर से चर्चा करके सीरीज के बचे हुए दो मैचों में मजबूत वापसी की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि स्कोर सही था, लेकिन कुछ चीजें उनके पक्ष में नहीं रहीं। टॉम लैथम के नाबाद 145 रन और कप्तान केन विलियमसन के नाबाद 94 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने 17 गेंद रहते भारत का 307 रन का लक्ष्य हासिल करके सात विकेट से जीत दर्ज की। अय्यर ने 76 गेंद में 80 रन की पारी खेली थी, उन्होंने कहा कि भारत द्वारा बनाया गया सात विकेट पर 306 रन का स्कोर अच्छा था, लेकिन लाथम और विलियमसन के बीच चौथे विकेट के लिये 221 रन की साझेदारी से मेजबान टीम ने जीत हासिल कर ली। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में अय्यर ने कहा कि हम जिस स्थिति में थे और जहां से हम 307 रन तक पहुंचे थे, उसे देखते हुए यह शानदार स्कोर था। निश्चित रूप से कुछ चीजें आज हमारे अनुसार नहीं रहीं लेकिन यह सीखने की प्रक्रिया है, हम आत्ममंथन कर सकते हैं और अगले मैच में नई रणनीति से वापसी कर सकते हैं। दायें हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि भारत इस हार से निराश होकर नहीं बैठ सकता और टीम सकारात्मक रवैये से अगले दो मैचों में खेलने उतरेगी। उन्होंने कहा कि भारत से आकर सीधे यहां खेलना आसान नहीं है। हर जगह पर विकेट बदलता रहता है और आपको इसी चुनौती का सामना करना होता है। आपको मानसिक रूप से मजबूत होना होगा, बस परिस्थितियों के अनुकूल ढलना होगा।

### स्विट्जरलैंड, पुर्तगाल और ब्राजील की जीत

**कतर (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्डकप के पांचवें दिन चार बड़े मुकाबले खेले गए। भारतीय समयानुसार 3.30 बजे पहला मैच स्विट्जरलैंड बनाम कैमरून के बीच हुआ जिसमें स्विट्जरलैंड की टीम 1-0 से विजेता बनी। दूसरा मैच उरूग्वे बनाम दक्षिण कोरिया के बीच शाम 6.30 मैच से शुरू हुआ और दोनों टीमें कोई भी गोल नहीं कर पाईं। तीसरा मुकाबला पुर्तगाल बनाम घाना के बीच रात 9.30 बजे से खेला गया और पुर्तगाल की टीम ने घाना को 3-2 से हरा दिया। चौथा मुकाबला ब्राजील बनाम सर्बिया के बीच रात 12.30 बजे खेला गया जिसमें ब्राजील की टीम ने सर्बिया को 2-0 से हरा दिया है।

# फीफा वर्ल्ड कप : कोरिया ने उरूग्वे को ड्रॉ पर रोका

**दोहा (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप के ग्रुप-एच राउंड के पहले मुकाबले 2010 की रनर-अप के सामने एशिया की दिग्गज टीम कोरिया रिपब्लिक की चुनौती थी। हालांकि, दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। फीफा रैंकिंग में 28वें नंबर पर काबिज कोरिया रिपब्लिक ने 14वें रैंक वाली उरुग्वे की टीम को 0-0 के ड्रॉ पर रोक लिया। दोनों टीमें फुल टाइम के बाद भी कोई गोल नहीं कर सकीं। दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतुष्ट रहना पड़ा। उरूग्वे ने यह वर्ल्ड कप में आठवां मैच ड्रॉ खेला है। यह किसी भी टीम द्वारा इस टूनार्मेंट में तीसरा सबसे ज्यादा है। उरूग्वे से ज्यादा सिर्फ इंग्लैंड (11) और ब्राजील (9) ने ज्यादा ड्रॉ मैच खेले हैं। उरूग्वे की टीम के दो शॉट गोलपोस्ट से टकरा गए। यह 1990 के बाद उरूग्वे की टीम के साथ पहली बार हुआ है। 1990 में भी कोरिया रिपब्लिक के खिलाफ ही उरूग्वे के दो शॉट गोल पोस्ट से टकरा गए थे। दोनों टीमों ने कुछ आसान मौके गंवाए। आंकड़ों पर नजर डालें तो उरूग्वे ने मैच के दौरान 10 शॉट गोल पर अटेम्प्ट किए। इनमें से सिर्फ एक शॉट ऑन टारगेट रहा। हालांकि, टीम कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं, कोरिया ने सात शॉट अटेम्प्ट किए। हालांकि, इस टीम का कोई भी शॉट ऑन टारगेट नहीं रह सका। उरुग्वे का बॉल पजेशन 56 प्रतिशत और कोरिया का 44 प्रतिशत रहा। दोनों टीमों के एक खिलाड़ी को यलो कार्ड मिला। उरुग्वे के मार्टिन कैसरस और कोरिया के चो गुए सुंग को यलो कार्ड मिला।

# 306 रन बनाकर हारी टीम इंडिया

## टॉम लैथम-विलियम्सन ने तोड़ी भारत की कमर, 40वें ओवर में पलटा मैच का रूख

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की टीम ने पहले वनडे मैच में भारत को करारी शिकस्त दी है। भारत की तरफ से तीन बल्लेबाजों ने हाफ सेंचुरी लगाई लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं कर पाया। वहीं न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टॉम लैथम ने अटैकिंग क्रिकेट खेली और नाबाद 145 रन बनाकर भारत के हाथों से मैच छीन लिया। वहीं कप्तान केन विलियम्सन ने भी शानदार 94 रनों की नाबाद पारी खेली। 306 रनों को न्यूजीलैंड के इन दोनों बल्लेबाजों ने बौना साबित कर दिया और पहले वनडे मैच में भारत को 7 विकेट से हरा दिया जबकि दो ओवर से ज्यादा गेंदे शेष रहीं।

**40वें ओवर में तय हो गई भारत की हार :** भारत के 306 रनों के जवाब में न्यूजीलैंड की शुरूआत काफी धीमी रही और पहले 3 विकेट तो सिर्फ 88 रनों पर गिर गए। उस वक्त क्रीज पर बैटिंग करने पहुंचे टॉम लैथम और केन विलियम्सन ने धीरे-धीरे संभलकर खेलते हुए पारी आगे बढ़ाई। लेकिन जब टॉम लैथम के 50 रन पूरे हो गए तो उन्होंने गेयर चेंज किया और मैदान के हर कोने में शॉट्स लगाए। पारी का 40वां ओवर लेकर आए शार्दूल ठाकुर पर लैथम ने गजब का अटैक किया और 4 चौके 1 छक्के के साथ कुल 25 रन बटोरे। यही वह ओवर था जब न्यूजीलैंड को जीत के 6 रन से कम के औसत की दरकार हो गई। दोनों बल्लेबाजों ने 221 रनों की नाबाद साझेदारी की जिसके बाद भारतीय टीम को कोई मौका नहीं मिला। लैथम ने 104 गेंद पर नाबाद 145 रन और केन विलियम्सन ने 98 गेंद पर नाबाद 94 रनों की पारी खेली।

**भारत ने बनाए थे 306 रन :** टॉस हारने के बाद भारत ने बैटिंग शुरू की और बिना विकेट खोए 100 रनों का आंकड़ा पार कर लिया तो ऐसा लगा कि भारत बड़ा स्कोर बनाने जा रहा है। लेकिन 124 पर पर ही भारत ने दोनों सलामी बल्लेबाजों का विकेट गंवा दिया। पहले शुभमन गिल 50 रन बनाकर ऑउट हुए और उसके बाद कप्तान शिखर धवन भी 72 रन बनाकर पवैलियर लौट गए। फिर बैटिंग करने पहुंचे रिषभ पंत सिर्फ 15 रन बनाकर लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके सूर्यकुमार यादव मैदान पर पहुंचे और पहली गेंद पर शानदार कवर ड्राइव से चौका जड़ दिया। लेकिन अगली ही गेंद पर गच्चा खा गए और कैच ऑउट होकर डग आउट में जा बैठे। फिर श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन ने पारी संभाली और भारत को 200 रनों के पार पहुंचाया। लेकिन 36 रन पर सैमसन ऑउट हो गए। फिर वाशिंगटन सुंदर और अय्यर ने अच्छी बल्लेबाजी करके भारत को 300 के पार पहुंचाया।

### आखिरी मिनटों में ईरान ने किये दो गोल, वेल्स को मिली हार

**अल रेयान/कतर (एजेंसी)।** राउजबेह चेश्मी ने स्टॉपेज टाइम के आठवें मिनट में गोल करके ईरान को विश्व कप फुटबॉल में शुक्रवार को वेल्स पर 2-0 से जीत दिलाई। चेश्मी के शॉट को वेल्स के बैकअप गोलकीपर डैनी वार्ड डाइव लगाकर भी नहीं बचा सके। नियमित गोलकीपर वेन हेनेसी को 86वें मिनट में बाहर किये जाने पर डैनी गोलकीपिंग कर रहे थे। रामिन रजाइयां ने कुछ पल बाद ही दूसरा गोल दागा। इस जीत के साथ ही ईरान के तीन अंक हो गए हैं। वहीं, वेल्स के दो मैच में एक ही अंक हैं। वेल्स के लिये जेरेथ बेल का यह 110वां मैच था जो राष्ट्रीय टीम के लिए सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। पहले मैच में वेल्स को अमेरिका ने 1-1 से ड्रॉ पर रोका था।

# दिनेश कार्तिक के इंस्टाग्राम पर रहस्यमयी पोस्ट से उठे सवाल

## क्या खत्म होनेवाला है इंटरनेशनल क्रिकेट करियर ?

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज और मिस्टर फिनिशर के नाम से फेमस दिनेश कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट शेयर की है। इस वीडियो पोस्ट में ऑस्ट्रेलिया टूर के साथ ही टीम के साथी खिलाड़ी और फैमिली मेंबर्स भी हैं। पोस्ट के साथ दिनेश कार्तिक ने जो लिखा है, उससे यह अंदाज लगाया जा रहा है कि संभवतः दिनेश कार्तिका का इंटरनेशनल क्रिकेट करियर अब समाप्त होनेवाला है।

**क्या लिखा दिनेश कार्तिक ने :** दिनेश कार्तिक ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कैप्शन दिया- ड्रीम डू कम ट्रू, टी-20 वर्ल्डकप। दिनेश ने आगे लिखा कि विश्वकप में भारतीय टीम का हिस्सा होना गर्व की अनुभूति करानेवाला रहा। हम भले ही टूर्नामेंट नहीं जीत पाये, लेकिन इसकी यादें बाकी की जिंदगी में बार-बार खुश होने का मौका देंगी। मैं अपने सभी साथी खिलाड़ियों, कोच, दोस्तों और उन फैंस को धन्यवाद कहना चाहूंगा जिन्होंने हमेशा सपोर्ट किया। तमिलनाडु के इस क्रिकेटर ने इन बातों से यह हिंट दिया है कि शायद अब वे नीली जर्सी में नहीं दिखेंगे। दरअसल, 37 साल के हो चुके दिनेश कार्तिक की रिटायरमेंट काफी पहले हो चुकी होती, लेकिन आईपीएल में दमदार प्रदर्शन की वजह से उन्हें टी-20 वर्ल्डकप टीम में शामिल किया गया था।

### टी-20 विश्वकप में नहीं दिखा पाये जौहर

**टी-20** विश्वकप 2022 के लिए दिनेश कार्तिक को चुना गया और रिषभ पंत की जगह उन्हें ज्यादातर मौकों पर टीम में शामिल भी किया गया। दिनेश कार्तिक पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में ज्यादा कुछ नहीं कर पाए और स्टंप ऑउट हो गए। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 6 रन ही बना सके। वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ महत्वपूर्ण मौके पर वे केवल 7 रन ही बना सके। इसके अलावा विकेट के पीछे भी कार्तिक का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर नहीं रहा। अब कार्तिक का यह पोस्ट संकेत दे रहा है कि वे जल्द ही संन्यास की घोषणा कर सकते हैं।

# मेक्सिको के खिलाफ दबाव में होंगे मेस्सी और अर्जेंटीना

**दोहा (एजेंसी)।** सऊदी अरब से फीफा विश्व कप के शुरूआती मैच में मिली 1-2 की शर्मनाक हार के बाद लियोनल मेस्सी और अर्जेंटीना का काफी मजाक बनाया जा रहा है जिससे टीम शनिवार को मेक्सिको के खिलाफ होने मुकाबले में वापसी करने के लिये काफी दबाव में होगी। पहले ही मैच में मिली हार से अर्जेंटीना के टूर्नामेंट में बने रहने पर खतरा मंडरा रहा है और अगर उसे अपनी उम्मीदों को बरकरार रखना है तो मेक्सिको के खिलाफ तुरंत वापसी करनी ही होगी। वर्ना उसे शर्मसार होकर टूर्नामेंट से बाहर होना होगा। दोहा में फैन पार्क और सड़कों पर सऊदी अरबी में कह रहे हैं, मेस्सी कहां हैं, हमने उसकी आंख फोड़ दी। जिसका स्थानीय भाषा में अर्थ है किसी आदमी को शर्मसार करना। मेस्सी ने कहा कि हमने हमेशा कहा है कि हम प्रत्येक मैच में जीतने की कोशिश करेंगे और अब तो यह पहले से कहीं अधिक होगी।

अर्जेंटीना के पूर्व खिलाड़ी और पूर्व कोच गेरार्डो मार्टिनो अब मेक्सिको के कोच हैं और वे प्रतिद्वंद्वी टीम को करारा झटका देने के लिए रणनीति तैयार कर रहे हैं। मार्टिनो ने 2014 से 2016 तक अपने देश अर्जेंटीना की अगुआई की, उन्हें लगातार कोपा अमेरिका के फाइनल में हार मिली जिसके बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। अब वह कोच के तौर पर मेक्सिको को अंतिम 16 में पहुंचाने की कोशिश में जुटे हैं जिसके लिये वह अर्जेंटीना के खिलाफ कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। मेक्सिको पिछले सात विश्व कप में से प्रत्येक में नॉकआउट चरण का अपना पहला मैच गंवाता रहा है जिसमें से 2006 और 2010 में दो बार उसे अर्जेंटीना से हार मिली है। पर इस बार दोनों टीमों की भिड़ंत ग्रुप चरण में हो रही है लेकिन टूनार्मेंट में अभी सात ही दिन हुए हैं और यह मुकाबला करो या मरो का महसूस हो रहा है और ऐसा विशेषकर अर्जेंटीना के लिए है। मार्टिनो ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उनके (सऊदी अरब के खिलाफ) परिणाम से उनके खेलने के तरीके में बदलाव होगा।

### वनडे में फेल साबित हो रहे सूर्यकुमार यादव

**ऑकलैंड (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय टी-20 रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज विस्फोटक भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव फिलहाल वनडे फॉर्मेट में फेल साबित हो रहे हैं। भारत जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला वनडे खेलने के लिए उतरा था तो उनसे वैसे ही प्रदर्शन की उम्मीद थी जो उन्होंने टी20आई मैचों में दिखाया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मैच में उन्होंने नाबाद 111 रन बनाकर टीम को जीत भी दिलाई थी, लेकिन जब वनडे सीरीज में रंग दिखाने की बाद आई तो वह पहले मैच में 3 गेंदों में सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए। सूर्यकुमार तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन का शिकार हुए। सूर्यकुमार के आखिरी 7 वनडे पारियों पर नजर डालें तो आंकड़े उनके प्रदर्शन के हिसाब से बिल्कुल भी मेल नहीं खाते। वैसे तो वह 13 पारियों में 31 की औसत से 344 रन बना चुके हैं, जिसमें 2 अर्धशतक भी शामिल हैं, लेकिन अंतिम 7 पारियों में वह 50 तो क्या 30 का आंकड़ा भी नहीं छू पा रहे।

# विश्व कप से पहले भारतीय हॉकी टीम के सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को यहां जब दुनिया की नंबर एक टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती मुकाबले में मैदान में उतरेगी तो विश्व कप से पहले अपनी ताकत और कमजोरी का आकलन करने का उसके पास शानदार मौका होगा। हॉकी की दुनिया में लंबे समय से अपना दबदबा कायम करनेवाली ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देना भारत के लिए हमेशा से मुश्किल रहा है। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया से 0-7 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद पहली बार दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरेंगी।

विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार नहीं होगी, लेकिन टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद टीम ने कुछ मैचों को छोड़कर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया आने से पहले भारतीय टीम ने भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो जीत और स्पेन के खिलाफ एक जीत और एक हार का सामना किया है। स्पेन और न्यूजीलैंड दोनों रैंकिंग में भारत से नीचे क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया का उसके घरेलू मैदान में सामना करना भारतीय टीम के लिए पूरी तरह से अलग चुनौती होगी। भारतीय कोच रीड ने इस श्रृंखला के बारे में कहा कि विश्व कप की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया से बेहतर कोई और जगह नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खेलने का तरीके को भारत में पसंद किया जाता है। इस श्रृंखला की सबसे अच्छी बात यह है कि दोनों टीमों को एक-दूसरे के अलग-अलग कौशल के बारे में सीखने को मिलेगा। विश्व कप शुरू होने में 50 से भी कम दिन बचे हैं और भारतीय कप्तान ने कहा कि यह श्रृंखला हमारे लिए काफी अहम है।

# केरल में फीफा वर्ल्डकप की मची धूम तो मुस्लिम संगठन ने दी चेतावनी

## कहा- अल्लाह की इबादत करें, फुटबॉल की नहीं

**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के मुस्लिम संगठन जम-इय्याथुल खुतबा समिति ने बयान दिया है कि अपने पसंदीदा फुटबॉल खिलाड़ियों के महंगे कटऑउट पर पैसा लगाने की जरूरत नहीं है। संगठन ने फुटबॉल का क्रेज बढ़ने पर चेतावनी दी है कि अल्लाह की इबादत करो, फुटबॉल की नहीं। फुटबॉल के हीरोज का गुणगान करने पर यह समिति पहले ही सोशल मीडिया पर हंगामा कर चुकी है। संगठन के महासचिव नसर फैजी कूडाथाई ने कहा कि हमने नमाज के बाज मस्जिदों में चेतावनी दी है कि फुटबॉल को सिर्फ खेल भावना की तरह देखा जाना चाहिए। लेकिन विश्वकप के उन्माद में इबादत करने वालों की इबादत

प्रभावित हो रही है। यह समिति सुन्नी मौलवियों का एक संगठन है जो मस्जिदों में शुक्रवार की नमाज के दौरान धर्मोपदेश देते हैं। अब वे यह संदेश फैला रहे हैं कि फुटबॉल के स्टार खिलाड़ियों की पूजा करना गैर-इस्लामिक है। साथ ही एकेश्वरवाद के सिद्धांत के खिलाफ भी है। समिति ने कहा कि फुटबॉल के हीरोज का क्रेज इतना बढ़ गया है कि लोग अपने झंडे से ज्यादा दूसरे देशों के झंडे को प्यार करने लगे हैं। लोग जब दो जून की रोटी कमाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं तो कुछ लोग फुटबॉल खिलाड़ियों के बड़े-बड़े कटऑउट पर फिजूल का खर्च कर रहे हैं। एक तरफ बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं दूसरी तरफ लोग टीवी से चिपके रहते हैं, जबकि उन्हें मस्जिद में जाकर नमाज अदा करना चाहिए। समिति ने फुटबॉल फैंस को पुर्तगाल और यूरोपीय देशों का महिमामंडन करने से दूर रहने की भी चेतावनी दी है। समिति का कहना है कि ये देश भारत पर आक्रमण करनेवाले रहे हैं और उनका आक्रमण का इतिहास रहा है।

### खेल को खेल की भावना से ही देखना चाहिए

**समिति** ने कहा कि लोगों को मानसिक और शारीरिक हेल्थ के लिए कड़े नियमों का पालन करना चाहिए। समिति ने लोगों से कहा कि वे रात भर फुटबॉल न देखें और न ही नमाज छोड़ें। साथ ही इस्लाम विरोधी प्रचार करनेवाले देशों की सराहना बिल्कुल भी न करें। समिति ने कहा कि खेल को खेल की भावना से ही देखना चाहिए। क्योंकि जो लोग इस पर समय और पैसा खर्च करते हैं वह भगवान की देन है और हर व्यक्ति को एक-एक घड़ी, पाई-पाई का हिसाब मालिक से देना होगा। इसलिए फुटबॉल को लत नहीं बनना चाहिए। कुछ खेलों और खिलाड़ियों का हम पर बहुत प्रभाव पड़ता है लेकिन इसे आदत नहीं बनने देना चाहिए। नशा सिर्फ शराब और ड्रग्स का ही नहीं है बल्कि बहुत सी ऐसी चीजें हैं जिन्हें हम मनोरंजन मानकर देखते हैं लेकिन वह हमें कमजोर बनाती है। इस बीच माकपा नेता और शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने कहा कि लोगों को अपने स्टार खिलाड़ियों की सराहना करने का पूरा अधिकार है। फुटबॉल की सराहना करना व्यक्तिगत पसंद है।

## न्यूज गैलरी

### नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट 29 को गुरुग्राम में

गुरुग्राम। शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत काम करने वाली नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको)ने 29 नवंबर को यहां नारेडको हरियाणा रियल एस्टेट समिट-2022 और क्रेता-बिक्रेता सम्मेलन की मेजबानी करने की घोषणा की है। नारेडको ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस कार्यक्रम में नीति निमार्ता, सरकारी अधिकारी, डेवलपर्स, निवेशक और प्रोफेशनल सेवाएं देने वाले और अन्य संबंधित क्षेत्रों के प्रमुख लोग अपने विचार रखेंगे। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, राजनेता, जाने माने डेवलपर्स भी शामिल होंगे। हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में है और जीडीपी में लगभग 3.5 प्रतिशत योगदान देता है। नारेडको ने कहा है कि राज्य में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में कई सारे अवसर मिल सकते हैं। बयान में कहा गया है कि अकेले एनसीआर के हरियाणा उपक्षेत्र के 13 जिलों में 28-30 प्रतिशत तक आवसीय सुविधा की कमी है। गुरुग्राम आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स में शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं।

### यूनिपार्ट्स इंडिया के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 548-577 रुपये प्रति शेयर तय

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंजीनियरिंग समाधान मुहैया कराने वाली यूनिपार्ट्स इंडिया ने अपने 836 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 548-577 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन दिन का निर्गम 30 नवंबर को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेगा और दो दिसंबर को बंद होगा। एंकर निवेशक 29 नवंबर को शेयरों के लिए बोलियां लगा सकेंगे। आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक समूह संस्थाओं और मौजूदा निवेशकों द्वारा 14,481,942 शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। कंपनी को सार्वजनिक निर्गम से कोई आय प्राप्त नहीं होगी। यूनिपार्ट्स ने इससे पहले दिसंबर 2018 और सितंबर 2014 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के शुरूआती दस्तावेज जमा किए थे जिसके लिए उसे मंजूरी भी मिल गई थी लेकिन वह आईपीओ लेकर नहीं आई थी।

### जिस सेक्टर के बादशाह हैं मुकेश अंबानी, वहां अब गौतम अडानी करेंगे एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय अरबपति गौतम अडानी गुजरात राज्य में एक पेट्रोकेमिकल सेक्टर में 4 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश करने की योजना बना रहे हैं। इसकी जानकारी उन्होंने फाइनेंशियल टाइम्स के साथ एक इंटरव्यू में दी है। इतना ही उन्होंने यह भी कहा कि पेट्रोकेमिकल्स सेक्टर में हमारी किसी के साथ कोई कम्पिटिशन नहीं है। उन्होंने कहा, ₹भारत एक बड़ा विकास बाजार है और यहां हर किसी का स्वागत है।₹ बता दें कि अरबपति मुकेश अंबानी का पहले से ही इस सेक्टर में दबदबा रहा है। इतना ही नहीं रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति अडानी एयरपोर्ट्स के यात्रियों को अडानी समूह की अन्य सेवाओं से जोड़ने के लिए अगले तीन से छह महीनों में एक ₹सुपर ऐप₹ लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का बोर्ड फंड जुटाने के विकल्पों पर चर्चा करने के लिए आज बैठक कर रहा है। इससे पहले 2020 में अपने अंबानी ने अपने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की इकाइयों में दांव बेचकर वैश्विक निवेशकों से 27 बिलियन डॉलर से अधिक जुटाए थे। गौतम अडानी ने कहा कि भारत 2050 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है।

### सरकार तेज की हिस्सेदारी बेच सकती है, इन तीन दिग्गज कंपनियों पर नजर

**नई दिल्ल।** केन्द्र की मोदी सरकार कोल इंडिया समेत कई कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बेच सकती है। करीब पांच लिस्टेड कंपनियों की लिस्ट तैयार हो रही है, जिनमें सरकार अपनी छोटी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। सूत्रों के मुताबिक, शेयर बाजार में उछाल और वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में रेवेन्यू बढ़ाने के लिए कोल इंडिया और हिन्दुस्तान जिंक समेत सरकारी कंपनियों में छोटी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहा है। सूत्रों के हवाले से ब्लूमबर्ग के लिखा है कि सरकार कोल इंडिया लिमिटेड, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड में ऑफर-फॉर-सेल के जरिए 5% -10% हिस्सेदारी बेचना चाह रही है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्रालय के तहत लिस्टेड यूनिट समेत कुल मिलाकर पांच कंपनियों का चयन किया जा सकता है।

# जियो ने गुजरात के सभी जिला मुख्यालयों में शुरू की 5जी सेवा

**मुंबई (एजेंसी)।** रिलायंस जियो ने शुक्रवार को कहा कि उसने गुजरात के सभी 33 जिला मुख्यालयों में टू-5 जी कवरेज की शुरूआत कर दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस पहल से पश्चिमी राज्य अपने सभी जिला मुख्यालयों में जियो टू-5 जी कवरेज प्राप्त करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। बयान में कहा गया है कि जियो कंपनी एक आदर्श राज्य के रूप में गुजरात में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, उद्योग 4.0 और आईटी क्षेत्रों में टू-5 जी संचालित पहलों की एक श्रृंखला की शुरूआत करेगी और फिर इसका विस्तार पूरे देश में किया जाएगा। इस शुभारंभ' को 'एजुकेशन-फॉर-ऑल' नामक एक महत्वपूर्ण टू 5जी-संचालित पहल के साथ किया जाएगा, जिसमें गुजरात के 100 स्कूलों को रिलायंस फाउंडेशन और जियो एकसाथ डिजिटाइज करने जा रहे हैं। यह पहल स्कूलों को जियो टू 5-जी कनेक्टिविटी, उन्नत सामग्री मंच, शिक्षक और छात्र सहयोग मंच और स्कूल प्रबंधन मंच से जोड़ेगी। रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश एम अंबानी ने कहा, हमें यह साझा करते हुए बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि गुजरात अब देश का पहला राज्य बन चुका है जिसके सभी जिला मुख्यालय हमारे मजबूत टू 5-जी नेटवर्क से जुड़ चुके हैं। हम इस तकनीक की वास्तविक शक्ति का प्रदर्शन करना चाहते हैं और यह भी कि ये तकनीक एक अरब लोगों को कैसे प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा, हमारे देश के प्रधानमंत्री के लिए शिक्षा एक मुख्य-विषय है। अगले 10-15 वर्षों में 30-40 करोड़ कुशल भारतीय इस कार्यबल में शामिल होंगे। यह न केवल प्रत्येक भारतीय को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करेगा, बल्कि 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने वाले हमारे प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में भी मदद करेगा। श्री अंबानी ने कहा, '5जी केवल हमारे देश के सबसे बड़े शहरों में कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के लिए एक विशेष सेवा के तौर पर उपलब्ध बन कर नहीं रह सकती है। यह पूरे देश के सभी नागरिकों, घरों और व्यवसायों के लिए उपलब्ध होनी चाहिए। हम तभी अपनी अर्थव्यवस्था में उत्पादकता, आय और जीवन स्तर को अभूरपूर्व वृद्धि प्राप्त कर सकते हैं, जिसके माध्यम से हमारे देश में एक समृद्ध और समावेशी समाज का निर्माण हो सकता है। यह हमारा निरंतर विश्वास है, जो कि हमारे ह्यवी केयर फिलॉसफी से प्रेरित है।

> देश के सभी नागरिकों, घरों और व्यवसायों के लिए उपलब्ध होनी चाहिए। हम तभी अपनी अर्थव्यवस्था में उत्पादकता, आय और जीवन स्तर को अभूरपूर्व वृद्धि प्राप्त कर सकते हैं।

### एलन मस्क ने ट्विटर कर्मचारियों को दिया एक और झटका

## ट्रैवल वेंडर्स के बिलों का भुगतान से इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एलन मस्क के टेकओवर के बाद से ट्विटर कई बड़े बदलावों से गुजर रहा है। कर्मचारियों की छंटनी, पॉलिसी में बदलाव, पेड वैरिफिकेशन और न जाने कितने परिवर्तन ट्विटर में किए गए हैं। अब एक और नई खबर है। जानकारी के मुताबिक, ट्विटर ने अपने ट्रैवल वेंडर्स के बकाया बिलों का भुगतान करने से इनकार कर दिया है। इन वेंडर्स का लाखों डॉलर का बिल ट्विटर पर बकाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्विटर ने अधिग्रहण से पहले कर्मचारियों के यात्रा भत्ता मद में लाखों डॉलर खर्च किए गए थे। इन यात्राओं के सभी बिलों को कर्मचारियों ने लगाया था, जिनके भुगतान के लिए एलन मस्क ने मना कर दिया है। मस्क का कहना है कि सैकड़ों-हजारों डॉलर के यात्रा चालानों को उन्होंने अधिकृत नहीं किया था, ऐसे में वह उनसे पहले के और वर्तमान के बिलों का भुगतान नहीं करेंगे। ट्विटर में लागत में कटौती का आलम यह है कि ट्रैवल वेंडर्स के फोन कॉल तक को कर्मचारियों ने उठाना तक बंद कर दिया है। इससे ट्रैवल वेंडर्स में बड़ा असंतोष है, खासकर उन वेंडर्स में, जिनके लाखों डॉलर का बिल बकाया है। बता दें, इससे पहले भी एलन मस्क लागत में कटौती को लेकर कई कदम उठा चुके हैं। इसमें कर्मचारियों की छंटनी, कर्मचारियों की सुविधाएं कम करना जैसे फैसले शामिल हैं। ट्विटर पर अधिग्रहण के बाद मस्क ने कंपनी का खर्च कम करने के लिए कई बड़े फैसले लिए हैं।

## छंटनी के बीच अमेजन ने श्रम मंत्रालय को दी सफाई, कहा- स्टाफ खुद छोड़ रहे नौकरी

**नई दिल्ली।** अमेजन इंडिया ने श्रम मंत्रालय से कहा कि उसने किसी भी कर्मचारी को बर्खास्त नहीं किया है और केवल उन लोगों को जाने दिया है जिन्होंने सेवरेंस पैकेज को स्वीकार किया और खुद से अलग होने का विकल्प चुना। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया, ह्यकंपनी की तरफ से यह जवाब पुणे स्थित कर्मचारी संघ, नवजात सूचना प्रौद्योगिकी कर्मचारी सीनेट (नीट्स) द्वारा श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ दायर याचिका पर आया। इसमें दावा किया गया कि अमेजन ने भारत में बड़ी संख्या में कर्मचारियों को जबरन नौकरी से निकाल दिया। अमेजन के प्रतिनिधि ने बेंगलुरु में केंद्रीय श्रम मंत्रालय के उप श्रम आयुक्त के समक्ष अपना बयान प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान अमेजन इंडिया का कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ। अमेजन इंडिया ने कहा कि वह हर साल अपने कर्मचारियों की समीक्षा करती है और चेक करती है कि क्या उसे फिर से व्यवस्थित करने की जरूरत है। अमेजन ने कहा, श्रमिक, पुनर्गठन योजना को चुनने या अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र थे। यदि वे योजना को स्वीकार करते हैं, तो उन्हें उचित सेवरेंस पैकेज मिलेगा। कहा गया कि किसी भी कर्मचारी को संगठन छोड़ने के लिए नहीं कहा गया था, बल्कि उन्हें अपने विवेक से कार्य करने की सलाह दी गई थी। कंपनी ने मई में दावा किया था कि उसने भारत में 11.6 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित की हैं।

## टाटा की जेएलआर कंपनी में बढ़ा संकट, प्रोडक्शन में करेगी बड़ी कटौती

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर की कमी की वजह कार निर्माता कंपनी- जगुआर लैंड रोवर यानी JLR ने एक अहम फैसला लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मार्च के अंत तक कंपनी ब्रिटेन में उत्पादन में कटौती करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक टाटा ग्रुप की इस कंपनी ने कथित तौर पर जनवरी और मार्च के बीच सोलिहुल, हेलवुड के कारखानों में उत्पादन में कटौती करने का फैसला किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि चिप की कमी की वजह से कंपनी ने अपने रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट के नए मॉडलों के उत्पादन को बढ़ाने के प्रयासों को कम कर दिया है। यह सोलिहुल में उत्पादित होते हैं। 2020 की शुरूआत में कोविड-19 महामारी के शुरू होने के बाद से वैश्विक स्तर पर ऑटो उद्योग सेमीकंडक्टर की कमी और आपूर्ति के मुद्दों से जूझ रहा है।

## महंगाई पर लागत का असर आने वाले दिनों में कम होगा , वित्त मंत्रालय की मासिक परिदृश्य रिपोर्ट

**रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण जिंसों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति फिर भड़क गयी और मई 2022 में यह फिर चढ़ कर खुदरा मुद्रास्फीति से 9.6 प्रतिशत तक ऊपर हो गयी थी।**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्रालय की एक ताजा रपट में कहा गया है कि खुदरा मूल्य वाली मुद्रास्फीति (सीपीआई) और थोक भाव पर आधारित (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति का अंतर कम हुआ है और उत्पादन के साधनों की बढ़ी लागत के खुदरा मूल्य में परिलक्षित होने की प्रक्रिया करीब करीब पूरी होती हुयी दिखती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि थोक और खुदरा महंगाई में अक्टूबर 2022 में अंतर 1.6 प्रतिशत तक सीमित हो गया है जो संकेत दे रहा है उत्पादन सामग्री की ऊंची कीमतों का उपभोक्ता मूल्यों तक प्रसरण पूरा होने वाला है। इसके परिमाण स्वरूप आने वाले महीनों में खुदरा मुद्रास्फीति पर सामग्री की लागत का असर कम होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादन के संसाधनों की लागत का असर उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति तक पहुंचने में कुछ समय लगता है। वर्ष 2021 में स्थिर सीपीआई मुद्रास्फीति के साथ डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति बढ़ रही थी नवंबर 2021 में खुदरा मुद्रास्फीती थोक मुद्रास्फीति से 10.0 प्रतिशत नीचे थी। अप्रैल 2022 में यह अंतर 7.6 प्रतिशत रह गया। रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण जिंसों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति फिर भड़क गयी और मई 2022 में यह फिर चढ़ कर खुदरा मुद्रास्फीति से 9.6 प्रतिशत तक ऊपर हो गयी थी। अक्टूबर 2022 में थोक मुद्रास्फीति खुदरा मुद्रास्फीति से केवल 1.6 प्रतिशत ऊंची रह गयी है। रिपोर्ट के अनुसार 2020 में कोविड 19 महामारी के दौर में जिंसों की वैश्विक कीमतें कम होने से थोक मुद्रास्फीति कम थी और खुदरा मुद्रास्फीति का दबाव घरेलू आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण था। 2022 में उक्रेन-रूस युद्ध से जिंसों का बाजार और भड़क गया। सीपीआई और डब्ल्यूपीआई के अंतर में घट-बढ़ के बारे में कहा गया है कि 2020 में थोक मुद्रास्फीति का स्तर काफी नीचे और कुछ समय तक शून्य से भी कम होने से तुलनात्मक आधार के प्रभाव के चलते 2021 में जिंसों की कीमतों के कीमतें दौर में दहाई अंक में चली गयी जो उत्पादकों के साधनों की लागत ऊंची होने का संकेत है। अप्रैल 2021 से लगातार अठारह महीने थोक मूल्य सूचकांक दहाई अंक में रहा।

## भारतीय अर्थव्यवस्था आगामी वर्षों में 6.5% से अधिक की दर से बढ़ेगी: सीईए

**मुंबई (एजेंसी)।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने उम्मीद जताई है कि घरेलू अर्थव्यवस्था मौजूदा दशक के शेष वर्षों में 6.5 प्रतिशत और उससे अधिक की दर से बढ़ती रहेगी। उन्होंने निजी क्षेत्र के विश्लेषकों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुमानों का हवाला देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रहेगी। उन्होंने यहां आयोजित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) बैंकिंग और आर्थिक शिखर सम्मेलन में कहा, हमें कुछ दिन चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के आंकड़े मिलेंगे। ये आंकड़े इन अनुमानों पर अधिक स्पष्टता प्रदान करेंगे।" नागेश्वरन ने कहा, कुल मिलाकर, अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के अगले वित्त वर्ष के अनुमान दशार्ते है कि आर्थिक वृद्धि दर लगभग छह से 6.2 प्रतिशत के बीच रहेगी। उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि अर्थव्यवस्था चालू दशक के शेष वर्षों में हर साल 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह विश्लेषकों के अनुमान से कम नहीं रहेगी, क्योंकि मांग के घरेलू कारक अभी मजबूत दिखाई दे रहे हैं।

## कोयला उत्पादन अक्टूबर में 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रहा 44.8 करोड़ टन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोयले का उत्पादन अक्टूबर में 44.8 करोड़ टन रहा जो पिछले वर्ष अक्टूबर से 18 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कोयला उत्पादक कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के उत्पादन की वृद्धि भी अक्टूबर में 17 प्रतिशत से अधिक रही। मंत्रालय ने इस माह के अंत तक घरेलू कोयले पर चलने वाले ताप बिजलीघरों में तीन करोड़ टन ईंधन का स्टॉक तैयार करने की योजना बनायी है । 31 मार्च, 2023 के अंत तक 4.5 करोड़ टन तक पहुँचाने का लक्ष्य है। मंत्रालय ने कहा है कि समुद्री मार्ग से कोयला ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, रेलवे और कोयला मंत्रालय मिलकर काम कर रहे हैं। कोयला उत्पादन अक्टूबर में 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 44.8 करोड़ टन टन पहुंचा। कोयला मंत्रालय ने इस माह के अंत तक घरेलू कोयला आधारित ताप बिजली संयंत्रों में तीन करोड़ टन का स्टॉक तैयार करने की योजना तैयार की है जिसे 31 मार्च, 2023 के अंत तक4.5 करोड़ टन तक पहुँचाने का लक्ष्य है। बयान के अनुसार वर्ष 2022 के पहले सात महीनों में दैनिक औसत रेक उपलब्धता में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है जिससे कोयला ढुलाई बढ़ा कर स्टॉक सुधारने में मदद मिली है।

## एग्रोकेमिकल धर्मज क्रॉप गार्ड का आईपीओ 28 नवंबर को खुलेगा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में अहमदाबाद स्थित एग्रोकेमिकल कंपनी धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निगम (आईपीओ) 28 नवंबर को खुलेगा। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रमेशभाई रा. तालविया द्वारा यहां जारी एक बयान में कहा है कि प्रति शेयर 216-237 रुपये के बीच तय किया गया है। इसके लिए 28 से 30 नवंबर के बीच आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ में न्यूनतम 60 या इसके गुणक में शेयरों के लिए आवेदन किया जा सकता है। कंपनी में मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 216 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों के नए अंक और 14.83 लाख इक्विटी शेयरों के ऑफर-फॉर-सेल (ओएफसी) शामिल हैं। कंपनी अपने वितरण नेटवर्क के माध्यम से भारतीय किसानों के लिए ब्रांड इन-लाइसेंस के अंतर्गत मालिकाना और जेनेरिक ब्रांडों के तहत एग्रोकेमिकल उत्पादों के विपणन और वितरण में भी लगी हुई है। इसके अलावा यह किसानों को अधिकतम उत्पादकता और लाभप्रदता प्रदान करने में मदद करने के लिए फसल सुरक्षा के उपाय भी प्रदान करती है। धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड कंपनी लैटिन अमेरिका, पूर्वी अफ्रीकी देशों, मध्य पूर्व और सुदूर पूर्व एशिया जैसे 25 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात करती है। कंपनी के पास 30 सितंबर 2022 तक 154 संस्थागत प्रोडक्ट थे। जिन्हें 600 से ज्यादा ग्राहकों को बेचा गया। कंपनी के इसके ग्राहकों में अतुल लिमिटेड, हेरान्बा इंडस्ट्रीज लिमिटेड, भारत रसायन लिमिटेड, ओएसिस लिमिटेड, यूनाइटेड इंसेक्टिसाइड्स प्राइवेट लिमिटेड और सादिक एग्रोकेमिकल्स कंपनी शामिल हैं।

## अगले महीने 13 दिन बंद रहेंगे बैंक, ध्यान दें ग्राहक

नई दिल्ली (एजेंसी) अगर आपका बैंक से जुड़ा कोई काम है तो उसे फटाफट निपटा लीजिए। अभी नवंबर का महीना खत्म होने में कुछ दिन बचे हैं। अगले महीने यानी दिसंबर को बैंकों में 13 दिन छुट्टियां रहने वाली हैं। इस दौरान बैंक नहीं खुलेंगे और आपके बैंकिंग संबंधित काम अटक सकते हैं। ऐसे में अगर आपका बैंक में कोई जरूरी है तो जल्द निपटा लें। बैंक जाने से पहले ये छुट्टियों की लिस्ट जरूर चेक कर लें, जिससे आपको किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े।

**ऑनलाइन बैंकिंग रहेगी चालू**

बैंकिंग छुट्टियों की ये लिस्ट अलग-अलग राज्यों में मनाए जाने वाले त्योहारों पर निर्भर है। मालूम हो कि बैंक की ब्रांच बंद रहने के बावजूद आप घर बैठे ही बैंकिंग से जुड़े काम कर सकते हैं। ग्राहकों के लिए ऑनलाइन बैंकिंग पहले की तरह ही चालू रहेगी।

**आरबीआई जारी करता है लिस्ट**

: बैंक किस दिन बंद रहेंगे इसकी लिस्ट भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी की जाती है। दरअसल आरबीआई की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक दिसंबर में सिर्फ आठ दिन ही बैंक बंद हैं लेकिन हर महीने दूसरे और चौथे शनिवार और हर रविवार को भी बैंक बंद होते हैं। ऐसे में बैंकों की कुल छुट्टियां 13 हो जाती है। इसलिए जो भी बैंक ग्राहक हों वह अपने कामों को छुट्टियों की लिस्ट पढ़कर निपटाने की कोशिश करेंगे। नहीं वरना आपकों को पछताने के सवा कुछ नहीं नहीं रहेगा। जो भी बैंक से लेन-देन हो बैंक बंद होने से पहले इसे करने का प्रयास करेंगे। ऐसा न हो के भूल हो जायेग।

### पूरे देश में इन-इन तारीखों पर बंद रहेंगे बैंक

3 दिसंबर 2022 - शनिवार- सेंट जेवियर फीस्ट- गोवा में बैंक बंद रहेंगे, 4 दिसंबर 2022 - रविवार- बैंक बंद- पूरे देश में बैंक बंद, 10 दिसंबर 2022 - शनिवार- दूसरा शनिवार-पूरे देश में बंद रहेंगे बैंक, 11 दिसंबर 2022 - रविवार- पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे, 12 दिसंबर 2022 - सोमवार- पा-तगान नेंगमिंजा संगम- मेघालय में बंद रहेंगे बैंक, 18 दिसंबर 2022 - रविवार- पूरे देश में बैंक बंद, 19 दिसंबर 2022 - सोमवार- गोवा लिबरेशन डे- गोवा में बैंक बंद रहेंगे, 24 दिसंबर 2022 - शनिवार- क्रिसमम और चौथा शनिवार- पूरे देश में बैंक बंद, 25 दिसंबर 2022 - रविवार- पूरे देश में बंद रहेंगे बैंक, 26 दिसंबर 2022 - सोमवार- क्रिसमस, लासूंग, नामसूंग- मिजोरम, सिक्किम, मेघालय में बैंक बंद, 29 दिसंबर 2022 - गुरुवार- गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्मदिन- चंडीगढ़ में बैंक बंद रहेंगे, 30 दिसंबर 2022 - शुक्रवार- यू कियांग नंगवाह- मेघालय में बैंक बंद रहेंगे 31 दिसंबर 2022 - शनिवार- नए साल की पूर्व संध्या- मिजोरम में बैंक बंद रहेंगे।

## हाइब्रिड वाहनों पर ध्यान दे रही टोयोटा किर्लोस्कर मोटर : विक्रम किर्लोस्कर

**मुंबई (एजेंसी)।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर समग्र कार्बन उत्सर्जन में कटौती के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हाइब्रिड वाहनों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, वहीं भविष्य में उसकी देश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) लाने की भी योजना है। कंपनी के वाइस चेयरमैन विक्रम किर्लोस्कर ने यह कहा। कंपनी ने अपने लोकप्रिय बहुउद्देश्यीय वाहन इनोवा का नया हाइब्रिड संस्करण 'इनोवा हाइक्रॉस' शुक्रवार को बाजार में उतारा है। विक्रम किर्लोस्कर से सवाल किया गया कि ऐसे समय जब भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवीएस) पैर जमा रहे हैं तब टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की हाइब्रिड वाहनों पर ध्यान केंद्रित करने की रणनीति क्यों है, इसके जवाब में उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे लगता है कि देश का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। आपको इसे समग्र रूप से और वैज्ञानिक आधार पर देखना होगा और हम यही कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के मौजूदा निम्न स्तर को देखते हुए कहा जा सकता है कि ऐसा जरूरी नहीं कि बिजली से चलने वाले वाहन कार्बन उत्सर्जन को कम करने के उद्देश्य को पूरा कर पाएंगे। किर्लोस्कर ने कहा, "भारत में नवीकरणीय बिजली 50-60 प्रतिशत से अधिक होने लगेगी तो निश्चित रूप से सब बिजली आधारित होगा... हम भी इलेक्ट्रिक वाहन ला सकते हैं।" सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 30 सितंबर, 2022 तक भारत की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में कुल जीवाश्म ईंधन 57.9 प्रतिशत और गैर-जीवाश्म ईंधन 42.1 प्रतिशत है।

## पेज एक के शेष

### 15 वर्ष पुरानी...

का उत्पादन करेगा। उन्होंने कहा कि यह पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और देश के चावल उत्पादक हिस्सों के रूप में एक बड़ा बदलाव है, जहां चावल की पराली जलाने से प्रदूषण होता है। अब चावल के भूसे का इस्तेमाल इथेनॉल और बायो बिटुमेन बनाने के लिए किया जायेगा। उन्होंने कहाकि हमें देश में और ज्यादातर सड़क परिवहन विभाग में 80 लाख टन बायो-बिटुमेन की जरूरत है। देश में लगभग 50 लाख टन बिटुमेन का निर्माण होता है और हम इसका लगभग 25 लाख टन आयात करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि जब इस तरह की परियोजनाएं शुरू होंगी, तो हमारे देश को कोलतार आयात करने की जरूरत नहीं होगी। गांवों, जिलों, राज्यों और राष्ट्रीय राजमार्गों में हमारी सड़कें किसानों द्वारा उत्पादित चावल के भूसे का इस्तेमाल करके बिटुमेन से बनायी जायेंगी। गडकरी ने असम में इंडियन ऑयल की एक और परियोजना के बारे में भी बताया कि जहां बायोएथेनॉल का उत्पादन किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बंजर भूमि पर बांस की खेती की जायेगी, जिससे बायोएथेनॉल का उत्पादन किया जायेगा। हमारे किसान न सिर्फ अन्नदाता बने रहेंगे, बल्कि वे ऊर्जा प्रदाता भी बनेंगे।

### घर से दूर...

तो संकोच के कारण चिकित्सक के पास नहीं गये। अपना मूल शहर या गांव छोड़कर आनेवाले युवा पढ़नेवाले या नौकरी करनेवाले थे। इनमें ज्यादातर उच्च शिक्षा वाले थे। इनमें से 65 प्रतिशत अंडर ग्रेजुएट डिग्री, डिप्लोमा कर चुके थे, 28 प्रतिशत स्नातकोत्तर कर चुके थे। इनमें से 88 प्रतिशत की शादी नहीं हुई थी। 90 प्रतिशत दूसरी जगहों से यहां आकर रह रहे थे। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हो रही थीं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# दिल्ली शराब घोटाले में सीबीआई ने दाखिल की 10 हजार पन्नों की चार्जशीट

## 10 हजार के पन्नों में सात आरोपी, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया का नहीं है नाम

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति घोटाले में सीबीआई ने शुक्रवार को सात आरोपियों के खिलाफ 10 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया का नाम नहीं है। सीबीआई ने दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में ये चार्जशीट दाखिल की है। मामले में 30 नवम्बर को अगली सुनवाई होगी। इधर, चार्जशीट में सिसोदिया का नाम नहीं आने पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि सीबीआई की चार्जशीट बताती है कि डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर सारे आरोप फर्जी और मनगढंत थे। भाजपा को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

**सात आरोपियों में ये लोग शामिल : सीबीआई** की चार्जशीट में दो गिरफ्तार बिजनेसमैन, एक न्यूज चैनल के चीफ, हैदराबाद के एक शराब कारोबारी, दिल्ली के एक शराब डिस्ट्रीब्यूटर और आबकारी विभाग के दो अधिकारी शामिल हैं। चार्जशीट में विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, अरुण पिल्लई, समीर महेंद्रू, गौतम मूथा, कुलदीप सिंह और नरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि कुलदीप सिंह तत्कालीन उपायुक्त (आबकारी) थे और नरेंद्र सिंह तत्कालीन सहायक आयुक्त (आबकारी) थे। ईडी और सीबीआई ने इन सभी पर आरोप लगाया था कि आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितता की गयी थी और लाइसेंस धारकों को फायदा पहुंचाया गया था।

### 15 दिन पहले ईडी ने की कार्रवाई

15 दिन पहले ईडी ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में अरबिंदो फार्मा के चीफ शरद रेड्डी और विनय बाबू का नाम शामिल है। ये दोनों हैदराबाद की टॉप फार्मा कंपनी के कारोबारी हैं। इससे पहले मामले में सीबीआई ने 17 अगस्त को तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इनमें बड्डी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम के डायरेक्टर अमित अरोड़ा, दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडे का नाम शामिल है। इन सभी को सिसोदिया का करीबी बताया जाता है।

# असहमति और विवाद को बातचीत से ही हल किया जा सकता है : राजनाथ

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मानवता अभी जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 महामारी तथा अन्य चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे में सभी को युद्धों तथा टकरावों के विनाश से दूर रहते हुए इन चुनौतियों से मिलकर निपटने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि विवादों और असहमति का समाधान केवल बातचीत से ही किया जा सकता है। श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां हिन्द-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद में अपने संबोधन में कहा कि भारत एक स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत का पक्षधर है, क्योंकि यह न केवल इस क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए बल्कि व्यापक वैश्विक समुदाय के लिए भी महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री ने वर्ष 2018 में सिंगापुर में शांगरी-ला संवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री ने कहा था कि



भारत एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र का पक्षधर है, जो प्रगति और समृद्धि के साझा प्रयास में हम सभी को एकसाथ रखता है। श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि विवादों और असहमतियों को हल करने और क्षेत्रीय या वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए बातचीत ही एकमात्र सभ्य तरीका है। उन्होंने हाल ही में बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री के दृढ़ संदेश का हवाला दिया कि युद्ध का युग खत्म हो गया है।

## न्यूज गैलरी

### ऑस्ट्रेलिया में महिला की हत्या के आरोप में फरार युवक दिल्ली से गिरफ्तार

**मोगा (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने शुक्रवार को ट्वीट किया है कि वर्ष 2018 में क्वींसलैंड के एक समुद्र तट पर 24 वर्षीय टोयाह कोर्डिंग्ले की हत्या के आरोपी एक पंजाबी व्यक्ति को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया है। क्वींसलैंड पुलिस ने कहा है कि राजविंदर सिंह को जल्द ही प्रत्यर्पण अदालत में सुनवाई के बाद वापस लाने का प्रयास किया जायेगा। उसे शुक्रवार को दिल्ली की एक स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने 3 नवंबर को इनफिसिल में नर्स के रूप में काम करने वाले संदिग्ध राजविंदर सिंह (38) की जानकारी देने वाले को रिकॉर्ड एक मिलियन डॉलर (5.31 करोड़ रुपये) का इनाम देने की घोषणा की थी। आरोप है कि वह टोयाह कोर्डिंगली की हत्या करने के बाद वह भारत भाग गया। पुलिस ने उसकी तस्वीरें तब जारी की थीं, जब वह 23 अक्तूबर, 2018 को अपनी पत्नी और तीन बच्चों को छोड़कर भारत जाने के लिए उड़ान भर रहा था। उनके भाई ने पहले स्वीकार किया था कि राजविंदर अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरा था और काम से संबंधित मुद्दों पर मानसिक परेशानी में थे। उसके बाद से उसके बारे में बहुत कम जानकारी थी।

### दुनिया का पहला विकलांग अंतरिक्ष यात्री चुना गया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया में पहली बार एक विकलांग को अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुना गया है। यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने पांच नए अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की है। एजेंसी का बजट भी इस बार काफी ज्यादा बढ़ गया है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, ईएसए ने पहली बार एक विकलांग अंतरिक्ष यात्री को चुन कर इतिहास रच दिया है। ब्रिटिश डॉक्टर और पैरालिम्पियन जॉन मैकफॉल पहले विकलांग हैं जिन्हें अंतरिक्ष यात्रा के लिए चुना गया है। उन्हें एक अलग पैराएस्ट्रोनॉट फिजिबिलिटी प्रोग्राम के जरिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। 41 साल के मैकफॉल का दाया पैर एक मोटरसाइकिल दुर्घटना के बाद काटना पड़ गया था। तब उनकी उम्र महज 18 साल थी। हालांकि, उसके बाद भी वह धावक बने और 2008 के पैरालिंपिक में कांस्य पदक जीतने में सफल हुए। मैकफॉल का कहना है कि यह एक तूफानी अहसास है, पैर कट जाने के बाद मैंने कभी नहीं सोचा था कि अंतरिक्ष यात्री बनने की संभावना होगी।

# प्रौद्योगिकी ने शासन को बना दिया है लोकतांत्रिक : धनखड़

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रौद्योगिकी ने पारदर्शिता और जवाबदेही लाकर शासन का लोकतांत्रिकरण किया है और यह समावेशी और सतत विकास के आदर्श को प्राप्त करने में मदद करती है। श्री धनखड़ ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा में यूनेस्को-भारत-अफ्रीका हैकथॉन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अफ्रीका के साथ महात्मा गांधी जी के घनिष्ठ संबंध रहे हैं और वसुधैव कुटुम्बकम की हमारी सदियों पुरानी सभ्यतागत लोकाचार दुनिया के साथ भारत के जुड़ाव का मार्गदर्शन करती है। भारत को अवसरों और निवेश के लिए एक पसंदीदा वैश्विक गंतव्य बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि नवाचार आधारित उद्यमिता की एक नयी संस्कृति भारत में जड़ें जमा रही है। स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, भारत नेट, पीएम गतिशक्ति मिशन जैसी विभिन्न पहल इसका उदाहरण हैं। उन्होंने उद्यमशीलता और नवाचार को फलने-फूलने के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए सरकार की सराहना की। उपराष्ट्रपति ने हैकथॉन के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और युवा अन्वेषकों से कहा कि आपका सक्रिय रुख सभी के बेहतर भविष्य को सुरक्षित करेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, यूनेस्को के वरिष्ठ अधिकारी तथा 13 अफ्रीकी देशों के मंत्री, छात्र और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### शिलांग में फिर हुई हिंसा

# पुलिस वाहनों में लगायी आग, फेंके गये पेट्रोल बम

**शिलांग (एजेंसी)।** असम से लगी मेघालय की सीमा पर हिंसा को लेकर राजधानी शिलांग में एक कैंडल मार्च निकाला गया, जिसके समाप्त होने के बाद पुलिस की एक बस और एक जीप में आग लगा दी गई और पुलिस पर पथराव किया गया तथा पेट्रोल बम फेंके गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) विवेक सईम ने बताया कि प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प में चार पुलिसकर्मियों समेत सात लोग घायल हो गये। पुलिस की एक बस और जीप पर पेट्रोल बम फेंके गए, उन्हें आग लगा दी गई, जबकि एक ट्रैफिक पुलिस कक्ष को ढहा दिया गया। इसके

अलावा बारिक चौक पर पुलिस पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके गए। इससे कुछ मीटर की दूरी पर ही खासी स्टूडेंट्स यूनियन, और फेडरेशन ऑफ खासी जैंतिया एंड गारो पीपल सहित विभिन्न संगठनों द्वारा कैंडल मार्च निकाया गया और हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया गया। पुलिस ने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए उन्हें आंसू गैस के गोले दागने पड़े। पुलिस ने कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जानी बाकी है। गौरतलब है कि असम-मेघालय सीमा के साथ पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में एक विवादित स्थान पर मंगलवार तड़के हुई हिंसा में एक वन रक्षक सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। झड़प उस समय हुई जब अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों से लदे एक ट्रक को असम के वनकर्मियों द्वारा रोका गया था। घटना के बाद यात्री कारों पर सिलसिलेवार हमलों के बाद असम सरकार ने वाहनों को मेघालय ले जाने से रोक दिया है।

### चीनी जनता ने जिनपिंग की पुलिस को जमकर पीटा

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के झेंगझोउ शहर में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी आईफोन फैक्ट्री में हालात बहुत ही भयानक हो गए हैं। कोरोना के सख्त नियमों और कम वेतन दिए जाने से भड़के हजारों लोगों ने चीनी पुलिसकर्मियों को उन्हीं के हथियार से पीट दिया। दरअसल, ताइवानी कंपनी फॉक्सकॉन की इस फैक्ट्री में कोरोना का विस्फोट हुआ है और इसे रोकने के लिए चीन ने हजारों की तादाद में हजामत सूट पहने पुलिसकर्मियों को भेज दिया। शुरू में ये पुलिसकर्मी हावी पड़े लेकिन कर्मचारियों में इतना ज्यादा गुस्सा है कि उन्होंने कंपनी में लगाई लोहे की बाड़ को तोड़ दिया और उसी से पुलिसकर्मियों को जमकर पीटना शुरू कर दिया। हजारों की तादाद में कर्मचारियों को देख चीनी पुलिसकर्मी घबरा गए और दंगा रोकने के सभी उपकरणों, फेस मास्क से लैस होने के बाद भी उन्हें पीछे हटना पड़ा।

# चित्रकार की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में 49 लोगों को मृत्युदंड

**अल्जीयर्स (एजेंसी)।** अल्जीयर्स की एक अदालत ने एक चित्रकार की भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में 49 दोषियों को मौत की सजा सुनाई। बचाव पक्ष के वकील के मुताबिक, मृतक पर जंगल में भीषण आग लगाने का संदेह था जबकि वास्तव में वह आग बुझाने के प्रयासों में मदद के लिए आगे आया था। पूर्वोत्तर अल्जीरिया के कबीलाई क्षेत्र में पिछले साल हुए इस हत्याकांड ने देश को झकझोर कर रख दिया था। यह घटना ऐसे समय में हुई थी, जब पहाड़ी क्षेत्र वाले बरबर

प्रांत के जंगल में लगी भीषण आग के कारण 90 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में वे सैनिक भी शामिल थे जो आग बुझाने के अभियान में जुटे थे। चित्रकार जमील बेन इस्माइल की हत्या में 100 से अधिक संदिग्ध शामिल थे, जिनमें से अधिकतर को उनकी हत्या में भूमिका का दोषी पाया गया। बचाव पक्ष के वकील हकीम साहेब ने बताया कि अदालत ने 38 अन्य दोषियों को 2-12 साल की सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि दोषियों के मौत की सजा के बजाय आजीवन कारावास की सजा काटने की संभावना है क्योंकि अल्जीरिया में दशकों से मृत्युदंड पर रोक है।

# विवाहिता से शादी का वादा रेप केस का आधार नहीं

## केरल हाई कोर्ट ने कहा- सहमति से बनाये गये संबंध सेक्सुअल हैरेसमेंट नहीं

**तिरुवनन्तपुरम (एजेंसी)।** केरल हाईकोर्ट का कहना है कि पहले से शादीशुदा महिला से शादी करने का वादा रेप केस का आधार नहीं बन सकता है। जस्टिस कौसर एडप्पागथ की पीठ ने 22 नवम्बर को कोल्लम के पुनालूर निवासी टीनो थंकाचन (25) के खिलाफ धारा 376 (रेप), 417 (धोखाधड़ी) और 493 के तहत दर्ज बलात्कार के मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार, याचिकाकर्ता-आरोपी ने पीड़िता से शादी का झूठा वादा करके कई मौकों पर उसका यौन शोषण किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि दर्ज किए गए बयानों से पता चलता है कि पीड़िता ने मर्जी से अपने



प्रेमी के साथ संबंध बनाए थे। कोर्ट ने कहा कि अभियुक्त द्वारा एक विवाहित महिला से कथित तौर पर किया गया वादा कि वह उससे शादी कर सकता है, एक ऐसा वादा है जो कानून में लागू करने योग्य नहीं है। यहां शादी के वादे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि महिला अच्छी तरह से जानती थी कि युवक के साथ उसकी शादी कानूनी तौर पर संभव नहीं होगी, क्योंकि वह पहले से विवाहित है। अदालत ने आगे कहा कि यह तय है कि यदि कोई पुरुष किसी महिला से शादी करने के अपने वादे से मुकरता है, तो सहमति से किया गया यौन संबंध आईपीसी की धारा 376 के तहत अपराध नहीं माना जाएगा, जब तक कि यह साबित नहीं हो जाता है कि संबंध बनाने के लिए सहमति उसने शादी का झूठा वादा करके प्राप्त की गई थी, जिसका पालन करने का उसका कोई इरादा नहीं था और किया गया वादा उसकी जानकारी के लिए झूठा था। इसके अलावा धारा 417 और 493 के अपराध को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है।

### महिला पति से रह रही अलग

**विवाहित** होने के बावजूद महिला अपने पति से अलग रह रही है और तलाक की कार्यवाही भी चल रही है। आरोपी के खिलाफ मामला खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि सहमति से बनाए गए संबंध सेक्सुअल हैरेसमेंट नहीं है, इसलिए मामले को आगे बढ़ाने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

**क्या है मामला :** आरोपी और पीड़िता ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया के जरिए मिले और उनका रिश्ता लव अफेयर में बदल गया और उन्होंने शादी करने का भी फैसला किया। हालांकि, शादी नहीं हो पाई। महिला के अनुसार, उसने आरोपी के शादी के वादे पर भरोसा करके सेक्स के लिए सहमति दी थी।